


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 दो गज जमीन तक नहीं दी, कांग्रेस पर बरसे पीवी नरसिहा राव के भाई....

रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट में लौटना अब नामुमकिन!...... 11



वर्ष : 12 | अंक : 257 | पटना, मंगलवार, 31 दिसम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 18.0°C

न्यूनतम तापमान 15.0°C

**बाजार**

सोना 75,920

चांदी 91,900

सेंसेक्स 83,584

निफ्टी 25,698

# बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का जोरदार स्वागत

## पटना हवाई अड्डे पर राज्यपाल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

पटना। बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल मो. आरिफ मोहम्मद खान सोमवार को पटना पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी के लिए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय चौधरी समेत कई मंत्री मौजूद रहे। पटना हवाई अड्डे पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। नवनियुक्त राज्यपाल मो. आरिफ मोहम्मद खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह बिहार के इतिहास को जानते हैं और उसका उनके जीवन पर गहरा असर है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नए राज्यपाल का सभी नेताओं और उपस्थित गणमान्य लोगों से परिचय कराया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा, मैं बिहार के गौरवशाली इतिहास को जानता हूं। बिहार



का गौरवशाली इतिहास है। भारतीय संस्कृति और इतिहास में बिहार का क्या योगदान है, जानता हूं। उसके नाते इस दायित्व का असर मेरे ऊपर है। मैं यहां के ऐतिहासिक और

### गौरवशाली रहा है बिहार का इतिहास : आरिफ

गौरवशाली परंपरा के अनुरूप दायित्व निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार के मनोनीत नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के राजभवन पहुँचने पर उनका स्वागत किया। इससे पहले मो. आरिफ मोहम्मद खान केरल के राज्यपाल थे। 24 दिसंबर को केंद्र सरकार ने बिहार सहित कई राज्यों के राज्यपालों को बदल दिया था। केरल के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभाल रहे आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का नया राज्यपाल बनाया गया था, वहीं बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर को केरल का गवर्नर नियुक्त किया गया था। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के बरवाला गांव में पैदा हुए आरिफ मोहम्मद खान ने छात्र जीवन से ही सियासत में कदम रख दिया था। बुलंदशहर से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में पढ़ने गए तो सियासी पारी का आगाज किया। एएमयू में पहले महासचिव बने और फिर अध्यक्ष के रूप में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय छात्र संघ का नेतृत्व किया।

### सूबे में उच्च शिक्षा को नयी ऊंचाई मिलेगी : सम्राट

पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का हवाई अड्डे पर स्वागत किया और कहा कि उनके कुलाधिपति सह राज्यपाल का पद सम्भालने से राज्य में उच्च शिक्षा का स्तर सुधारने का अभियान तेज होगा। श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति, संविधान, संसदीय परम्परा और इस्लाम के गहन अध्येता आरिफ मोहम्मद खान अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में अरबी फारसी विश्वविद्यालय, उर्दू अकादमी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का किशनगंज कैम्पस और इस्लामिक रिसर्च सेंटर जैसे जो भी अध्ययन केंद्र विकसित किए हैं, उन्हें महामहिम आरिफ मोहम्मद खान के मार्गदर्शन में नयी ऊंचाई मिलेगी।

**संक्षिप्त खबरें**

### आईसीएआर में वैज्ञानिकों की नियुक्ति में अनियमितता के आरोप निराधार

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ) में कृषि वैज्ञानिकों की नियुक्तियों में अनियमितता के आरोप निराधार है और संस्थान में सभी पद निर्धारित मानकों और अर्हताओं के अनुसार भरे जाते हैं। मंत्रालय ने सोमवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि हाल ही में की गई सभी भर्तियां सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित योग्यता के अनुसार की गई हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक और आईसीएआर के किसी भी वैज्ञानिक पद के लिए मानकों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि आईसीएआर में कृषि वैज्ञानिकों की नियुक्तियों में अनियमितता का आरोप में कोई सच्चाई नहीं है ये नियुक्तियां निर्धारित योग्यताओं और अर्हताओं के अनुरुप है। आईसीएआर ऐसे निराधार आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताता है जो न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत हैं बल्कि अत्यधिक भ्रामक भी हैं।

# भूमि सर्वेक्षण की बढ़ाई गई समय सीमा

## जमीन सर्वेक्षण का काम अब जुलाई 2026 तक होगा पूरा

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव ने दी जानकारी**

प्रात : किरण

पटना। बिहार में भूमि सर्वेक्षण की प्रक्रिया की मियाद एक साल बढ़ा दी गई है। अब यह प्रक्रिया जुलाई 2026 तक पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले यह समय सीमा जुलाई 2025 तय की गई थी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सोमवार को इसकी घोषणा की। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने पटना स्थित सूचना भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी दी कि जमीन सर्वेक्षण का काम जुलाई 2026 तक पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि नागरिक ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से सर्वे के लिए दस्तावेज जमा कर सकते हैं और इसके लिए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।

### रैयतों को मिलगी राहत

भूमि सर्वेक्षण की मियाद बढ़ने से रैयतों को काफी राहत मिली है। अब उन्हें अपनी जमीन के कागजात तैयार करने और जमा करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। राज्य सरकार का यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि विवादों को कम करने और सर्वे प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रथम चरण में 5000 गांव में सर्वे शुरू किया गया था, जिसमें 950 गांवों की अधिसूचना 10 दिन में जारी की जाएगी। शेष गांवों में विभिन्न चरणों में हैं। द्वितीय चरण में 39000 गांव में सर्वे शुरू किया गया था, उन पर भी तेजी से काम किया जा रहा है।

### 14 हजार कर्मियों की बड़ी टीम

अपर मुख्य सचिव ने बताया पहले विभाग के पास इतने कर्मी नहीं थे कि सर्वे के काम को तेजी से किया जा सके। लेकिन अब विभाग के पास 14 हजार से ज्यादा कर्मियों की पूरी टीम है। पर्याप्त संख्या में अमीन की नियुक्ति की गई है। पहले जहां जमीन की नपाई के लिए अमीन पर दबाव रहता था। वहीं अब एक अमीन पर सिर्फ चार गांव की जिम्मेदारी होगी।

### आधार से किया जाएगा लिंक :

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि अगले चरण में सभी जमाबंदी के



मामले को जमीन मालिकों के आधार से लिंक किया जाएगा। इससे उन्हें बहुत लाभ होंगे, जैसे कृषि योजनाओं और बैंक लोन लेने में मदद मिलेगी। इसके अलावा सभी प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया गया है। म्यूटेशन और परिमार्जन को लेकर विभाग ने समीक्षा की है, जिससे ऐसे मामलों में काफी सुधार हुआ है। लेकिन अभी भी इस पर काम किया जा रहा है। लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से छुटकारा मिले, इसलिए पोर्टल से सारी सुविधाएं विभाग द्वारा दिया जा रहा है

### आठ हजार से ज्यादा अमीन काम में लगाये गये

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि जो रैयत और जमीन के कम से कम पेपर भी हैं तो जमीन बिहार सरकार की नहीं हो सकती है। इसके लिए कई प्रावधान किए गए हैं। 45000 हजार गांव में सर्वे का काम 1 साल में पूरा करने का लक्ष्य है। एक नहीं तो दो साल में इसे पूरा कर लिया जाएगा. 80035 अमीन सिर्फ सर्वे के लिए रखे गए हैं। जमीन सर्वे के पहले चरण के अंतर्गत 20 जिलों में अंतिम चरण में है। दूसरे चरण में बाकी के 18 जिला में सर्वेक्षण का काम शुरू हो गया है।

### भ्रष्टाचार के आरोप में 400 से अधिक कर्मियों पर हुई कार्रवाई :

विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने विभाग की उपलब्धियां को गिनाते हुए बताया कि 1400 राजस्व पदाधिकारी में 458 से अधिक पदाधिकारी पर कार्रवाई हुई है। कही भी जांच के लिए ऑनलाइन इंतजाम है 4 पदाधिकारियों की टीम मुख्यालय में शिकायत देखने के लिए बैठाए गए हैं। भूमि सर्वे के लिए किसी को आने के आने की जरूरत नहीं है, जो जहां हैं वही से ऑन लाइन कर सकते हैं।

### संशोधन और समय सीमा में बदलाव

इन समस्याओं को देखते हुए राज्य सरकार ने सर्वेक्षण के नियमों में संशोधन किया और दस्तावेज जमा करने की समय सीमा को आगे बढ़ाया। इसके अलावा, भूमि सर्वेक्षण की प्रक्रिया धीमी होने के कारण रैयतों को राहत देने के उद्देश्य से मियाद बढ़ाई गई है।

# बीपीएससी अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल से मुख्य सचिव ने की मुलाकात



**अभ्यर्थियों ने कहा - मुख्य सचिव के साथ हुई सकारात्मक बातचीत**

प्रात : किरण

पटना। बिहार की राजधानी पटना में बीते 13 दिनों से बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द करने के लिए आंदोलनरत अभ्यर्थियों के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से सोमवार को मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने मुलाकात की। मुख्य सचिव मीणा से मुलाकात के बाद बाहर निकले अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने मीडिया से कहा कि बातचीत सकारात्मक रही है। अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मुख्य सचिव ने उनकी शिकायतों को ध्यान से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनकी मांगों पर सक्रियता से विचार कर रही है और जल्द ही कोई निर्णय ले लेगी। प्रतिनिधिमंडल में शामिल अभ्यर्थियों ने कहा कि मुख्य सचिव के साथ बहुत सकारात्मक बातचीत हुई। उन्होंने हमारी चिंताओं को गंभीरता से लिया और हमें आश्वासन दिया कि जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के साथ बातचीत हो चुकी है और अब निर्णय सरकार को लेना है। अभ्यर्थियों ने कहा कि उनका अगला कदम सरकार के निर्णय पर निर्भर करेगा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल एक अभ्यर्थी ने कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगों पर ध्यान नहीं देती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिलहाल पटना से बाहर हैं, इसलिए उनके लौटने के बाद ही कोई निर्णय लिए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया है। जब तक सरकार कार्रवाई नहीं करती, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि यह विवाद 13 दिसम्बर को तब शुरू हुआ जब बापू सभागार के परीक्षा केंद्र के अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्रों में देरी के कारण बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा का बहिष्कार किया। परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन के इस्तेमाल और परीक्षा केंद्र के अंदर सुरक्षा की कमी के वीडियो ने विरोध को और हवा दी। इसके बाद बीपीएससी ने बापू सभागार केंद्र की परीक्षा रद्द करने और इसे दुबारा चार जनवरी 2025 को कराने का आदेश पारित किया लेकिन छात्रों ने कथित अनियमितताओं के कारण सभी केंद्रों पर परीक्षा रद्द करने की मांग की।

# बाढ़ से सुरक्षा और सिंचाई की योजनाओं में लेटलतीफी बर्दास्त नहीं : विजय





## जल संसाधन मंत्री ने की बाढ़ से सुरक्षा और सिंचाई की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा, दिये कई निर्देश

प्रात : किरण

पटना। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने को सिंचाई भवन में आयोजित बैठक में बिहार में बाढ़ से सुरक्षा तथा सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा कार्यान्वित 05 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली सभी योजनाओं की भौतिक प्रगति के साथ-साथ उनके लिए आवंटन और व्यय की स्थिति की प्रक्षेत्रवार विस्तृत समीक्षा की और उन्हें ससमय पूरा कराने के लिए कई जरूरी निर्देश दिये। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि बाढ़ से सुरक्षा, सिंचाई सुविधा के विस्तार तथा नहरों के अंतिम छोर तक सिंचाई का पानी पहुंचाने क लिए विभाग के अधिकारी तत्परता से कार्य करें। विभागीय योजनाओं में किसी भी तरह की लेटलतीफी बर्दास्त नहीं की जाएगी। किसी भी योजना के संवेदक को वर्क ऑर्डर जारी करने से पहले योजना से संबंधित सभी तरह के ड्राइंग और डिजाइन फाइनल कर लें, ताकि वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद कार्य शुरू करने में किसी तरह का विलंब न हो। मंत्री श्री चौधरी ने निर्देश दिया कि विभाग के संबंधित अधिकारी सभी योजनाओं की तिमाही कार्ययोजना मुख्यालय भिजवाएं और उसके अनुरूप कार्य की भौतिक प्रगति सुनिश्चित कराएं। साथ ही योजनाओं के लिए बजट आवंटन के समानुपातिक व्यय की भी नियमित समीक्षा करें। जिन योजनाओं के ससमय कार्यान्वयन में कहीं किसी तरह की बाधा आ रही है, तो उसे चिह्नित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर दूर कराएं। योजनाओं की प्रगति कार्ययोजना के अनुरूप संतोषजनक नहीं होने पर संवेदक के साथ-साथ निगरानी के लिए जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ भी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप सो काउज जारी करें। श्री चौधरी ने कहा कि जिन योजनाओं के संवेदक निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप कार्यों को ससमय पूरा कराने के लिए पर्याप्त संख्या में कार्यबल, मशीनों और मेटेरियल का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, उनके खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करें। यदि किसी योजना में विभाग के अधिकारी की हिदायत के बाद भी संवेदक द्वारा कार्य में तेजी नहीं लाई जाती है, तो ऐसे संवेदक को डिबार करने के लिए विभाग की मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप ससमय कार्रवाई सुनिश्चित करें। जल संसाधन मंत्री ने पिछली समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की भी समीक्षा की। साथ ही कहा कि समीक्षा बैठक में दिये जा रहे निर्देशों का अनुपालन क्षेत्रीय स्तर पर हो रहा है या नहीं, वरीय अधिकारी द्वारा इसका गहन अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाये। बैठक में प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, अपर सचिव नवीन, बाढ़ नियंत्रण के अभियंता प्रमुख मनोज रमण, सिंचाई सृजन के अभियंता प्रमुख नंद कुमार झा, योजना एवं मॉनीटरिंग के मुख्य अभियंता संजय कुमार ओझा सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद थे और सभी प्रक्षेत्र के मुख्य अभियंता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

### मोदी ने जिमी कार्टर के निधन पर जताया शोक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर शोक व्यक्त किया। कार्टर का रविवार को निधन हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स को लिखा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन से बहुत दुखी हूं। वह एक महान दूरदर्शी राजनेता थे, उन्होंने वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए अथक काम किया। पीएम मोदी ने लिखा, भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत बनाने में उनका योगदान एक स्थायी विरासत छोड़ गया है। उनके परिवार, दोस्तों और अमेरिका के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। कार्टर का रविवार को 100 वर्ष की आयु में प्लेन्स, जॉर्जिया स्थित अपने घर में निधन हो गया। वह अमेरिकी इतिहास में सबसे ज्यादा समय तक जीवित रहने वाले पूर्व राष्ट्रपति थे। अक्टूबर में ही उन्होंने अपना 100वां जन्मदिन मनाया था। 1977 से 1981 अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति रहे जिम्मी कार्टर के नाम इजरायल और मिस्र के बीच कैंप डेविड समझौते जैसी उप्लब्धियां हैं लेकिन घरेलू स्तर पर मंदी अर्थव्यवस्था, ईरान में बंधक संकट और अफगानिस्तान पर सोवियत संघ का हमला, ऐसे मुद्दे थे जिनकी वजह से उन्हें संघर्ष करना पड़ा।

# आचार्य किशोर कुणाल का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

## हाजीपुर के कोनहारा घाट पर हुआ अंतिम संस्कार



पटना। आचार्य किशोर कुणाल पंचतत्व में विलीन हो गए। कोनहारा घाट पर उनके बेटे सायन कुणाल ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। इस दौरान सभी की आंखें नम थीं। इससे पहले पटना के सदाकत आश्रम कुर्जी के पास गौशाला रोड स्थित आवास पर से उनकी शव यात्रा निकली। शव यात्रा यह कुर्जी, राजीव नगर, अटल पथ होते हुए महावीर मंदिर पहुंची। आचार्य का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए महावीर मंदिर के पास करीब सवा घंटे तक रखा गया। इस दौरान लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। सभी की आंखें नम थीं। आचार्य के बेटे और बहू फूट-फूट कर रोते दिखे। आचार्य की शव यात्रा गांधी सैदान से मरीन ड्राइव होते हुए गाय घाट तक शव यात्रा पहुंची। इसके बाद गांधी सेतु होते हुए कोनहारा घाट पर शव यात्रा पहुंची। बेटे सायन कुणाल और समधी अशोक चौधरी ने उन्हें कंधा दिया। वहीं उनकी बहू और सांसद शांभवी भी अंदिम विदाई देने कोनहारा घाट पर पहुंची। घाट पर लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इधर, सोमवार अहले सुबह से ही पटना के गोसाईं टोला स्थित सायण निलयम में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी की आंखें नम थी। किशोर कुणाल के चाहने वालों ने कहा कि हमलोगों को विश्वास ही नहीं होना कि आचार्य अब हमारे बीच नहीं रहे। रविवार की तरह आज भी राजनीतिक पार्टी के नेता और प्रशासनिक अधिकारी सायण निलयम में श्रद्धांजलि दे रहे। बता दें कि महावीर मन्दिर के पुनर्निर्माण से लेकर महावीरआरोग्य संस्थान, महावीर कैंसर संस्थान, महावीर वात्सल्य अस्पताल, महावीर नेत्रालय, महावीर वरिष्ठ नागरिक अस्पताल, हाजीपुर के कौनहारा पर विशालनाथ अस्पताल का स्थापना भी आचार्य किशोर कुणाल द्वारा किया गया था। पूर्वी चंपारण में विश्व के सबसे बड़े विराट् रामायण मन्दिर के निर्माण का बीड़ा भी उन्होंने उठाया था। बिहार सरकार के कई मंत्री एवं केंद्र सरकार के कई मंत्री आचार्य किशोर कुणाल के दाह संस्कार में हाजीपुर के कौनहारा घाट में शामिल होंगे।

### एनआईटी त्रिची ग्लोबल एलुमनाई मीट का आयोजन 4 जनवरी को

नई दिल्ली। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तिरुचिरापल्ली के निदेशक डॉ. जी. अघिला ने सोमवार को बताया कि ग्लोबल एलुमनी मीट -2025 का आयोजन 4 जनवरी को चेन्नई में किया जाएगा। डॉ. अघिला ने एक बयान में बताया कि जीएएम-2025 में टाटा समूह के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन मुख्य अतिथि और तमिलनाडु के सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल सेवा मंत्री डॉ. पलानीवेल त्यागराजन सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। गूगल में एआई के लिए मुख्य व्यवसाय रणनीतिकार गोपी कल्लयिल कार्यक्रम में मुख्य भाषण देंगे। चंद्रयान 3 के परियोजना निदेशक डॉ. पी वीरमुथुवेल, टाटा स्टील्स के प्रबंध निदेशक, सीईओ टीवी नरेंद्रन सम्मानित अतिथि होंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के आधिकारिक पूर्व छात्रसंघ आरईसीएएल द्वारा किया जा रहा है।

# युवाओं पर पानी की बौछार व लाठी चार्ज अमानवीय : कांग्रेस

## भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बन गया है

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकाारियों पर बल प्रयोग की सोमवार को निंदा की और आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी का डबल इंजन युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बन गया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने यह अत्याचार पेपर लीक और धांधली को छिपाने के लिए किया है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, बीपीएससी अभ्यर्थियों पर बिहार की राजग सरकार द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज व अमानवीय अत्याचार पेपर लीक और धांधली को छिपाने के लिए किया गया है। युवाओं पर तानाशाही का डंडा चलाकर उनके मनोबल को तोड़ने का प्रयास बेहद शर्मनाक व निंदनीय है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, बिहार में तीन दिन के अंदर दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली, पेपर लीक रोकना सरकार का काम है। लेकिन भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में युवाओं पर पानी की बौछार और लाठी चार्ज करना अमानवीय है। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बन गया है।

# रेल मंत्री ने राज्य के विकास के लिए हर संभव मदद का दिया आश्वासन : विजय

**मुलाकात**

## उपमुख्यमंत्री ने की केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात

**कहा-रेल मंत्री ने व्यस्त समपारों पर आरओबी बनाने का दिया आश्वासन**

पटना। उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उपमुख्यमंत्री ने राज्य के पथ निर्माण विभाग के स्वामित्व वाले पथों पर अवस्थित समपारों के बदले आरओबी बनवाने के आग्रह से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। इस बाबत श्री सिन्हा ने कहा कि वर्तमान में पथ निर्माण विभाग के स्वामित्व वाले पथों पर राज्य भर के समपारों पर आए दिन जाम और दुर्घटना जनक स्थिति बनी रहती है। इन समस्याओं को देखते हुए रेल मंत्री महत्वपूर्ण



संपर्क पथों से जुड़े समपारों पर अधिक से अधिक आरओबी के निर्माण का आग्रह किया है। रेल मंत्री ने अधिक से अधिक आरओबी के निर्माण कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बातचीत के दौरान साझा किया कि प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी गतिशक्ति परियोजना में विकास विशेष वरीयता वाला राज्य है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि इन आरओबी के निर्माण से सुगम संपर्कता तो सुनिश्चित होगी ही साथ ही ईंधन की बबार्दी भी रुकेगी और पर्यावरण पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। इसके अतिरिक्त मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग होने के कारण समपारों पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लिहाजा इन आरओबी के निर्माण से एक बड़ा लाभ दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के रूप में भी होगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का एक बड़ा लक्ष्य दुर्घटना रहित सुरक्षित संपर्कता भी है। अतः इन आरओबी के निर्माण से हम उस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में भी आगे बढ़ेंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार के प्रयासों से आज हमारा बिहार विकास के सोपान में तेजी से औद्योगिक प्रगति की दिशा में बढ़ने को तैयार है। इसके लिए सुलभ और सुरक्षित संपर्कता का होना बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। अतः हमने आने वाले साल में हर जिले में आवधिक निरीक्षण पर बल देते हुए सुगम यातायात सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया है। विभागीय मंत्री के रूप में अगले महीने से मैं राज्य के हर पथ प्रमंडल और जिले का दौरा कर पथ संरचनाओं और प्रगतिशील कार्यों का भौतिक निरीक्षण करने जा रहा हूँ। हर हाल में राज्य में सुलभ, सुगम और सुरक्षित संपर्कता सुनिश्चित करना हमारी डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता है। इस भव्य आयोजन ने न केवल बिहार की युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का अवसर दिया, बल्कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का भी प्रयास किया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

दानापुर खगौल रेल थाना के अंतर्गत प्लेटफार्म नंबर पांच के फुट ओवर ब्रिज के नीचे प्लेटफॉर्म चेकिंग के दौरान गाड़ी नंबर 12295 एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर 5 पर ट्रेन रुकी तो देखा गया कि एक युवक ब्लू रंग का ट्रॉली बैग लेकर गाड़ी से नहीं उतर रहा था और गेट पर खड़ा होकर इधर-उधर देख रहा था तभी प्लेटफॉर्म ड्यूटी करते पुलिस बल उस युवक को अपना ट्रॉली बैग चेक करने को कहा गया युवक से बैग चेक कराने को कहा गया वह तेजी से प्लेटफार्म के पूर्व दिशा में भागने लगा पुलिस बल के सहयोग से युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया वह अपना नाम दीपक कुमार 19 वर्ष पिता लालमोहन राय साङ्क मल्लिकपुर वार्ड नंबर 1 थाना रुस्तमपुर ओङ्क पीङ्क जिला वैशाली को गिरफ्तार किया गया ट्रॉली बौग से 8 पीस रॉयल स्टैग व्हिस्की किंगफिशर बियर 6 बोतल बरामद किया गया जीआरपी थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बतलाया कि पूछ ताछ करने के बाद न्याय हिरासत मे भेज दीजिए गया है

### आचार्य किशोर कुणाल को दिया भावभीनी श्रद्धांजलि

पटना। महावीर मंदिर के सचिव पूर्व आईपीएस पूर्व अध्यक्ष बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद पटना आचार्य किशोर कुमार जी का हृदय की गति रोग जाने से निधन हो गया है। इस पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए आचार्य महंत श्री ब्रजेश मुनि महाराज जी ने कहा कि कबीरा जब हम पैदा हुए जग हंसा हम रोय। ऐसी करनी कर चलो हम हंसे जग रोय।। उन्होंने सदगुरु कबीर साहेब के इस वाक्य को अपने जीवन में चरितार्थ करते हुए मानव मात्र समाज के लिए धार्मिक सामाजिक स्वास्थ्य शिक्षा क्षेत्र में उनका अमूल्य योगदान रहा है। उनके जाने से धार्मिक क्षेत्र में भी हानि पहुंची है। स्वेच्छा निवृत्ति के बाद आचार्य श्री किशोर कुणाल जी का जीवन ज्यादातर संत महात्माओं के बीच में गुजरा था उनका लक्ष्य दुनिया का ऊंचा विराट रामायण मंदिर बनाने का था। कबीर पंथ से भी उनका जुड़ाव था। कबीर आश्रम मीठापुर पटना की ओर से हम सभी उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

### आरपीएफ ने शराब किया बरामद

मोकामा आरपीएफ की टीम ने रैली हॉल के पास से शराब की बड़ी खेप को बरामद किया है। आरपीएफ के उपनिरीक्ष जयंत कुमार मिश्रा, प्रधान आरक्षित मिस्टर नटवरलाल व आरक्षित मुरली मनोहर के द्वारा पोल संखिया 475 के बीच एक ट्रॉली बैग जैसा लावारिस हालत में देखा गया। उसकी तलाशी ली गई तो उसमें 320 पीस रॉयल क्लासिक व्हिस्की पैक मिला। पूरे मामले पर आरपीएफ इंस्पेक्टर हरिकेश कुमार मीणा ने बताया कि शराब को जप्त कर उचित कार्रवाई की जा रही है। जबकि शराब को राजस्थान से लाया गया है शराब की कुल कीमत लगभग 23 000 आकी जा रही है। वही रेल पुलिस के द्वारा शराब की खेप को मोकामा रेल पुलिस को सौंप दिया गया है।

### शोक सभा का किया आयोजन

मोकामा। बिहार के चर्चित आईपीस अधिकारी सह बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर मोकामा में शोक सभा का आयोजन किया गया।तपस्वी मन्दिर सभागार में आयोजित शोक सभा में मोकामा बीडीओ कुमारी पूजा समेत शहर के प्रबुधजनों ने शिरकत की।सर्व प्रथम दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रधाजलि दी गयी।तत्पश्चात दिवंगत प्रशासक की तस्वीर पर श्रधा सुमन अर्पित की गयी।इस मौके पर लोगों ने उनकी इमानदारी और कर्तव्य निष्ठा की चर्चा की।उल्लेखनीय है कि मोकामा के तपस्वी मन्दिर को बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के साथ आचार्य किशोर कुणाल ने ही जोडा था।साथ ही तपस्वी बाबा न्यास के सचिव अवकाश प्राप्त शिक्षक श्रीकांत सिंह और सदस्य मनोज अधिक्त्का,भीमसेन सिंह,डॉक्टर राजेश कुमार,देवेंद्र सिंह,चंदन सिंह और शहर प्रबुधजनों ने किशोर कुणाल को याद किया।

### नगर निगम खराब पड़े स्ट्रीट लाइट को करा रहा ठीक

पटना सिटी (प्राकि)। दशमेश पिता के प्रकाश पर्व को लेकर नगर निगम के द्वारा पटना साहिब और उसके आसपास के एरिया में सफाई, अतिक्रमण हटाने, खुले मेनहोल को ढंकने और स्ट्रीट लाइट को ठीक करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहीद भगत सिंह चौक के पास का खराब पड़ा हाई मास्क लाइट को भी ठीक किया गया। अब यह जलने लगा है और रोशनी भी बिखेर रहा है।

# राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय का एनएसएस 80 वें दौर के लिए दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर पटना में हुआ शुरू

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेसंप्र), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के द्वारा एन.एस.एस. 80वें दौर के लिए दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार को पटना में शुरू हुआ। इस क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख, रोशन लाल साहू ने इस दौर के सर्वेक्षण के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस सर्वेक्षण का मुख्य विषय हैङ्घघरेलू सामाजिक उपभोग पर सर्वेक्षण : स्वास्थ्यङ्ख एवं ङ्घव्यापक मॉडयूलर सर्वेक्षण ङ्ग टेलीकामङ्ख। इस सर्वेक्षण की अवधि जनवरी, 2025 से दिसम्बर, 2025 तक होगी। उन्होंने कहा कि इस सर्वेक्षण के आंकड़े देश के लिए अति महत्वपूर्ण है एवं सरकार के नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर प्रकाशित आंकड़े का आज के दौर के नीति निर्माण में बहुत सहायक है तथा इस सर्वेक्षण में मुख्य रूप से, रुग्णता, अस्पताल में भर्ती होने की दर, सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों का उपयोग, संस्थागत प्रसव का अनुपात आदि के संकेतक इस सर्वेक्षण डेटा से प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा, जिसमें ङ्घआउट ऑफ पॉकेट व्ययङ्ख के साथ-साथ सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रमों तक पहुँच पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके अलावे ङ्घव्यापक मॉडयूलर सर्वेक्षण ङ्ग टेलीकाम के अन्तर्गत कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला।

शिविर में उप निदेशक,परिमल ने एन.एस.एस. के 80वें दौर के आंकड़े के महत्त्व पर प्रकाश डाला और लोगों को गुणवत्तापूर्ण आंकड़ो के संग्रह के लिए प्रेरित किया तथा आंकड़ों की उपयोगिता एवं इसके तकनीकी पहलुओ से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया। अभिषेक गौरव, सहायक निदेशक ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण मनोज कुमार गुप्ता, व.सां.अधि. द्वारा किया गया।

इस प्रशिक्षण शिविर के तकनीकी पहलुओं से देवेन्द्र कुमार, धीरेन्द्र नाथ प्रसाद एवं जीतेन्द्र कुमार, व.सां. अधि. ने लोगों को प्रशिक्षित किया। मौके पर उप क्षेत्रीय कार्यालय, भागलपुर के प्रभारी, राजीव कुमार झा एवं उप क्षेत्रीय कार्यालय, गया के प्रभारी, टेक नारायण प्रसाद उपस्थित थे। साथ ही अमिताभ कुमार पाठक, प्रियंका कुमारी, मंजूषा कुमारी के अलावा अन्य व.सां.अधि. और गुरुराज सिंह, विनीता कुमारी एवं अन्य सभी क.सां.अधि. ने भी भाग लिया। साथ ही अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय की ओर से सरिता कुमारी, उप निदेशक एवं अन्य प्रशिक्षु अधिकारी उपस्थित थे। उमेश प्रसाद, सोमेन्द्र कुमार एवं आलोक कुमार पाण्डेय,अमित कुमार, सभापति बैठा और रवि कुमार भी प्रशिक्षण शिविर में सहयोग किये।

# अपनी सफलता पर घमंड न कर आगे बढ़ते रहें : नंदकिशोर यादव




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, मुख्य अतिथि शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अद्वैत कृष्णा व प्रभाकर मिश्रा थे। निदेशक विवेक माथुर व विक्रांत माथुर ने अतिथियों का स्वागत शॉल व स्मृति चिन्ह देकर किया। प्राचार्या श्रीमती निधि ऐंडले ने विद्यालय में आयोजित खेलकुद प्रतियोगिता के बारे में विवरण दिया। छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दौड़, सैक रेस, सूई धागा रेस, कैरम, चेस, कराटे व अन्य खेलों में किया। प्रतियोगिता नर्सरी से आठवीं तक के छात्रों के लिए आयोजित थी। अतिथियों ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र दिया। उन्होंने कहा कि अपनी सफलता पर घमंड न करें व कभी हार न माने। सतत प्रयास कर आगे बढ़ते रहें। खेलकूद से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। विजयी छात्रों में सुमित, आयुष, प्रियल, श्रेया, स्वधा, रोहित, अनुष्का, परी, अभिनव, वाफिया, अनन्या, शिवम, अक्षत, मेहरीन, विराज, निहारिका, युवराज, गोविंद, वंदनी, तन्वी, उमंग, राजवीर, त्रिपती, वजिहुल, आरव, जानवी, सौमया, दिपक, यश, हिमांशु, अंतरा व अन्य छात्र विजयी रहे। संचालन ऋचा माथुर और धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के निदेशक विक्रांत माथुर ने दिया। कार्यक्रम में कराटे मैच की अंपायरिंग अतुल संपाई व उनकी टीम ने किया। कार्यक्रम में मेहदी रजा, नीलम, जूही, मंजुला, पल्लवी, शारदा, श्रीष्टी, श्रीचंद व अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# एनएमसीएच के अधीक्षक तीन चालक से ले रहे आभा व अन्य काम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



- अन्य अस्पतालों व स्वास्थ्य विभाग में ही है वाहन चालकों का टोटा

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक ने सरकारी वाहन के बदले खुद का या निजी तौर पर हायर किया वाहन से कार्यालय आना-जाना कर रहे हैं। ऐसे में तीन वाहन चालकों की सेवा स्वास्थ्य विभाग को वापस लौटा दिया जाना चाहिए था, मगर उनके द्वारा ऐसा नहीं किया गया। वह तीन वाहन चालक रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर गायनी में काम करते देखे जा रहे हैं। दरअसल एनएमसीएच के अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह सरकारी वाहन बीआर 01पीई 1454 का इस्तेमाल करते थे। मगर उक्त सरकारी वाहन का इंश्योरेंस और पॉल्यूशन फेल था। इस संबंध में अखबार में खबर छपने के बाद अधीक्षक ने सरकारी फोर व्हीलर का इस्तेमाल करना बंद कर दिया। इसके बदले वे बीआर 01पीबी 4695 का इस्तेमाल कर कार्यालय आने व लौटने का काम कर रहे हैं। संभवतः इसे भाड़ा पर लिया गया है या फिर उनकी अपनी निजी गाड़ी है। मगर उक्त वाहन को सरकारी चालक रविंद्र कुमार, राकेश कुमार और मुकेश कुमार नहीं चलाते हैं। ऐसे में अधिक संभावना बनती है कि दूसरी गाड़ी को किराए पर लिया गया होगा, जो चालक के साथ है। जब अधीक्षक ने सरकारी वाहन का इस्तेमाल करना छोड़ दिया, तब उन्होंने तीनों चालकों को वापस स्वास्थ्य विभाग भेजने की बात कही। जब तीनों ने ऐसा नहीं किए जाने का आग्रह किया, तब उन तीनों को पीपी मोड में चलने वाले रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लगा दिया गया। यहां तीनों चालक आभा कार्ड बनाने का काम सीखना शुरू किया। इस सिस्टम को अपने मोबाइल में अपलोड किया और घूम-घूम कर मरीजों का आभा कार्ड बनाने का काम शुरू कर दिया। कभी-कभी तो यह काउंटर पर भी बैठ जाया करते थे। इसके बाद इन चालकों को एमसीएच के गायनी में भी काम करते देखा गया है। सवाल यह है कि जिस चालक पद पर तीनों रविंद्र कुमार, राकेश कुमार और मुकेश कुमार पदस्थापित हैं, उससे इतने ऊंचे वेतन पर काम कैसे लिया जा सकता है। यही नहीं, उसकी सेवा को वापस नहीं लौटाने के पीछे क्या कारण हो सकता है, यह तो अधीक्षक ही बता सकेंगे। मगर एक तरफ जहां विभिन्न अस्पतालों से लेकर विभाग में वाहन चालकों की कमी है, वही तीन-तीन चालकों को बैठा कर केवल ड्यूटी की खानापूर्ति कर वेतन देने का काम किया जा रहा है।

## अधीक्षक के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आज

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच के अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह मंगलवार को सेवानिवृत हो जाएंगे। इसे लेकर शिशु रोग विभाग एवं अस्पताल परिवार के द्वारा विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने बताया कि डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह करीब 34 वर्षों की सेवा एक चिकित्सक के रूप में विभिन्न पदों पर रहते हुए दी है। उनके सेवानिवृत्ति पर मंगलवार को मध्यान 12 बजे अस्पताल परिसर के ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें भाग लेने के लिए विभिन्न विभागाध्यक्षों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ व कर्मियों को आमंत्रित किया गया है।

# सोमवती अमावस्या पर दादी का हुआ सामूहिक मंगल पाठ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



अमावस को त्योहार दादी बेगा बेगा आओ जी, झुंझुनू को मेलो यो तो बड़ों अलबेलों जैसे अनेक भजनों से दादी मंदिर भक्तिमय हो गया। मौका था श्री दादी जी भक्त मंडल एवं श्री नारायणी महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवती अमावस्या पर दादी जी का सामूहिक मंगल पाठ किया गया। आचार्य लखन शास्त्री की देखरेख में दादी जी का अलौकिक श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं द्वारा सामूहिक मंगल पाठ किया गया। पाठ को स्वर दिया दादी भक्त उर्मिला शाह व तारा झुनझुनवाला ने। दादी जी को गजरा मेहंदी लगाई गई। आयोजन को सफल बनाने में चंद्रप्रकाश झुनझुनवाला, कविता पोद्दार, संजीव देवड़ा, पूजा माखड़िया, सीमा शर्मा, अशोक झुनझुनवाला, ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रभात भरतिया आदि सक्रिय थे।

## तख्तश्री पटना साहिब पहुंच राज्यपाल ने टेका मत्था

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सोमवार की शाम तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे। यहां दरबार साहिब में मत्था टेकने पहुंचे राज्यपाल को ग्रंथी की ओर से गुरुघर का आशीष रूप में सिरोपा दिया गया। इस दौरान तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह व कनीय उपाध्यक्ष ने राज्यपाल को प्रतीक चिन्ह दिया। साथ ही तख्त साहिब के इतिहास व गुरु महाराज के जीवन दर्शन की जानकारी भी दी। पदधारकों ने महामहिम को जनवरी में आयोजित हो रहे श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व के बारे में भी बताया। साथ ही गुरुपर्व में शामिल होने का आग्रह किया गया।

# समकालीन स्थितियों पर आधारित है नाटक मृगतृष्णा : राजेश राजा

प्रात :किरण संवाददाता



पटना, पिछले 12 वर्षों से रंगकर्म के क्षेत्र में सक्रिय, पटना की नाट्य संस्था, विश्वा, पटना द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से रंग मार्च स्टूडियो, एस. पी. वर्मा रोड, पटना में नाटक मृगतृष्णा का मंचन किया। मृगतृष्णा का नाट्य लेखन आरोती भट्टाचार्य सिंह तथा निर्देशन राजेश नाथ राम ने किया है।भाव विभोर दर्शकों से भरे हुए प्रेक्षागृह और उनकी तालियों ने कलाकारों का खूब उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री बरुण सिंह प्रदेश अध्यक्ष, कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ, बिहार भाजपा एवं श्री प्रेम कुमार सब एडिटर, यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया मौजूद रहे।यह नाटक समकालीन स्तिथियों पर आधारित है। रमा जो अपने जीवन में बेरंग होकर भी खुश है` अचानक, अविनाश जो उसके बचपन का मित्र रहा है` वो मृगतृष्णा बनकर रमा के जीवन में आता है, जिसमे रमा को फिर से जीने का अर्थ मिल जाता है। फिर वक़्त की ऐसी बारिश आती है` जो रमा और अविनाश दोनों के रंग को धो डालती है, और छोड़ जाती है एक सवाल` यह नाटक जाते- जाते हमें नैतिकता, रुढ़िवादी विचार पर पुनः मंथन करने की स्तिथि में छोड़ जाता है।मंच पर रमा : सुश्री बिस्वास, अविनाश : रजनीश कुमार,तुषार : ऋषि गौतम,भाभी : अंजना पाण्डेय,वंदना : सरिता पाल,मिसेज सिन्हा : सीमा,मंच परे प्रकाश परिकल्पना : राजीव रॉय,पार्श्व ध्वनि : राहुल आर्यन,रूप सज्जा : तन्नु आश्मी,वस्त्र विन्यास : पंकज कुमार तिवारी एवं संजीव कुमार,मंच निर्माण : सुनील जी सहयोग : दीपक कुमार,मंच व्यवस्था : पंकज प्रभात एवं ऋषि गौतम,पूर्वाभ्यास प्रभारी : शशांक शेखर एवं अभिषेक मेहता,प्रस्तुति : विश्वा, पटना लेखक : आरोती भट्टाचार्य सिंह,निर्देशन : राजेश राजा का है।

# समालोचना की धरती रही है बिहार : डॉ रामवचन राय

## डॉ ध्रुव की पुस्तक लघुकथा : सृजन एवं समीक्षा का विस अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




बिहार विधान परिषद के उप सभापति डॉ रामवचन राय ने कहा कि समालोचना तथ्यपरक और व्यावहारिक हो तो साहित्य और साहित्यकारों के लिए बहुत भला होगा। किसी भी साहित्यिक विधा के लिए सृजन के साथ-साथ आलोचना का सबल पक्ष भी बहुत जरूरी है। वे सोमवार को जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान सभागार में समीक्षक व लेखक डॉ ध्रुव कुमार की नई पुस्तक लघुकथा : सृजन एवं समीक्षा के लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बिहार समालोचना की धरती रही है और यहीं से प्रेमचंद की कहानियों की आलोचनात्मक पुस्तक 1933 में छपी थी। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि लघुकथा साहित्य की सबसे सशक्त विधाओं में एक है और पटना इसका एक महत्वपूर्ण केंद्र है कडॉ ध्रुव की इस पुस्तक के प्रकाशन से यह पुनः सिद्ध हुआ है कि यहां लघु कथा को लेकर गंभीर कार्य हो रहा है। मुख्य अतिथि डॉ शिवनारायण ने कहा कि डा ध्रुव की आलोचना की विशेषता है कि ये लघु कथा का मूल्यांकन आलोचना की पूर्व निर्मित धारणाओं के आधार पर नहीं कर, लघु कथा के अंदर से ही आलोचना के औजार विकसित कर लेते हैं। अपनी इस व्यावहारिक आलोचना के कारण इन्होंने समकालीन लघु कथाओं की परख वृहत्तर आयाम और विस्तार दिया है। कासिम खुर्शीद ने कहा कि यह पुस्तक डॉ ध्रुव के विस्तृत अध्ययन, गहन चिंतन, सूक्ष्म दृष्टि व कठिन परिश्रम का सुफल है। प्रो अनीता राकेश ने कहा कि यह बिहार के लिए सुखकर है कि उसे लघुकथा : सृजन एवं समीक्षा के लेखक डा ध्रुव के रूप में लघुकथा का एक समर्थ एवं ऊर्जावान आलोचक मिल गया है। डॉ भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि इस पुस्तक में 350 से अधिक लघु कथाओं कि की गई सार्थक समीक्षा से लघुकथा आलोचना समृद्ध हुई है। ममता महरोत्रा ने कहा कि लघुकथा क्षेत्र में तेजी से बनने व बढ़ने लगी है। अतिथियों का स्वागत जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ नरेंद्र पाठक ने किया। इस दौरान चितरंजन भारती, सिद्धेश्वर, ज्योति मिश्रा, कमल नयन श्रीवास्तव, पंकज प्रियम, मधुरेश नारायण, सरिता रानी, आलोक आलोक चोपड़ा, बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता, कमला कांत पांडेय, अर्चना त्रिपाठी, मोहन कुमार, रवि श्रीवास्तव, राजेश राज आदि मौजूद थे।

# दिगंबर जैन संतों के आगमन पर श्रद्धालुओं ने किया स्वागत



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

परम पूज्य गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महामुनिराज के शिष्य दिगम्बर जैन संत श्रमणोपाध्याय श्री 108 विभंजन सागर जी महाराज व श्रमण मुनि श्री विश्वज्ञेय सागर जी महाराज ससंघ का कोलकाता से पैदल चल कर बिहार-झारखंड के जैन तीर्थयात्रा कर पहुंचे। यहां के विभिन्न दिगंबर जैन मंदिरों में आगमन पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने मंगल आरती व पाद प्रक्षालन कर स्वागत किया। जैन समाज से मीडिया प्रतिनिधि प्रवीण जैन ने बताया कि सुबह साढ़े सात बजे हाजीगंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन गुरारा मंदिर में गाजे-बाजे के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। यहां जैन श्रद्धालुओं ने जिनेन्द्र प्रभु का अभिषेक व शांतिधारा किया। विश्व शांतिधारा पाठ का उच्चारण मुनि श्री विभंजन सागर जी ने किया। बता दें कि दिगम्बर जैन मुनि कड़कड़ाती ठंड में भी अहले सुबह निर्ग्रन्थ मुद्रा में नंगे पांव पैदल चलते हैं और 24 घंटे में एक बार आहार-जल ग्रहण करते हैं। पार्श्वनाथ भगवान की दर्शन-पूजन के बाद मुनि संघ कचौड़ी गली जैन मंदिर, खाजेकलां स्थित श्री चंद्रप्रभु जैन मंदिर का दर्शन करते हुए गुलजारबाग स्थित सेठ सुदर्शन स्वामी की निर्वाण भूमि कमलदह दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र पहुंचे। यहां उनका आहारचर्या संपन्न हुई। इसके बाद अपराह्न में वे कांग्रेस मैदान स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के लिए मंगल विहार हुआ।

## पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि



पटना सिटी (प्राकि)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा विभाग की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्व डॉ मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसमें मुख्य रूप से अशोक यादव, सुबोध मिश्रा, शंकर पासवान, सतीश यादव, सुरेश प्रसाद, रघु साहू, बब्बन यादव, राजीव यादव, सुरेंद्र यादव, संतोष कुमार, सोनू कुमार, उदल यादव, गोलू यादव, सरदार अजीत सिंह, रणधीर यादव, यश लोक विद्यार्थी, सुरेश प्रसाद, शंभू, कुंदन कुमार यादव, उमेश गुप्ता, पप्पू कुमार आदि शामिल थे।

# मत्स्य विभाग के अध्यक्षता में औरंगाबाद एवं भोजपुर में संचालित केन्द्र एवं राज्य योजनाओं की प्रगति पर निदेशक ने कि समीक्षात्मक बैठक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। मत्स्य निदेशक, बिहार, पटना की अध्यक्षता में जिला औरंगाबाद एवं भोजपुर के राज्य एवं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक निदेशक महोदय के कक्ष में आंहूत की गई। सर्वप्रथम (ठऋछढ) पर निबंधन संबंधित समीक्षा की गई। निदेशक मत्स्य ने प्रत्येक प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारित कर निबंधन करने का निदेश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के राज्य एवं केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनाओं की समीक्षा की गई। निदेशक मत्स्य के द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत विभिन्न अवयवों की समीक्षा निदेशक मत्स्य के द्वारा की गई। उक्त जिला को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत जिन अवयव में लक्ष्य के अनुरूप आवेदन अप्राप्त है। निदेशक महोदय के द्वारा निदेश दिया गया कि उक्त जिला अपने क्षेत्रीय प्रभारी (मत्स्य प्रसार पदाधिकारी एवं मंत्स्य विकास पदाधिकारी) को शत-प्रतिशत आवेदन सृजित करने का निदेश दिया गया। साथ हीं टक्र ढङ्ग१३' पर लाभुकों की विवरणी उपलब्धि के अनुरूप सभी मत्स्य प्रसार पदाधिकारी एवं मत्स्य विकास पदाधिकारी को अद्यतन करने का निदेश दिया गया। साथ हीं उक्त बैठक में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में प्रस्तावित यात्रा हेतु समीक्षा की गई। नोडल पदाधिकारी, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, मत्स्य विकास पदाधिकारी एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं भोजपुर तथा मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, मत्स्य निदेशालय, परियोजना समन्वयक, पी०एम०यू० उपस्थित थे। पुनः शेखपुरा जिला अपराह्न निदेशक मत्स्य बिहार, पटना की अध्यक्षता में विडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक आहूत की गई। बैठक में समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अवयव रियरिंग तालाब निर्माण एवं नया तालाब निर्माण के प्रगति समीक्षा की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में नोडल पदाधिकारी, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी,.. मत्स्य विकास पदाधिकारी एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी, शेखपुरा तथा मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, मत्स्य निदेशालय, परियोजना समन्वयक, पीएमयू उपस्थित थे।

# सुदर्शन पथ के मछली बाजार के पास से नहीं हटा रोड डिवाइडर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



गुरु गोविंद सिंह पथ के चौकशिकारपुर टीओपी और आरपीएम कॉलेज चौराहा मोड़ के उत्तर की ओर रहा रोड डिवाइडर को पथ निर्माण विभाग ने जेसीबी की मदद से तोड़ कर हटा दिया। साथ ही वहां पर पीचिंग भी कर दिया गया। मगर सुदर्शन पथ के नगर निगम कर्मशाला गेट के सटे डिवाइडर को छोड़ दिया गया। चौकशिकारपुर आरओबी के नीचे जहां ऑटो और ई-रिक्शा वालों का मकड़जल लगा रहता है, वहीं इससे थोड़ा पश्चिम रोड के डिवाइडर के उत्तर की ओर मछली और मीट की दुकान आबाद है। डिवाइडर के दक्षिण की ओर अवैध रूप से वाहन और ठेला का पार्किंग होता है। यही नहीं, डिवाइडर पर भी मछली बेचने वाले टब और तशला को रख डालता है। नतीजतन शाकाहारी लोग निराश हैं। उन लोगों को इस रास्ते से गुजरना मुश्किल हो जाता है। यही नहीं, मछली बिक्री के दौरान पानी को सड़क पर फेंक दिया जाता है। इससे स्थिति यह है कि जिस दूरी में मछली की बिक्री होती है, उसके दोनों ओर की सड़क की हालत खस्ता है। खासकर डिवाइडर के दक्षिण की ओर की सड़क गड्ढे में तब्दील है। पूरब से पश्चिम की ओर जाने वाला वाहन हिचकोला खाते जाने को मजबूर है। मगर इस ओर प्रशासन का या फिर पथ निर्माण विभाग का ध्यान नहीं गया है। हालांकि पटना साहिब स्टेशन के मीटिंग हॉल में प्रकाश पर्व को लेकर हुई बैठक के दौरान इस मामले को उठाया गया था। तब सिटी एसडीओ ने कहा था कि मामले में संज्ञान लिया गया है और तीनों डिवाइडर को तोड़कर हटा दिया जाएगा। दो डिवाइडर को तो हटा दिया गया, मगर एक को छोड़ दिया गया है। वहीं नगर निगम का खुद का आदेश यहां बेअसर साबित हो रहा है। खुले में मांस व मछली की बिक्री की जा रही है। वह भी निगम के नगर निगम के कर्मशाला के दीवार से सटे। मगर नगर निगम के अधिकारी व पदाधिकारियों की नजर इस ओर नहीं है। स्थिति यह है कि शाकाहारी लोगों का इस रास्ते से गुजरना मुश्किल हो जाता है। वाहनों का जाम लगता है, सो अलग। हर प्रकार का वाहन सड़क के गड्ढे में हिचकोला खाते गुजरता है। अनेक ऑटो व ई-रिक्शा के साथ सामान लदा ठेला इस दूरी में पलट चुका है।

## कवियत्री अनीता प्रसाद को मिला प्रज्ञा प्रतिष्ठा सम्मान

पटना। नागालैंड की राजधानी दीमापुर के पद्मपुखरी में नागालैंड के गाँधी पद्मश्री पी तेमजेम जमीर द्वारा स्थापित राष्ट्रीय भाषा हिंदी संस्थान परिसर में साहित्य संस्कृति की वैश्विक संस्था अखिल भारतीय सर्व भाषा संस्कृति समन्वय समिति द्वारा तीन दिवसीय 21वां राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष सुरेश नीरव ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रभाषा संस्थान के निदेशक पी ताका लीला रहीं। अधिवेशन के प्रथम सत्र में वेणु मंडप में ही पुस्तकों के लोकार्पण एवं पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पटना हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष अनिल सुलभ एवं सुरेश नीरव द्वारा सभी साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

# भाकपा माले ने निकला प्रतिरोध मार्च

प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी/भजन गायिका देवी के द्वारा अटल बिहारी वाजपेई के कार्यक्रम में रघुपति राजाराम भजन गाने को लेकर हुई विवाद में भजन गायिका देवी के समर्थन में भाकपा माले के नेताओं ने प्रतिरोध मार्च निकालकर विरोध जताया साथ ही उन्होंने कहा कि अपमानित करने वालों भाजपाइयों को सबक सिखाओ एवं डॉ भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर गृह मंत्री अमित शाह इस्तीफा दो बाम दलों के देशव्यापी आह्वान पर मसौढी में प्रखंड कार्यालय से भाकपा माले के संयुक्त बैनर तले मार्च करते हुए स्टेशन रोड होते हुए तीन मोहनी आकर सभा में तब्दील हो गई।मौके पर माले नेताओं ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर व महात्मा गांधी को अपमानित करने वाले भाजपा आरएसएस समाज में नफरत और घृणा का माहौल बना रही है और संविधान आजादी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमला कर रही है। प्रतिरोध मार्च की अगुवाई भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार प्रखंड सचिव राकेश कुमार माकपा के अनुमंडलीय सचिव प्रोफेसर सी पी मंडल भाकपा के नेता छत्रपाल प्रसाद ने की वही धनरूआ में मार्च की अगुवाई माले प्रखंड सचिव अकलू पासवान ने की।

# बीपीएससी अभ्यर्थियों पर हुई लाठीचार्ज मामले पर मचा सियासी घमासान

## एनडीए की बी टीम ने आंदोलन को कुचलने की साजिश की: तेजस्वी

● कहा- अभ्यर्थियों को किसी के बहकावे में आने की जरुरत नहीं

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे छात्रों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस द्वारा पानी की धार छोड़े जाने के बाद रविवार देर रात एक वीडियो संदेश में पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी पर एनडीए की बी-टीम के रूप में काम करने का आरोप लगाया। तेजस्वी यादव ने उनका नाम लिए बैगर आरोप लगाया कि बीजेपी के इशारे पर उसकी बी टीम के लोगों ने इस आंदोलन को कुचलने की साजिश की है। तेजस्वी ने कहा कि कुछ लोग इस आंदोलन को हाईजैक करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जो ताकत भूख हड़ताल में थी वह कुछ और थी। इस बीपीएससी आंदोलन को कुछ लोगों ने



गुमराह करने की कोशिश की। हम भी चाहते तो पांच लाख लोगों को गांधी मैदान बुला लेते लेकिन उसका हल नहीं निकलना था। जो शांतिपूंण तरीके से हड़ताल थी उससे बीपीएससी और सरकार हिली गई थी लेकिन सरकार ने नया फॉमूर्ला अपनाया। अपनी बी टीम है उसे आगे खड़ा कर दिया और आंदोलन को गांधी मैदान ले जाना पड़ा और जब पिटाई हो रही थी तो कुछ लोग कह रहे थे हम सबसे आगे रहेंगे, लेकिन वही लोग भाग गए। इस आंदोलन को खत्म करने की यह साजिश है। हम राजनीति करने नहीं आ रहे हैं। राजनीति करना होता तो हम भी गांधी मैदान में आते। गांधी मैदान में जिस तरह से छात्रों को पीटा, भटकाया गया है ताकि छात्रों पर एफआईआर हो। एफआईआर होगी तो आपको जेल जाना पड़ेगा, आप परीक्षा में नहीं बैठ सकते। आंदोलन को कमजोर करने के लिए बीजेपी के इशारे पर बी टीम ने काम किया है। तेजस्वी ने कहा कि हमको हिम्मत और हौसला नहीं खोना है। ४ जनवरी को परीक्षा होने वाली थी। अगर भूख हड़ताल और आपका धरना गर्दनीबाग में होता तो मुझे पूरा यकीन है कि सीएम नीतीश को कोई ना कोई ऐक्शन लेना पड़ता। तेजस्वी ने एक बार फिर से छात्रों से कहा कि वह शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करें। किसी के भी कहने पर भटकने की जरुरत नहीं। यह आंदोलन किसी पार्टी या नेता का नहीं। यह आंदोलन सिर्फ छात्र-छात्राओं का होना चाहिए। किसी के भी बहकावे में आने की जरुरत नहीं है।

## अभ्यर्थियों के आंदोलन में राजनीतिक अवसर तलाश रहा है विपक्ष : उमेश



पटना। बिहार जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को बयान जारी करते हुए विपक्ष पर बीपीएससी अभ्यर्थियों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सत्ता की लोलुपता में विपक्षी पार्टियां बेशर्मी की हर पराकाष्ठा लांघ चुकी है। यह बेहद अफसोस और दुर्भाग्य का विषय है कि जिन युवाओं के कंधों पर भारत का भावी भविष्य टिका हुआ है, उन्ही कंधों का इस्तेमाल कर राजद और जनसुराज जैसी राजनीतिक पार्टियां सत्ता की सीढ़ी चढ़ना चाहती है। उन्हें छात्रों और युवाओं से दूर-दूर तक कोई सहानुभूति नहीं है। श्री कुशवाहा ने कहा किमुख्यमंत्री नीतीश कुमार छात्र आंदोलन की उपज हैं इसलिए राजनीति की शुरूआत से ही छात्र हित उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। दूसरी ओर विपक्ष केवल अपना राजनीतिक हित साधने के लिए अभ्यर्थियों के बीच में लगातार झूठ और भ्रम फैला रहा है। प्रदेश अध्यक्ष कहा कि विपक्षी पार्टियां बीपीएससी अभ्यर्थियों आंदोलन में राजनीतिक अवसर तलाश रही है लेकिन प्रदेश का छात्र और युवा वर्ग विपक्ष की झूठी राजनीति का शिकार कभी नहीं बनेगा। राजनीतिक स्वार्थ के लिए अभ्यर्थियों को बरगलाने वाली नकारात्मक ताकतों को बिहार की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देगी। श्री कुशवाहा ने कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांगों को लेकर नीतीश सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और गंभीरता से सभी मामलों को देख रही है। हमें पूरा विश्वास है कि छात्र हित में इसका समाधान बहुत जल्द और जरूर निकलेगा।

## अभ्यर्थियों की मांगों को लेकर राज्यपाल से मिले पप्पू यादव

### कहा- मांग पर विचार करने का राज्यपाल ने दिया है भरोसा

पटना। रविवार की देर शाम लाठी चार्ज होने के बाद पूर्णिया को राजभवन पहुंचकर के समर्थन में ६ सूत्री मांगों बाद मीडिया से बात करते हुए पर लाठी चार्ज किया गया है। राज्यपाल ने डीएम और एसपी बीपीएससी चेयरमैन से मेरे



बीपीएससी अभ्यर्थियों पर सांसद पप्पू यादव ने सोमवार राज्यपाल से मिलकर छात्रों को ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के पप्पू यादव ने कहा कि छात्रों उसको लेकर बात की गई। को बुलाया है। राज्यपाल ने सामने बात की भी है। जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन मिला है। इसके अलावा राज्यपाल ने सीएम से बात करने की भी बात कही है।

### सांसद ने की मुख्य सचिव से मुलाकात :

सांसद पप्पू यादव ने सचिवालय स्थित कार्यालय में मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा से मुलाकात कर बीपीएससी छात्रों के हित में सभी मुद्दों से अवगत कराया। सांसद पप्पू यादव के साथ बीपीएससी छात्र संदीप गिरि,अंजलि वर्मा,गौतम कुमार,रवीश आनंद भी थे। सभी छात्र छात्राओं ने मुख्य सचिव से मिलकर बीपीएससी की परीक्षा में हुई अनियमितता को विस्तार से सबूतों के साथ पेश किया। परीक्षार्थियों ने अमृत लाल मीणा से बीपीएससी की परीक्षा को दुबारा कराने का आग्रह किया। सांसद पप्पू यादव ने कहा कि बीपीएससी के द्वारा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन पर लाठीचार्ज किया जा रहा है, मुकदमा किया जा रहा है। छात्रों की माँग है कि सरकार छात्रों से मुकदमा वापस ले और बीपीएससी की परीक्षा रद्द कर पुनर्परीक्षा करायी जाये।

### पीके पर छात्रों को धमकाने का लगया आरोप

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर पर बीपीएससी छात्रों को धमकाने का आरोप लगाया है। यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर प्रशांत किशोर और छात्रों के बीच बहस को दिखाया है। पप्पू यादव ने वीडियो के साथ लिखा कि प्रशांत जी खुद नए नेता बने हैं और छात्रों को धमका रहे हैं। पप्पू यादव ने कहा कि वह एक फ्रॉड किशोर है। इसको छात्र कभी भी माफ नहीं करेंगे और इन्हें बिहार से भगाना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ बदतमीजी की है। उन्होंने कहा कि पीके ने बच्चों को पिटवाने का काम किया है।

## छात्रों के आंदोलन को राजनीतिक रंग देने की कोशिश : जदयू

पटना। जद यू प्रदेश प्रवक्ता मनीष यादव ने मीडिया में जारी एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बीपीएससी अभ्यर्थियों के भविष्य की चिंता है और उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। आंदोलनरत बीपीएससी अभ्यर्थियों को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें कुछ स्वार्थी किस्म के राजनेताओं से सावधान रहने की जरुरत है, कारण है कि इस तरह के कुछ विपक्षी राजनेता उनके आंदोलन को राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं जिनसे छात्रों का भला नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर को ना ही छात्रों के भविष्य से कोई मतलब है और ना ही उनकी भावनाओं से कोई मतलब और वो छात्रों के कंधों पर बंदूक रखकर अपनी राजनीति की दुकान चमकाना चाह रहे हैं। विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जब बीपीएससी ने खुद कह दिया है परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन लागू नहीं होगा तो फिर विपक्ष के कुछ लोग किस मुंह से छात्रों के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदेश प्रवक्ता ने आंदोलनरत बीपीएससी अभ्यर्थियों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रहते छात्रों को किसी भी तरह की चिंता करने की जरुरत नहीं है

## पीके ने लाठीचार्ज की घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण



पटना। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने छात्रों के साथ सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान प्रशांत किशोर ने रविवार शाम गांधी मैदान में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इसके दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। प्रशांत किशोर ने कहा कि छात्र शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रख रहे थे, लेकिन पुलिस ने बर्बरता से लाठीचार्ज किया। दरअसल, सोमवार को शेखपुरा स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने यह बात कही। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रशांत किशोर ने सरकार के सामने पांच मांगें रखीं। जिनमें बीपीएससी की पीटी परीक्षा को रद्द कर दोबारा आयोजित करने और परीक्षा में हुई अनियमितताओं की न्यायिक जांच की मांग शामिल है। उन्होंने पुलिस द्वारा छात्रों पर दर्ज आपराधिक मुकदमों को वापस लेने और लाठीचार्ज का आदेश देने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की भी मांग की। इसके साथ ही बीपीएससी अभ्यर्थी सोनू यादव की आत्महत्या की जांच कर उनके परिवार को न्याय दिलाने की अपील की। प्रशांत किशोर ने कहा कि यदि सरकार अभ्यर्थियों की मांगें मान लेती है तो प्रदर्शन समाप्त हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि छात्रों का प्रतिनिधिमंडल मुख्य सचिव से मिलने जा रहा है। यदि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती, तो वह 2 जनवरी से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगे। उन्होंने कुछ पुलिस अधिकारियों पर हीरो बनने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि हम लोग लफंगई करने नहीं आए हैं अपनी जायज मांगों को सरकार के सामने रख रहे हैं। लाठीचार्ज के बाद प्रशांत किशोर घायल छात्रों से मिलने पहुंचे और पीएमसीएच में भर्ती छात्रों का हालचाल लिया। इस दौरान उनका एक वीडियो वायरल हुआ है।

## बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज निंदनीयः भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर हुए लाठी चार्ज की शख्त निंदा करते हुए बिहार लोक सेवा अयोग द्वारा आयोजित 70 वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने की मांग की है। बीपीएससी अभ्यर्थियों द्वारा अपनी मांगो को लेकर पटना में आयोजित प्रदर्शन पर पुलिस प्रशासन द्वारा लाठी चार्ज किया गया, आश्रु गैस के गोले छोड़े गए और पानी का बौछारें की गयी। बीपीएससी अभ्यर्थी प्रारंभिक परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार कार्रवाई करने के बजाय लाठीचार्ज कर रही है। लाठी चार्ज में कई छात्र घायल हो गए। अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज भाजपा-नीतीश सरकार के अहंकार और अफसरशाही के तानाशाही का प्रतीक है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हस्तक्षेप कर बिहार लोक सेवा अयोग के तानाशाही रवैया पर रोक लगावे। आयोग का दावा पूरी तरह निराधार है। प्रश्न पत्र लीक नहीं होता तो अभ्यर्थी सड़क पर क्यों उतरते। इसलिए विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाए। आयोग विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करे।भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने स्तर से हस्तक्षेप करे। बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिस पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करे। बीपीएससी की 70 वीं प्रारंभिक परीक्षा को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाय।

## एनडीए सरकार में बिहार प्रगति पथ पर अग्रसर : अरविन्द

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि पटना-आरा-सासाराम फोरलेन हाईवे को मिली केन्द्र की मंजूरी जिससे बिहार से यूपी-दिल्ली जाना हो जाएगा बेहद आसान। केन्द्र सरकार की मंजूरी से विकास को नई रफ्तार मिली है। एनडीए सरकार में 5,542 बेड की क्षमता के साथ दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल होगा पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल। श्री अरविन्द ने कहा कि वहीं कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए एनडीए सरकार गंगा और कोसी नदी पर 6 जिलों में 5 पीपा पुल बनाएगी एनडीए सरकार। पटना, समस्तीपुर, वैशाली, भोजपुर, मधेपुरा, खगड़िया और यूपी के बलिया की दियारे की बड़ी आबादी को इससे फायदा होगा।

## अभ्यर्थी शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बातों को सरकार के समक्ष रखें : चिराग

### कहा- किसी भी राजनीतिक व्यक्तियों के बहकावे में आने से बचें

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने अपने एक्स पे पोस्ट कर लिखा कि बिहार के युवाओं और बीपीएससी अभ्यर्थियों के मुद्दों को लेकर एनडीए सरकार के प्रमुख सहयोगी होने के नाते मैंने बिहार सरकार और मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की है, जिसके परिणामस्वरूप सरकार की ओर से मुख्य सचिव (जो सरकार के सबसे बड़े अधिकारी होते है) ने अभ्यर्थियों और छात्रों के साथ संवाद की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही इस पहल के सार्थक परिणाम दिखेंगे। यह हमारी सरकार की सकारात्मक सोच और छात्रों के प्रति संवेदनशीलता का परिणाम है। आगे श्री चिराग ने अभ्यर्थियों से अपील



किया कि वे शांतिपूर्ण और रचनात्मक तरीके से अपनी बातों को सरकार के समक्ष रखें और किसी भी राजनीतिक व्यक्तियों के बहकावे में आने से बचें। यह मुद्दा पूर्ण रूपेण युवाओं के भविष्य और बिहार के विकास से जुड़ा है, जिसे राजनीति से ऊपर रखकर हल किया जाना चाहिए। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) हर कदम पर युवाओं के साथ खड़ी है। कुछ राजनीतिक व्यक्ति और दल जो छात्रों को भटकाने का काम कर रहें है, ये गलत है। अपने राजनीतिक लाभ के लिए छात्रों का इस्तेमाल करना कतई उचित नहीं है। मुख्यमंत्री स्वयं इस मामले को लेकर सजग है, सरकार छात्रों की हर संभव मदद के लिए प्रयासरत है। कल पटना में हुए छात्रों पर लाठीचार्ज और वाटर कैनन के इस्तेमाल का मैं कभी समर्थक नहीं रहा, पुलिस को संयम बरतना चाहिए। छात्र अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरे है तो उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से समझा कर उनकी समस्याओं के निदान के लिए प्रयास करना चाहिए, न कि लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल। मैंने मुख्यमंत्री जी से इस बात को भी कहा है कि ऐसे पुलिस अधिकारी जो ऐसे कार्यों में संलिप्त पाए जाते है उनपर भी कानून कार्रवाई की जानी चाहिए। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

## बीपीएससी पीटी पुनर्परीक्षा की घोषणा तक आंदोलन रहेगा जारी : माले

### कई जगहों पर ट्रेन परिचालन बाधित, मुख्य चौराहे रहे जाम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बीपीएससी पीटी पुनर्परीक्षा की मांग पर आंदोलित छात्रों पर बर्बर पुलिसिया दमन के खिलाफ सोमवार को आईसा आरवाईए राज्यव्यापी चक्का जाम का खासा असर आरा, दरभंगा, समस्तीपुर, सिवान, मुजफ्फरपुर में देखने को मिला। पटना में जीपीओ गोलंबर से छात्र-युवाओं का मार्च निकला जो डाक बंगला चौराहा तक पहुंचा और फिर उस चौराहे को ठप्प कर दिया। आइसा के राज्य सचिव सबीर कुमार, अध्यक्ष प्रीति कुमारी, आरवाईए के विनय कुमार, अनिमेष चंदन, जानवी राय, ज्योति कुमारी , करीम, हुसैन, पुनीत जी आर्यन कुमार, सानू , अमरजीत आदि कर रहे थे। पटना विश्विद्यालय कैंपस में आइसा नेता नीरज यादव और अन्य छात्र संगठन के कार्यकताओं ने घंटों



अशोक राजपथ को जाम किया और नीतीश सरकार की बर्बरता के खिलाफ नारेबाजी की। चक्का जाम की शुरूआत दरभंगा में संपर्क क्रांति का परिचालन बाधित करके किया गया। रेलवे ट्रैक पर उतरकर प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी नारे लगाए और पीटी परीक्षा फिर से आयोजित करने की मांग की। प्रदर्शन में आइसा-आरवाईए के साथ युवा राजद के कार्यकर्ता भी सड़क पर उतरे। आरा में अगिआंव विधायक शिवप्रकाश रंजन के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने पटना बक्सर पैसेंजर को रोक दिया, जिसके कारण पटना झ आरा रेलखंड पर ट्रेन परिचालन कुछ समय के लिए बाधित रहा। बाद में शहर में मार्च करते हुए प्राइवेट बस अड्डा को भी जाम किया गया। अरवल में प्रदर्शनकारियों ने पटना-औरंगाबाद रोड को भगत सिंह चौक पर जाम किया, जिससे बड़े वाहनों का परिचालन रुक गया है। समस्तीपुर में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज के खिलाफ आइसा-आरवाईए आदि संगठनों से जुड़े छात्र-युवाओं ने समस्तीपुर ओवरब्रिज चौराहा किया जाम। सिवान शहर में भी कई जगह सुबह से ही जाम रहा। लहेरियासराय से बहेरी राज्य मार्ग को मिजार्पुर कोयाही चौक पर जाम किया गया। मुजफ्फरपुर में फअ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम के नेतृत्व में शहर में मार्च निकला।

## डॉ. अंबेडकर के अपमान के खिलाफ वाम दलों का राज्यव्यापी विरोध

### पटना में निकला प्रतिरोध मार्च, बुद्ध स्मृति पार्क के समीप हुई सभा

पटना। राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ बी आर अंबेडकर पर की गई टिप्पणियों के खिलाफ वाम दलों ने देशव्यापी प्रदर्शन किया। वाम दलों ने देशव्यापी विरोध, प्रदर्शन के तहत राजधानी पटना सहित राज्य के कई जिला मुख्यालयों पर विरोध दर्ज किया। भाकपा माले, सीपीआई, सीपीएम और एआइएफबी व आरएसपी ने संयुक्त रूप से आज के विरोध का आह्वान किया था। राजधानी पटना में जीपीओ गोलंबर से अमित शाह के इस्तीफे की मांग के साथ प्रदर्शन शुरू हुआ और बुद्ध स्मृति पार्क के पास एक सभा आयोजित की गई जिसे विभिन्न दलों के नेताओं ने संबोधित किया। पटना में प्रदर्शन में माले के अमर, सरोज चौबे, के डी यादव, महबूब आलम, अभ्युदय; सीपीएम के सर्वोदय शर्मा, सत्येंद्र यादव, मनोज चंद्रवंशी, शिवकुमार विद्यार्थी; सीपीआई के गुलाम सरवर आजाद, विनोद कुमार, विश्वजीत कुमार सहित जितेंद्र कुमार, समता राय, शिवसागर शर्मा, शंभूनाथ मेहता, पन्नालाल सिंह, अनय मेहता, संजय यादव, सबीर कुमार, प्रीति कुमारी, पुनीत कुमार, विनय कुमार आदि शामिल रहे। सभा को संबोधित करते हुए महबूब आलम ने कहा कि अमित शाह की टिप्पणी संविधान और बाबा साहब के प्रति भाजपा व आरएसएस की घृणा का प्रदर्शन है। मनुस्मृति को देश का संविधान बना देने की उनकी बेचैनी साफ तौर पर जाहिर हो रही है। लेकिन देश की जनता संविधान और बाबा साहब पर हो रहे हर हमले का जोरदार प्रतिवाद जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संविधान की जगह मनुस्मृति को थोपने की भाजपाई कोशिश को देश की जनता बेनकाब करेगी।पटना के अलावा आरा, दरभंगा, सिवान, मुजफ्फरपुर, बेतिया आदि जगहों पर भी प्रदर्शन किए गए।

## ऐश्वर्या के सिर सजा मिस बिहार 2024 का ताज

पटना। बिहार के एकमात्र ब्यूटी पीजेंट मिस बिहार 2024 का भव्य आयोजन पटना में संपन्न हुआ, जहां ऐश्वर्या के सर मिस बिहार 2024 का ताज सजा। वहीं, फर्स्ट रनरअप का खिताब अनुष्का ने जीता, जबकि तान्या सेकेंड रनरअप रहीं। विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र, और विशेष उपहार दिए गए। ऐश्वर्या को बिहार का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करने का अवसर मिलेगा। पटना में मिस बिहार 2024 के ग्रैंड फिनाले का भव्य आयोजन होटल पाटलिपुत्र एग्जॉटिका में हुआ। रूफ



फाउंडेशन और ओसियन विजन द्वारा आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से चयनित 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बॉलीवुड सिंगर दीपक उपाध्याय और विशु बाबा के गानों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। और बूगी बूगी डांस ग्रुप के प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। आयोजन समिति ने इस कार्यक्रम को बिहार की प्रतिभाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए कहा कि यह न केवल एक प्रतियोगिता थी, बल्कि यह बिहार की कला, संस्कृति, और युवाओं के हुनर का उत्सव भी था। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए दीपक सिन्हा, संजीव कुमार(पत्रकार), आशीष घोष, अनिल राज, आनंद प्रकाश(मेकअप), मुकेश सिंह(ड्रेस डिजाइनर), मनीष चंद्रेश, और आशीष रंजन अग्रवाल समेत पूरी टीम ने सहयोग दिया।

## कांग्रेस ने तो नरसिम्हा राव को दो गज जमीन तक नहीं दी थी : मनोज

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने कहा कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर कांग्रेस के राहुल गांधी जिस तरीके से हाय तौबा मचा रहे हैं, उन्हें शायद याद नहीं है कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को यूपीए सरकार ने, उनके दिवंगत होने पर दिल्ली में दो गज जमीन तक नहीं दी थी। राहुल गांधी शायद भूल रहे हैं कि जब पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पीवी नरसिम्हा राव का शव कांग्रेस ऑफिस लाया गया था तो, उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस कार्यालय में जाने नहीं दिया गया था। उनका पार्थिव शरीर आधे घंटे तक कांग्रेस मुख्यालय के सामने रहा और उसे सीधे हैदराबाद भेज दिया गया था। कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी की याददाश्त बहुत कमजोर है तो उन्हें याद दिलाना चाहेंगे कि किस तरह से 10 सालों तक पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को दिल्ली में स्मारक तक मुहैया नहीं कराया गया था। श्री शर्मा ने कहा कि स्व. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री बनने से पहले पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री थे और राव के नेतृत्व में देश में ऐतिहासिक आर्थिक सुधार हुए थे। कांग्रेस पार्टी ने पीवी नरसिम्हा राव को कभी उनके योगदान के मुताबिक सम्मान नहीं दिया। 23 दिसंबर 2004 को नरसिम्हा राव का निधन हुआ था। उस समय यूपीए की सरकार थी। राव जी के परिवार का कहना है कि अन्य प्रधानमंत्रियों की तरह उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में ही होना चाहिए क्योंकि, उनकी कर्मभूमि दिल्ली ही रही है। कांग्रेसी नेताओं ने आश्वासन दिया

## महिला सशक्तिकरण का नीतीश मॉडल अनूठा : राजीव

पटना। बिहार में महिला सशक्तिकरण की चर्चा करते हुए जद यू राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में राज्य की महिलाएं राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तौर पर सशक्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि साल 2005 में सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तौर पर समृद्ध करने के लिए कई क्रांतिकारी फैसले लिए। साल 2006 में उन्होंने पंचायती राज में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की साथ ही साल 2007 में उन्होंने नगर निकाय में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने का काम किया। नौकरियों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने हेतु सरकार के सभी सरकारी सेवाओं/संवर्गों के सभी स्तर एवं सभी प्रकार पदों पर सीधी नियुक्ति में महिलाओं को 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया। साथ ही प्राथमिक शिक्षकों के नियोजन/नियुक्ति में भी महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया। महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार की कोशिशों के चलते साल 2001 की जनगणना में राज्य की महिलाओं की साक्षरता दर में 20 प्रतिशत की दशकीय वृद्धि दर्ज हुई, जिसके कारण बिहार को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। महिलाओं में साक्षरता दर में वृद्धि का सीधा प्रभाव जनसंख्या के स्थिरीकरण पर पड़ा। वर्ष 2005 में बिहार का कुल प्रजनन दर 4.3 था जो अब घटकर 2.9 हो गया। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि साल 2007 में बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन परियोजना यानि जीविका को प्रारंभ किया गया। जीविका के तहत स्वयं सहायता समूह में आच्छादित परिवारों की संख्या वर्तमान में 1 करोड़ 30 लाख हो गई है। 10 लाख 47 हजार स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने साल 2016 में सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को विशेष तौर पर 35 फीसदी आरक्षण देने का काम किया। आज इसी का परिणाम है देश में सबसे ज्यादा महिला पुलिसकर्मियों की तादाद बिहार में है। वहीं बिहार देश का पहला राज्य है जहां महिला पुलिस बटालियन का गठन किया गया है। नीतीश कुमार की सरकार ने मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रस्तावित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में नामांकन में 33 प्रतिशत सीट लड़कियों के लिए आरक्षित करने का महत्वपूर्ण फैसला लिया और ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य बन गया है।

## साहित्य सम्मेलन के पांचवे सभापति थे चंद्रशेखरधर मिश्र

● जयंती पर साहित्य सम्मेलन में आयजित हुआ समारोह

### भारत के प्रथम हृदयरोग विशेषज्ञ थे डा श्रीनिवास

पटना। अपने समय के महान साहित्यकार और आयुवेदार्चार्य पं चंद्रशेखरधर मिश्र खड़ी-बोली हिन्दी के प्राण-प्रतिष्ठापकों में से एक थे। वे बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के पाँचवे सभापति थे। वहीं इंदिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान,पटना के संस्थापक-निदेशक डा श्रीनिवास एक महान चिंतक साहित्यकार और भारत के प्रथम हृदयरोग विशेषज्ञ थे। इन दोनों विभूतियों का व्यक्तित्व ऋषि-तुल्य था। दोनों कला, साहित्य और संगीत के आग्रही तथा उनके पोषक-उन्नायक थे। यह बातें सोमवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन



अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि डा श्रीनिवास भारत के पहले चिकित्सक थे, जिन्होंने इंग्लैंड से ईसीजी मशीन लेकर भारत आए थे, जिस मशीन से भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा राजेंद्र प्रसाद और नेपाल के प्रधानमंत्री बी पी कोईराला समेत अनेक प्रभावशाली व्यक्तियों और सामान्य जन की भी चिकित्सा हुई। डा श्रीनिवास के पुत्र ईं भैरव उस्मान प्रियदर्शी ने पिता की स्मृतियों को तर्पण देते हुए कहा कि डा श्रीनिवास ने अपने जीवन से समाज के सामने अनेक दृष्टांत रखे, जिनका अनुशरण कर समाज को सुंदर बनाया जा सकता है। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, प्रो रत्नेश्वर सिंह, पं चंद्रशेखरधर मिश्र के प्रपौत्र के पुत्र विभांक मिश्र, ईं आनन्द किशोर मिश्र, तथा प्रो सुशील कुमार झा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवि प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, पं गणेश झा, जय प्रकाश पुजारी, डा रमाकान्त पाण्डेय, शमा कौशर शमा, ओम प्रकाश पाण्डेय, ईं अशोक कुमार, शंकर शरण आर्य आदि कवियों और कवयित्रियों ने काव्य-पाठ से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पांडेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सम्मेलन के प्रबंधमंत्री कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

## पूर्व एमएलसी आजाद गांधी ने राजद से दिया इस्तीफा

● कहा-राजद में लालू यादव के सिद्धातों को नजरअंदाज किया जा रहा

### समर्पित कार्यकर्ता उपेक्षित महसूस कर रहे हैं

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले राजद को बड़ा झटका लगा है। राजद के पूर्व एमएलसी आजाद गांधी ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी से इस्तीफा देते हुए उन्होंने राजद पर कई आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने चिट्ठी लिखकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि राजद में अब लालू यादव के सिद्धातों को नजरअंदाज किया जा रहा है। आजाद गांधी ने राजद सुप्रीमो लालू यादव को चिट्ठी लिखते हुए कहा कि, मैं, आजाद गांधी, जो अतिपिछड़ा वर्ग से नाई जाति समाज का एक बेटा हूं, पिछले 35 वर्षों से राष्ट्रीय जनता दल में एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हूं। आपके नेतृत्व में एक बार विधान पार्षद का चुनाव जीतकर पार्टी के मूल्यों और सिद्धांतों को विधान परिषद में उठाने का प्रयास किया। लेकिन आपकी कमान कमजोर पड़ते ही पार्टी में अतिपिछड़ा वर्ग की लगातार उपेक्षा शुरू हो गई। ना तो सांगठनिक स्तर पर और ना ही महागठबंधन सरकार में अतिपिछड़ा वर्ग के कार्यकताओं को उचित हिस्सेदारी दी गई। पार्टी ने लोकसभा,राज्यसभा और विधान परिषद में भी अतिपिछड़ों की आबादी के अनुपात में भागीदारी सुनिश्चित नहीं की। पार्टी के संस्थापक कपूरी ठाकुर और लालू प्रसाद के सिद्धांतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। आज पार्टी में समर्पित और पुराने कार्यकताओं को हाशिए पर धकेल दिया गया है। पार्टी की कमान अब आपके और तेजस्वी के हाथों में नहीं, बल्कि हरियाणा और दिल्ली के लोगों के हाथों में सिमट गई है। पुराने कार्यकताओं को या तो पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है या निष्कासन की धमकी दी जा रही है। पार्टी कार्यालय से लेकर 10 सर्कुलर रोड तक स्थिति ऐसी हो गई है कि कार्यकताओं का दर्द सुनने वाला कोई नहीं है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी से मिलने के लिए कार्यकर्ता घंटों इंतजार करते हैं, लेकिन उन्हें निराश लौटना पड़ता है। तेजस्वी के आसपास ऐसे लोग हैं, जिनका बिहार के जमीनी मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दलित और अतिपिछड़ा समाज के कार्यकताओं का अपमान किया जाता है। समर्पित कार्यकर्ता उपेक्षित महसूस कर रहे हैं और पार्टी अब आंदोलन के रास्ते से हटकर केवल औपचारिक राजनीति तक सीमित हो गई है। इन परिस्थितियों में, मैं पार्टी में घुटन महसूस कर रहा हूं। अतः, मैं राष्ट्रीय जनता दल के सभी पदों और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

## किशोर कुणाल का निधन समाज के लिए बड़ी क्षति : रामकृपाल



पटना। आचार्य किशोर कुणाल की अंतिम शव यात्रा में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रामकृपाल यादव ने शामिल हुए। कहा कि आचार्य किशोर कुणाल समाज के लिए धरोहर थे। मैने हीरा जैसा भाई खो खो दिया है। पटना में आईपीएस अधिकारी के रूप में उन्होंने अपराध नियंत्रण भी किया था और बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष भी रहे थे। स्वास्थ्य के क्षेत्रों में भी उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जब तक सुरज चांद रहेगा आचार्य किशोर कुणाल जी का नाम रहेगा। पूर्व सांसद ने कहा कि बिहार एवं देश भर में शासन, सेवा और सनातन तीनों के आचार्य थे। उन्होंने कहा कि उनका निधन राज्य और देश के लिए, बहुत बड़ी क्षति है ! इस दुःख की घड़ी में ईश्वर परिवार जनों सहने की शक्ति दें।

## संक्षिप्त खबरें

### उपप्रमुख ने आधा दर्जन से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

विभूतिपुर, विभूतिपुर उपप्रमुख सह सामाजिक न्याय समिति के अध्यक्ष सुजीत कुमार चौधरी ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग आधा दर्जन से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान केंद्र संख्या 117 पर बच्चों की संख्या 10, केंद्र संख्या 302 पर 16, केंद्र संख्या 119 पर 0, केंद्र संख्या 166 पर 9, केंद्र संख्या 306 पर 7, केंद्र संख्या 238 पर 12, केंद्र संख्या 240 पर 13 पाया गया। जबकि केंद्र संख्या 240 पर उपस्थिति पंजी में 31 बच्चों का हाजिरी बना हुआ था। उन्होंने इन सभी केंद्रों के सेविका सहायिका एवं संबंधित महिला पर्यवेक्षाका पर उचित कानूनी कार्रवाई के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी विभूतिपुर को पत्र भेजा है। साथ ही 5 दिनों के अंदर कार्रवाई की प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराने की बात कही है।

### मिथिला के सर्वांगीण विकास के लिए पृथक राज्य का गठन समय की मांग : डॉ बैजू

दरभंगा। अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन के दौरान मिथिला के सर्वांगीण विकास के लिए पृथक मिथिला राज्य के गठन का मुद्दा छाया रहा। उद्घाटन सत्र में राजनेताओं ने देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिनिधियों की तालियां बटोरने के लिए जहां इस मुद्दे को प्राथमिकता दी, वहीं कलाकारों ने भी आम व खास लोगों के दिल में उतरने के लिए ऐसे विषय को प्रमुखता दी। यह बात अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन एवं विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा। उन्होंने कहा कि मैथिली अधिकार दिवस के सम्मेलन में लोगों ने एक स्वर में मिथिला के सर्वांगीण विकास के लिए पृथक मिथिला राज्य के गठन को समय की मांग बताया। मौके पर अंतरराष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन के लिए गठित संरक्षण समिति में प्रवासी मैथिल अजय झा को शामिल किए जाने की घोषणा करते हुए संस्थान की ओर से उनका अभिनंदन किया गया। अपना विचार रखते हुए अजय झा ने कहा कि मैथिली संसार की संभवतः अकेली ऐसी भाषा है, जिसके आदि काल के प्रामाणिक एवं ठोस गद्य साहित्य उपलब्ध हैं। इस अवसर पर पं कमलाकांत झा, प्रो विजयकांत झा, दुगार्नंद झा, विनोद कुमार झा, प्रो चन्द्र शेखर झा बूढ़ा भाई, डा गणेश कांत झा, सुधीर कुमार झा, प्रवीण कुमार झा, आशीष चौधरी आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

### प्रभात दास फाउंडेशन द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय सतलाखा डीह में स्वयंसेवी संस्था डॉक्टर प्रभात दास फाउंडेशन के द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. आयोजन मे वर्ग 3 से 5 के छोटे -छोटे बच्चों लगभग 35 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिए सफल तीन छात्र जिसमें प्रथम रवि रंजन कुमार द्वितीय शिवानी कुमारी तृतीय जुली कुमारी सहित सभी प्रतिभागियों को फाउंडेशन की ओर से कॉपी, कलम,पेन्सिल एवं जोमेट्री बॉक्स पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया यह पुरस्कार स्कूल के शिक्षिक संजय कुमार चौधरी के हाथों प्रदान किया गया पुरस्कार देते हुए उन्होंने कहा कि फाउंडेशन के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम करने से समाज के निचले तबके के छात्रों को अपना हुनर दिखाकर आगे बढ़ने का मौका मिलता है ओर छात्र इस संस्था की ओर से कब कार्यक्रम हो उसके लिए उत्सुकता बना रहता है मौका पर शिक्षक महेश कुमार पासवान, अभिलाषा कुमारी, अभिलाष मिश्रा साथ सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किया गया जिसमें रितु कुमारी, शिवानी कुमारी,कृष्ण कुमार साहनी,सोनी कुमारी,रिया कुमारी ने भाग लिए।

# डीएम ने की धान अधिप्राप्ति की समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर ।जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति का सफल, सुचारू एवं सरकारी मानक के अनुरूप अधिप्राप्ति का कार्य सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ सोमवार को समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिप्राप्ति के प्रखंडवार लक्ष्य, धान की खरीदारी, सीएमआर जमा, भुगतान आदि की विंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया।

जिला के कुल 269 कार्यरत सोसायटी द्वारा 3029 किसानों से 25315.7 मिट्रिक टन की अधिप्राप्ति की गई है। इसमें से 2371 किसानों को भुगतान किया गया है।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि मुसहरी एवं मीनापुर में अधिप्राप्ति एवं भुगतान का कार्य सराहनीय है।

मरवन एवं कांटी में धान की अधिप्राप्ति एवं भुगतान में असंतोषजनक प्रदर्शन रहा है, फलस्वरूप दोनों प्रखंड के प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। कटरा, साहेबगंज एवं सकरा के असंतोषजनक प्रदर्शन को देखते हुए आवश्यक सुधार लाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सकरा, सरैया, बोचहा, मुरौल, मोतीपुर, मरवन में अधिप्राप्ति के कार्य में शिथिलता को देखते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी को क्षेत्रभ्रमण कर तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि अभी 21 पैक्स द्वारा अधिप्राप्ति का कार्य शुरू नहीं किया गया है। उन्हें दो दिनों के भीतर अधिप्राप्ति शुरू करने का निर्देश दिया गया अन्यथा अकार्यरत पैक्स को अन्य पैक्स से टैग कर दिया जाएगा। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी सुश्री श्रेयाश्री, जिला सहकारिता पदाधिकारी रामनरेश पांडेय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रभात कुमार, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम , उदय नारायण प्रसाद आदि अधिकारी उपस्थित थे समीक्षा बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी जुड़े हुए थे।

## बीपीएससी पुनर्परीक्षा की मांग को लेकर सड़कों पर उतरा छात्र संगठन




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।बीपीएससी पीटी पुनर्परीक्षा की मांग पर आंदोलित छात्रों पर बर्बर पुलिसिया दमन के खिलाफ सोमवार को आरवाईए और आइसा के राज्यव्यापी चक्का जाम के तहत मुजफ्फरपुर में हरिसभा चौक से कल्याणी,मोतीझील, तिलक मैदान रोड, जवाहर लाल रोड और छोटी कल्याणी तक मार्च निकाला गया। कल्याणी चौक पर मार्च को संबोधित करते हुए आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम ने नीतीश-मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बीपीएससी की 70वीं पीटी पटना समेत बिहार के अनेक केंद्रों पर पेपर लीक व घोर आपत्तिजनक अनियमितताओं के साथ सम्पन्न हुई। परीक्षा रद्द करने की लोकप्रिय मांग उठी।. अभ्यर्थी ठंड में धरने पर बैठे, पर नीतीशझभाजपा सरकार न सिर्फ जिद्द में बहरी बनी रही बल्कि उल्टे न्याय की मांग कर रहे नौजवानों पर अंग्रेजी शासन की याद दिलाने वाला बर्बर लाठीचार्ज किया।आइसा मुजफ्फरपुर के संयोजक दीपक कुमार ने कहा कि नीतीश-मोदी सरकार बिहार में सुशासन के बड़े बड़े दावे करती है पर एक परीक्षा सुचारु रूप से करा पाने में सफल नहीं है। लोकतांत्रिक मांगे उठाने पर जेल, फर्जी मुकदमे और बर्बर पुलिसिया दमन किया जा रहा हैं।आरवाईए मुजफ्फरपुर के सचिव एडवोकेट मुकेश पासवान ने कहा कि बिहार इस वक्त शिक्षा और परीक्षा माफियाओं की गिरफ़्त में है। समय पर डिग्री न मिलना, कॉलेज में शिक्षक का न होना, परीक्षा में धांधली, पैसे पर बिकती नौकरी और डिग्री बिहार में आम चलन बनता जा रहा है। सरकार इन माफियाओं पर लगाम लगाने की बजाय युवाओं पर लाठियां चला रही है। आरवाईए मुजफ्फरपुर के उपाध्यक्ष शफीकुर्रहमान ने कहा कि मुजफ्फरपुर केंद्र पर बीपीएससी पीटी परीक्षा देने वाले पटना जिले के पालीगंज के सोनू कुमार नाम के छात्र ने इस तनाव में अपनी जान दे दी। यह आत्महत्या नहीं सांस्थानिक हत्या है जिसका जवाब मोदीझनीतीश की को देना होगामार्च में माले नगर सचिव सूरज कुमार सिंह, इंसाफ मंच मुजफ्फरपुर के जिलाध्यक्ष फहद जमां,असलम रहमानी, आरवाईए नेता एजाज अहमद,अजय कुमार कुशवाह,सुशील कुमार यादव, विकाश कुमार, अशोक कुमार, शिवम कुमार, संतोष कुमार, ब्रजकिशोर सहनी,मोहम्मद रेहान,प्रमुख राम, हरदेव राम राम, मोहम्मद जावेद अख्तर औ मनीष यादव आदि शामिल थे।

## अभिमन्यु को मिला सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी फिल्म अवार्ड



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।युवा फिल्म निमार्ता अभिमन्यु कुमार को उनकी नई फिल्म वेलकम के लिए सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी फिल्म का अवार्ड मिला है। यह सम्मान उन्हें रविवार को अयोध्या में आयोजित अयोध्या भोजपुरी सिने अवार्ड 2025 दिया गया। इंपा के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने अभिमन्यु कुमार को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया।कम बजट में बनी अभिमन्यु कुमार की फिल्म ह्यवेलकमह्न ने दर्शकों का दिल जीत लिया और इसे आलोचकों से भी सराहना मिली। इस फिल्म से उन्होंने सोशल मीडिया के स्टार मनी मेराज को बड़े पर्दे पर लॉन्च किया, जो अपने शानदार अभिनय से सबका ध्यान खींचने में सफल रहे। फिल्म की कास्ट में वन्नू डी ग्रेट, शशि यादव, प्रकाश जैश, रत्नेश बरनवाल, और अभय झा जैसे उम्दा कलाकार शामिल थे। फिल्म का लेखन और निर्देशन संतोष मिश्रा ने किया है।अभिमन्यु कुमार मुजफ्फरपुर के निवासी हैं और वे अपनी फिल्मों की शूटिंग बिहार में ही करना पसंद करते हैं। उनका उद्देश्य स्थानीय कलाकारों और तकनीशियनों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करना है। अभिमन्यु अब तक ह्यबधाई होह्न, ह्यनाग नागिनह्न समेत कई हिट फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं।इस अवार्ड के साथ अभिमन्यु कुमार ने न केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, बल्कि बिहार के फिल्म उद्योग को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक कदम और बढ़ाया है। उनकी इस सफलता ने मुजफ्फरपुर और बिहारवासियों को गौरवान्वित किया है।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक किया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी उक्त बैठक में जिलाधिकारी द्वारा खेल विभाग की योजनाएं आपदा सात निश्चय योजना सहित नीलाम पत्र वाद जिला लोक शिकायत निवारण में दायर परिवाद समाधान यात्रा में प्राप्त आवेदन सी पी ग्राम जानता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनो माननीय उच्च न्यायालय में चल रहे मामलो सूचना का अधिकार, मानवाधिकार आदि से संबंधित मामलों की बारी बारी से समीक्षा की गई। खेल विभाग की योजनाओं की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने जिले के सभी पंचायतों में अविलंब स्पोर्ट्स क्लब का गठन करने का निर्देश दिया। जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि अभी तक 82 स्पोर्ट्स क्लब का गठन किया जा चुका है शेष स्थानों में भी गठन की करवाई चल रही है। जिलाधिकारी ने जिले के सभी पंचायतों में खेल मैदान निर्माण कार्य में भी तेजी लाने का निर्देश दिया।स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने टेलीमेडिसिन के माध्यम से अधिक से अधिक लोगो को चिकित्सा परामर्श देने हेतु सिविल सर्जन को कई निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में यह सुविधा सुनिश्चित करे। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियो को तेजी से निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने नीलाम पत्र वादों के निष्पादित मामलों को राजस्व विभाग के पोर्टल पर ससमय अपलोड करने का निर्देश दिया।

## 2024 : अपराधियों के निशाने पर रहे स्वर्ण आभूषण के बड़े प्रतिष्ठान

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कोलकाता के दमदम जेल में बंद कुख्यात अपराधी के इशारे पर हथियार से लैस आधा दर्जन से अधिक अपराधियों ने 28 फरवरी की शाम मोहनपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वेल्स में छह करोड़ रुपए मूल्य के सोना लूट की घटना को अंजाम देकर समूचे बिहार सनसनी फैला दी थी। यह लूट की घटना जिले के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी लूट की घटना है। अपराधियों इस लूट की घटना से पहले एक महीने तक रेकी की थी और हाईटेक तरीके से लूट की घटना को अंजाम दिया था। हालांकि एक अपराधी को छोड़ जिले की पुलिस अन्य अपराधियों को नहीं पकड़ सकी थी, लेकिन गुजरात पुलिस व बिहार एसटीएफ ने इस घटना में संलिप्त पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया था। अपराधियों ने 10 किलो 536 ग्राम सोना व कैश की लूट की थी। बाद में रिमांड पर लेकर पूछताछ व उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चार लाख 85 हजार रुपए व एक सोने जैसा चेन, दो सोने का हनुमानी, एक सोने जैसा अंगूठी बरामद किया था। पुलिस ने इस लूट की घटना के लिए रिलायंस ज्वेल्स में सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने को जिम्मेवार बताया था। हालांकि उसके बाद पुलिस लूट का सोना बरामद करने में अब तक सफल नहीं हो सकी है। वहीं 23 नवंबर की शाम हथियार से लैस अपराधियों ने शहर के पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड स्थित अनिल ज्वेलर्स में एक करोड़ रुपए मूल्य के सोने, चांदी व डायमंड के आभूषण की लूट की घटना को अंजाम दिया था। लूट के बाद भागने के दौरान एक अपराधी की बाइक ओवर ब्रिज के नीचे छूट गई थी और उसी सुराग के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूट की घटना में संलिप्त अपराधियों को लूट का आभूषण के साथ गिरफ्तार किया था। एक ही वर्ष में लूट की दो बड़ी-बड़ी घटनाओं के बावजूद पुलिस की गश्ती व चौकसी शहर में सही ढंग से नहीं हो पा रही है और न ही पुलिस सर के व्यवसायियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं के आधार पर लूट की घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर कोई ठोस कदम उठा रही है।

## बीपीएससी 70वीं संयुक्त प्रतियोगीता परीक्षा को रद्द कर फिर से परीक्षा लेने को किया प्रदर्शन




समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बीपीएससी 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में अनियमितता व प्रश्न पत्र लीक के खिलाफ सोमवार को छात्र-युवा संगठन आइसा-आरवाईए के राज्यव्यापी चक्का जाम आंदोलन के आहवान पर समस्तीपुर में ओवरब्रीज चौराहा समस्तीपुर से दरभंगा जाने वाले मुख्य मार्ग को आइसा- आरवाईए व एसएफआई कार्यकताओं ने घंटों जमा किया। जिससे समस्तीपुर, दरभंगा मुख्य पथ पर दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी लाईन लग गई। ट्रैफिक पुलिस उपाध्यक्ष एवं नगर थाने की पुलिस के घंटों मसकत के बाद चक्का जाम आंदोलन को सभा में तब्दील कर आइसा जिला सचिव सुनील कुमार व आरवाईए जिला सचिव रौशन कुमार के अध्यक्षता तथा एसएफआई जिला सचिव छोटू भारद्वाज, नीलकमल, आइसा अध्यक्ष लोकेश राज के संचालन में आयोजित की गई। सभा को सम्बोधित करते हुए आरवाईए जिला सचिव रौशन कुमार ने कहा कि 70 वीं बीपीएससी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में अनियमितता एवं पेपर लीक के खिलाफ बीपीएससी अभ्यर्थियों लोकतांत्रिक व शांतीपूर्ण तरीके से आंदोलनरत है। जिस पर आयोग व सरकार को सुध लेने के बजाय अभ्यर्थियों पर लाठी चार्ज और वाटर कैनन चलवा रही है। जिससे बीपीएससी अभ्यर्थियों और छात्र संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। जेडीयू-भाजपा सरकार छात्र हित में बीपीएससी 70 वीं संयुक्त प्रतियोगीता परीक्षा रद्द कर पुनः परीक्षा की घोषित करें तथा अभ्यर्थियों दर्ज मुकदमे वापस ले और बर्बर पूर्ण लाठी चार्ज करने वाले पुलिस पदाधिकारियों पर सख़्त कार्रवाई की जाय। आइसा जिला सचिव रौशन कुमार ने कहा कि आये दिन बिहार में आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में पेपर लीक व अनियमितता आम बात हो गई है। इस पर ठोस नीति बनाय सरकार तथा पेपर लीक व अनियमितता के दोषी पर सख़्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। ताकि योग्य अभ्यर्थियों को अवसाद शिकार होना न पड़ें। आज अगर सरकार और आयोग बीपीएससी अभ्यर्थियों के मांगो पर सकारात्मक पहल करती तो बीपीएससी अभ्यर्थियों सोनू कुमार को जीवन लीला समाप्त करने को बाध्य नहीं होता। परिवार का एकलौता पुत्र सोनू कुमार के परिजन को सरकार मुआवजा दे और पारदर्शी कदाचार मुक्त परीक्षा की ग्रंथि करें। वहीं आइसा-आरवाईए के जिला प्रभारी सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रशांत किशोर सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए पटना में आंदोलनरत बीपीएससी अभ्यर्थियों को आगे कर पुलिस की लाठी खाने के बजाय अभ्यर्थियों को पीटते छोड़ भाग खड़े हुए है।

## अलग-अलग तीन मंदिरों व विद्यालय से हजारों की चोरी

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र के अलग-अलग तीन मंदिरों और एक विद्यालय से अज्ञात चोरों ने रविवार की रात्रि हजारों रुपए मूल्य की समान चोरी कर ली। एक ओर जहां कल्याणपुर बाजार स्थित हनुमान मंदिर में रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम देकर फरार हो गया। चोरों ने मंदिर परिसर से साउंड सिस्टम का मिक्सर मशीन एवं मेमोरी चोरी कर लिया तथा स्टेपलाइजर को मंदिर के बाहर सड़क पर फेंक दिया। मामले को लेकर मंदिर को देख-देख कर रहे कल्याणपुर उत्तर पंचायत के पूर्व मुखिया राम नारायण राय ने थाना में एक आवेदन दिया है। बताया कि सोमवार कि अहले सुबह सूचना मिली की मंदिर में चोरी हो गई है। आकर देखा तो साउंड सिस्टम का मशीन बिखरा पड़ा हुआ था। स्टेपलाइजर मंदिर के बाहर सड़क पर फेंका हुआ था। साउंड सिस्टम का मिक्सर मशीन एवं मेमोरी अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी मंदिर का ताला तोड़कर चोरों ने हनुमान जी के गले से सोना का 9 चक्ती, पीतल का बर्तन घड़ीघंट सहित अन्य सामान चोरी कर लिया था। एक बार मंदिर परिसर से पानी के लिए लगा मोटर भी खोल लिया था। इस संबंध में पूर्व में भी थाना में दो बार आवेदन दिया गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई नहीं होने के कारण चोरों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता गया और आए दिन चोरी की घटना का अंजाम अज्ञात चोरों द्वारा दिया जा रहा है। वहीं चकहबीब पंचायत के शाहपुर परोही स्थित शिव दुर्गा मंदिर में चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया। मंदिर के पुजारी अनीता देवी व उनके पुत्र सुरेश जाने बताया कि रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने साउंड सिस्टम का 1000 वाट का एक एमप्लीफायर मशीन, एक मिक्सर मशीन, कॉडलेस माइक चोरी कर ली तथा साउंड बॉक्स को बाहर फेंक दिया। वहीं मध्य विद्यालय चकहबीब में भी रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने प्रधानाध्यापक कक्ष का ताला तोड़कर चोरी की घटना का अंजाम दिया। मामले को लेकर प्रभारी प्रधानाध्यापक संजीत कुमार पासवान ने थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया है कि अज्ञात चोरों ने विद्यालय के कार्यालय सहित अन्य कक्ष का ताला काटकर लाउडस्पीकर, माइक, यूनिट, घंटी एवं रसोई घर से रसोईया का मोबाइल जो छूट गया था चोरी कर लिया। साथ ही अन्य कक्ष का पंखा एवं बिजली बोर्ड को क्षतिग्रस्त कर दिया। वही चकहबीब लंका चौक स्थित दुर्गा मंदिर के देखरेख कर रहे रामप्रवेश मिश्रा ने बताया कि यहां भी चोरों ने अलमारी का दो ताला तोड़ा साउंड बॉक्स को मंदिर से दूर ले जाकर फेंक दिया। माता की कृपा से यहां सामान सुरक्षित बच गया है। एक साथ कई मंदिरों में चोरी व विद्यालय में चोरी से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग पुलिस प्रशासन के कार्य शैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है। बता दें कि आए दिन चोरी की घटना दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। वहीं पुलिस प्रशासन इस पर अंकुश लगाने में असफल साबित हो रहे हैं। चोर कभी मंदिर तो कभी किसी के घर का निशाना बनाते हैं, तो कभी दुकान का तो कभी दरवाजे पर खड़ी गाड़ी का। वहीं पुलिस प्रशासन गश्ती के नाम पर खानापूर्ति तो करते हैं परंतु चोरों पर अंकुश लगाने में असफल साबित हो रहे हैं।

## गरीबों व मजूदरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : संजय सरावगी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा। सदर प्रखंड दरभंगा के करकौली मे विशेष मजदूर शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे विधायक संजय सरावगी के द्वारा श्रम संसाधन विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग एवं अन्य विभागो के योजनाओं प्रावधानो के संबंध मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। विधायक श्री सरावगी के द्वारा बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के विवाह अनुदान योजना, साईकिल क्रय योजना, मृत्यु लाभ योजना, मातृत्व योजना, पितृत्व योजना एवं अन्य योजनाओ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही माननीय विधायक के द्वारा वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, विकलांगता प्रमाण पत्र से संबंधित विभिन्न शिकायतो का तत्काल समाधान किये जाने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। विधायक ने लोगो से आह्वान किया गया कि ज्यादा से ज्यादा पात्र श्रमिक अपना निबंधन करवायें। विधायक द्वारा बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विवाह सहायत अनुदान योजना से लाभान्वि पुकार राम, राजेश सहनी, विनोद सहनी, डोमु यादव, राम सूचित यादव, रामु यादव, अजित मंडल एवं आशा देवी, पेंशन स्वीकृत्यादेश की प्रति प्रदान की गयी।

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में पुतला दहन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । पटना में अपनी न्यायोचित मांगों के लिए संघर्षरत बीपीएससी छात्रों पर सरकार द्वारा की गई बर्बर कार्रवाई ने न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को, बल्कि मानवता को भी गहरे आघात पहुंचाया है। कड़ाके की ठंड में छात्रों पर किए गए लाठीचार्ज और पानी की बौछार, सरकार की क्रूरता और असंवेदनशीलता को उजागर करते हैं। विशेष रूप से छात्राओं के साथ हुए दुर्व्यवहार ने समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना छात्रों के आत्मसम्मान और उनके अधिकारों पर सीधा हमला है। ये बातें एआईडीएसओ के छात्र नेताओं ने कही। सोमवार को इस अन्याय के खिलाफ राज्यव्यापी प्रतिवाद मार्च का आयोजन किया गया। मुजफ्फरपुर में एल.एस. कॉलेज के मुख्य द्वार पर छात्रों और कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इस प्रदर्शन में ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (एआईडीएसओ) ने अपनी गहरी पीड़ा और आक्रोश प्रकट करते हुए इस अमानवीय कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की।एआईडीएसओ के मुजफ्फरपुर जिला अध्यक्ष शिव कुमार ने कहा, यदि सरकार छात्रों की न्यायपूर्ण मांगों पर ध्यान नहीं देती है, तो हम मजबूर होकर इस आंदोलन को और तेज करेंगे। सरकार की संवेदनहीनता ने छात्रों को सड़क पर उतरने को बाध्य किया है, लेकिन हम अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। यह आंदोलन सिर्फ एक विरोध नहीं, बल्कि न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की हमले का जवाब है।कार्यक्रम में जिला कमिटी सदस्य संतोष कुमार, अली अख्तर, मौसम कुमार, राम ईश्वर राम, विवेक कुमार शर्मा, रोहित कुमार, चंदन कुमार पासवान, सोनू कुमार, और उत्पल कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## संदिग्ध बाइक को पकड़ने के बाद छोड़ने पर एसपी ने चौकीदार से लेकर दारोगा तक को निलंबित किया

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस टीम के द्वारा एक संदिग्ध मोटरसाईकिल को पकड़ने के बाद छोड़ने और कार्रवाई न करने के मामले में तीन पुलिसकर्मियों पर गाज गिर गयी है। एसपी अशोक मिश्रा ने तीनों पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। एसपी ने बताया है की रोसड़ा थानाध्यक्ष की भूमिका भी इस मामले में संदिग्ध है, उसकी जांच की जा रही है। दोषी पाये जाने पर थानाध्यक्ष पर भी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि उन्हें किसी के द्वारा गुप्त सूचना दी गई की रोसड़ा थाने पर एक बाइक को पकड़कर लाया गया फिर उसे छोड़ दिया गया। जिसके बाद उन्होंने रोसड़ा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से मामले की जांच करायी। जांच के क्रम में मामला सत्य पाया गया जिसके बाद तीनों पुलिसकर्मियों को एसपी ने निलंबित कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने दरोगा रामपति प्रसाद, जमादार जयनेन्द्र कुमार एवं चौकीदार कमलेश पासवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया हैं। वहीं इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मंडल की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। इस मामले में अग्रतर जांच व आवश्यक कार्रवाई की जा रही हैं।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर ग्रामीण पशु चिकित्सक की हुई मौत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के उजियारपुर थाना अंतर्गत सातनपुर की ओर जाने वाली सड़क में सोमवार 30 दिसम्बर की सुबह करीब 11 बजे हुई सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उजियारपुर में भर्ती कराया गया। जिसे ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृत व्यक्ति की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के रायपुर वार्ड 02 निवासी खखन दास के 38 वर्षिय पुत्र हरेराम दास के रूप में की गयी है। उधर घटना की सुचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच गयी। उधर मृतक के घर घटना के बाद कोहराम मचा हुआ है। परिवार के सभी लोगों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। वहीं घटना की सुचना मिलने के बाद उजियारपुर पुलिस पीएचसी उजियारपुर पहुंच, मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज मामले की छानबीन में जुट गयी है। मृतक पेशे से ग्रामीण पशु चिकित्सक बताए जा रहे हैं। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का बताना है कि, मृतक सातनपुर की ओर से आकर उजियारपुर प्रखंड कार्यालय की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे किसी अज्ञात चारपहिया वाहन ने उक्त बाईक चालक को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उजियारपुर में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के संबंध में सुत्रों का बताना है कि, सड़क हादसे के समय एक जुगाड़ ठेला चालक काफी तेजी में ठेला लेकर उजियारपुर की तरफ भागा जा रहा था। इसलिए स्थानीय लोगों ने यह अंदेशा जाहिर किया है कि, संभवतः उस जुगाड़ ठेला चालक ने ही उक्त बाईक सवार को ठोकर मारी होगी।

## बाबा साहब पर अपमान जनक टिपणी के खिलाफ वामदल ने निकाला प्रतिवाद मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।वाम दलों के संयुक्त आह्वान पर देश व्यापी प्रतिवाद दिवस के तहत दरभंगा में सीपीआई, सीपीआईएम, एवं सीपीआई एम एल के जिला सचिव के नेतृत्व में लहेरिया सराय पोलो मैदान से हजारों लोगों का मार्च पिछले संसदीय सत्र के दौरान संविधान निमार्ता बाबा साहब पर अपमान जनक टिपणी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह के बरखास्तगी की माँग एवं देश के आवाम से गृहमंत्री माफी मांगो एवं संविधान व लोकतंत्र पर हमला नहीं सहेंगे जैसे नारे लगाते हुए बाबा साहब के स्मारक स्थल पर पहुंच जहां बाबा साहब पर माल्या अर्पण करने के वाद विभिन्न मार्ग होते हुए लहेरिया सराय कमीशनरीके सामने रोटरी क्लब पहुंचा जहाँ प्रदर्शनकारियों की एक सभा आयोजित किया गया सभा की अध्यक्षता भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सह ऐकटू जिला सचिव उमेश प्रसाद साह, सीपीआई के साथी अहमद अली तमन्ने, सीपीआई एम के साथी दिनेश झा ने संयुक्त रूप से किया। सभा को सीपीआई के जिला मंत्री नारायण जी झा, किसान सभा के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी, सुधीर साह, विश्वनाथ सिंह, मो0 कलाम, गौतमकांत चौधरी, ललित मिश्र, रामनाथ पासवन, राम नरेश राय, सीपीआई एम के जिला मंत्री मंटू ठाकुर, राज्य सचिव मंडल सदस्य श्याम भारती, राम सागर पासवान, गोपाल ठाकुर, दिलीप भगत, गणेश महतो, शिला देवी, तब्बोसुम, सीपीआई एम एल के जिला सचिव, बैद्यनाथ यादव, हरी पासवान, अभिषेक कुमार, मो0 जमालूद्दीन, विनोद सिंह, देवेंदर कुमार, सविता देवी, सत्यनारायण पासवान पप्पू, सुरेंदर पासवान, सिवन यादव, परवीन यादव, प्रिंस कर्ण आदि ने सम्बोधित किया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज देस के अंदर मोदी सरकार खुलेआम धज्जियां उड़ा रही हैं। संसद में आंबेडकर कहकर संविधान निमार्ता का मजाक बनाया गया है। ऐसे गृह मंत्री को तत्काल पद से हटाना चाहिए। वाम नेताओं ने कहा कि संविधान को बचाने के लिए लाल झंडा गांव-गांव में अभियान चलाएंगी।

## पप्पू सिंह के नेतृत्व में छात्र संघ के अध्यक्ष ने किया भाजपा का सदस्यता ग्रहण

प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर( दरभंगा) ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने के मिशन में जुटे हुए हैं दरभंगा भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह पप्पू सिंह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि परिवारवादी लोग कभी युवाओं को मौका देने में विश्वास नहीं करते, इसलिए वह देश के एक लाख ऐसे नौजवानों को राजनीति में लाएंगे जिनके परिवार का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। इसी क्रम में सोमवार को नरमा स्थित अपने आवास सह कार्यालय में संजय सिंह पप्पू सिंह ने सीएम साइंस कॉलेज दरभंगा छात्र संघ अध्यक्ष अरुण कुमार कुशवाहा,अनुज कुमार,पंकज कुमार को बीजेपी का सदस्यता ग्रहण कराई। सभी छात्र नेताओं को भगवा गमछे के साथ भाजपा में सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि वर्तमान में सिर्फ भाजपा ही ऐसी संगठन है जहां पर परिवारवाद नहीं चलता है। एक साधारण कार्यकर्ता भी भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है और प्रधानमंत्री जैसी सर्वोच्च कुर्सी पर विराजमान हो सकता है। ऐसा किसी और दल में संभव नहीं है। आज युवाओं और छात्रों की उम्मीदें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से है और जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि वे 1 लाख ऐसे लोगों को राजनीति में अवसर देंगे जिनके परिवार का राजनीति से दूर दूर तक कोई वास्ता नहीं है। संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि अरुण कुमार कुशवाहा, अनुज कुमार एवं पंकज कुमार के भाजपा में शामिल होने का संगठन को लाभ मिलेगा। इस मौके पर सीएम साइंस कॉलेज छात्र संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार कुशवाहा ने कहा कि हम सभी लोग संजय सिंह पप्पू सिंह जी की कार्यशैली से प्रभावित है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीड़ी मजदूरी की बढ़ोतरी को लेकर हुई बैठक

जमुई [ झाझा ] सोमवार को बीड़ी मजदूरी में बढ़ोतरी को लेकर पुरानी बाजार स्थित बरनवाल सेवा सदन में बीड़ी निमार्ताओ की एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता अनिल बरनवाल ने किया। बैठक में सभी बीड़ी निमार्ताओं ने सर्व सहमति से 22 दिसम्बर को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार सभी तरह के बीड़ी में 15 रुपए बढ़ोतरी जो कि गई उसका सभी बीड़ी निमार्ताओ को 1 जनवरी से लागू करने पर चर्चा की गई। बीड़ी निमार्ता गोपाल बरनवाल में बताया कि जो कम्पनी बढ़ी हुई मजदूरी नही देगा उसपर संघ की ओर से प्रशासनिक दबाब दिया जाएगा। बैठक में प्रफुलभाई, गुड्डू बंका, ललन बरनवाल, बासकी बरनवाल, अजय साह, नौशाद अंसारी, एवं अन्य कई बीड़ी निमार्ता मौजूद थे।

# बाबा साहेब पर की गई टिप्पणी के विरोध मे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने निकाला अंबेडकर सम्मान मार्च

● संविधान और अंबेडकर विरोधी अमित शाह का मांगा इस्तीफा

प्रात: किरण, संवाददाता






जमुई-ई० अलीगंज :संसद में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भीमराव अंबेडकर पर किए गए टिप्पणी का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को विरोध में अलीगंज बाजार में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला। मार्च की शुरूआत अलीगंज बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर से निकली जहां विरोध मे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने कार्यकताओं ने पार्टी के बैनर तले व हाथ में झंडा लिए कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए पूरे बाजार का भ्रमण करते हुए अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके अपमान के विरोध में गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर सीपीआई के जिला सचिव सुनील सिंह ने कहा कि बीजेपी संविधान विरोधी, दलित विरोधी और अंबेडकर विरोधी है। जो देश की जनता को गुमराह किया जा रहा। भाजपा हमेशा से दलितों, आदिवासियों, गरीब और मध्यमवर्ग विरोधी रही है। आरक्षण जैसे मुद्दों पर बात करने के बजाय जनता को भ्रमित कर ध्यान बांटने का काम केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें कर रही हैं। बाबा साहेब के बनाये गये संविधान के साथ छेड़छाड़ कर देश की जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का अपमान करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही होना चाहिए। वहीं अंचल सचिव वीरेंद्र सिंह ने कहा कि अमित शाह ने लोकसभा में बाबा साहेब का अपमान कर देश के सर्वहारा वर्ग का अपमान किया है, उसके लिए देश की जनता से उन्हें माफी मांगना चाहिए और उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के समतामूलक, समानता और न्याय के सिद्धांत पर चलने की सलाह भाजपा को रास नहीं आ रही है। सदन में सत्ता पक्ष ने लगाता विपक्ष की आवाज को दबाने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने डॉ. अंबेडकर का अपमान कर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा की मनुवादी मानसिकता को उजागर किया है। इस मौके पर दिनेश कुमार, बालेश्वर चौधरी, अरविंद यादव , बबलू सिंह, रामचरित रविदास, जगजीवन राम, नरेश यादव, उदय सिंह समेत पार्टी के दर्जनों लोग मौजूद थे।

# रेफरल अस्पताल भवन को जेसीबी से तोड़ने का कार्य सोमवार को हुआ शुरू



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सोमवार को झाझा रेफरल अस्पताल परिसर में पुराने जर्जर भवन को तोड़ने एवं नये भवन बनने की स्वीकृति के आदेश के पहल पर रेफरल अस्पताल के पुराने भवन को जेसीबी से तोड़ने का कार्य शुरू कर दिया गया। वहीं दो जेसीबी के सहारे पुराने जर्जर भवन को तोड़ने का कार्य एक साइड से किया जा रहा है। जर्जर अस्पताल भवन को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू होते देख लोगों की भीड़ मौके स्थल लगी रही । अस्पताल की जर्जर भवन को तोड़ने से पहले विभाग के द्वारा जर्जर अस्पताल में संचालित हो रहे स्वास्थ्य सुविधा को हटाने के लिए बीएमएसआईसीएल की ओर से पत्र अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को लिखा गया था और फिर अस्पताल के ओपीडी, लेबर रूम, एक्सरे कक्ष, आदि काउंटर को बगल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिफ्ट किया इसके अलावे अस्पताल में सरकारी आवास को भी खाली करवाया गया। जर्जर अस्पताल के भवन को तोड़ने को लेकर दो दिन पूर्व ही अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार सिंह की ओर से बीएमएसआईसीएल को पत्र लिखा गया था।

# सशक्त फाउंडेशन 12 लोगों को नि:शुल्क ऑक्सीजन कान्सेनट्रेटर उपलब्ध कराया

प्रात: किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर)। प्रखंड के कल्याणपुर गांव में समारोह पूर्वक सशक्त फाउंडेशन मुंगेर की ओर से उपाध्यक्ष प्रह्लाद कुमार के नेतृत्व में 12 लोगों के बीच ऑक्सीजन कान्सेन्ट्रेटर (जनरेटर) का वितरण किया गया। सशक्त फाउंडेशन के सचिव गौरव शर्मा एवं उपाध्यक्ष प्रहलाद कुमार ने संयुक्त बयान में कहा कि ऑक्सीजन का हम लोगों के जीवन में कितना महत्वपूर्ण स्थान है यह सभी लोग जानते हैं, खासकर के कोरोना काल में ऑक्सीजन की किल्लत से कई कोरोना ग्रस्त लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि जो पैसे वाले होते हैं वह तो पैसे के बल पर ऑक्सीजन की व्यवस्था कर लेते हैं परंतु वैसे गरीब जिन्हें एक टाइम का भोजन मिल पाना मुश्किल होता है। वे ऑक्सीजन के अभाव में अपने जिंदगी को खो बैठते हैं, इन्हीं बातों को ध्यान रखते हुए मुंगेर जिले के खड़गपुर प्रखंड के प्रसण्डो नवासी पशुपति पारस, भदौरा निवासी मृत्युंजय सिंह, पहाड़पुर निवासी पीयूष कुमार, नर्सिंग कॉलेज कटोरिया मनोरमा देवी कल्याणपुर निवासी सोमेश्वर कुमार, जमालपुर रामपुर बस्ती निवासी आलोक कुमार, जानकी नगर मुंगेर निवासी नीरज कुमार, तारापुर निवासी गुंजन कुमार एवं बरियारपुर निवासी मनोज कुमार सहित कुल 12 लोगों के बीच ऑक्सीजन कान्सेन्ट्रेटर (जनरेटर) मशीन का वितरण किया गया। इस मशीन से ऑक्सीजन का निर्माण होता है। मशीन में सीधे बिजली देकर पीड़ितों को लगाया जाता है। इस मशीन को निःशुल्क वितरण किया गया और लोगों को ऑक्सीजन की निःशुल्क सुविधा उन लोगोंके द्वारा दिया जाएगा जिन्हें वह मशीन उपलब्ध करवाई गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में छोटू कुमार, शिवम कुमार, शनिचर कुमार, चीकू कुमार, अभय कुमार, लभ कुमार शामिल थे।

# आजाद हिंद समाजिक संगठन द्वारा वस्त्र वितरण किया गया

प्रात: किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)।आजाद हिंद सामाजिक संगठन बरियारपुर के द्वारा ठंड को देखते हुए संगठन ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से अनुपयोगी वस्त्रों को संग्रह कर बरियारपुर प्रखंड के कड़हरिया पूर्वी पंचायत के वार्ड संख्या 05 के मुरला मुसहरी गांव में उन वस्त्रों को जरुरतमंद लोगों के बीच वितरण किया गया। संगठन के संस्थापक मोहित चौधरी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से संगठन के द्वारा लगातार जरूरतमंदों के बीच स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से अनुपयोगी वस्त्रों को संग्रह कर जरूरतमंदों के बीच वितरण किया जाता है।संगठन के संस्थापक सदस्य अभय किशन एवं दिव्यांशु कुमार ने बताया कि संगठन के द्वारा इस गांव में कई बार जरूरतमंद बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। वहीं संगठन के संस्थापक सदस्य रघुवीर प्रसाद राहीं एवं हर्ष आनंद ने बताया कि संगठन पिछले माह गंगा कटाव से पीड़ित ग्रामीणों के बीच दीपावली मनाया और उन्हें मिठाई एवं दीपावली में उपयोग की जाने वाली वस्तु दिया गया। वहीं सदस्यों ने कहा कि आने वाले समय में संगठन के द्वारा अन्य गांव में भी जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र का वितरण किया जाएगा और ग्रामीणों से अनुरोध है कि आप के घरों में पड़ा अनूपयोगी वस्त्रों को आप संगठन के माध्यम से जरूरतमंदों को सहयोग कर सकते हैं आप अनुपयोगी वस्त्रों को आजाद मार्केट मे आकर कर दे सकते हैं। इस कार्यक्रम में सहयोग कर रहे संगठन के वरिष्ठ सदस्य पूर्व मुखिया राम दिलीप पासवान,यशवंत कुमार गौरव,सोनल सिंह, विशाल कुमार विशू, रितिक राज सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# राजद कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री का फूंका पुतला

**बाबा भीमराव अम्बेडकर अपमान को लेकर किया पुतला दहन**

प्रात: किरण संवाददाता



गिद्धौर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा संसद में संविधान पर चर्चा के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर सियासत गरमा गई है। सोमवार को राजद कार्यकताओं ने अमित शाह के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए गिद्धौर के लार्ड मिंटो टावर चौक पर पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। मौके पर पुर्वमंत्री विजय प्रकाश यादव, झाझा विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी राजेंद्र यादव,राजद जिलाध्यक्ष डॉ.त्रिवेणी यादव,रामदेव यादव,पवन कुमार यादव,अशोक कुशवाहा,कामदेव यादव,गिद्धौर प्रखंड अध्यक्ष शिवनंदन यादव,दिलीप रविदास,अशोक यादव,शेखावत जी,रंजीत यादव,मनीष कुमार सहित अन्य लोगो ने कहा संविधान निमार्ता का अपमान पूरे अनुसूचित जाति जनजाति समाज का अपमान है। इसे राजद कार्यकर्ता कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। देश के 90% से अधिक जनसंख्या शोषित, दलित, गरीब पिछड़ा, अपेक्षित और अल्पसंख्यकों की है। जो बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को भगवान से कम नहीं मानते हैं। सदन में गृह मंत्री द्वारा दिए गए बयान से देश के 90% लोग अपने आप को अपमानित महसूस कर रहे हैं। कार्यकताओं ने गृह मंत्री से इस्तीफा देने की माँग की।आगे उनलोगों ने कहा की संविधान के शिल्पकार के प्रति ऐसी घृणित सोच का राजद सिपाही घोर निंदा करते हैं। अमित शाह को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। मौके पर राजद के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बंद पड़े पानी टँकी में चल रहा है लेप्रा सोसायटी रेफरल सेंटर

जमुई [ झाझा ] एनजीओ के तहत चलने वाले लेप्रा सोसाइटी रेफरल सेंटर को कोई रूम नही मिलने के एवज में अस्पताल परिसर में नलजल योजना के तहत बने पानी टंकी के एक कमरे में संचालित किया जा रहा है। एक सप्ताह पूर्व रेफरल अस्पताल के जर्जर भवन को खाली करने के दिए गए आदेश पर लेप्रा सोसाइटी रेफरल सेंटर को भी एक रूम अस्पताल प्रशासन की ओर से मुहैया नही करवाया गया जिसके बाद लेप्रा सोसाइटी रेफरल सेंटर का संचालन नलजल योजना के तहत पानी टँकी के बने रूम में जगह बनाकर लोगों के इलाज करने में जुट गए। जहां कुष्ठ रोग, फाइलेरिया बीमारी के इलाज के लिए मरीज पहुँच रहे है। सेंटर में कुष्ठ एवं फाइलेरिया मरीज का इलाज के साथ उनके लिए चप्पल बीबी तैयार किया जाता है ।

# शराब के नशे में धुत्त हो हंगामा कर रहे तीन युवकों को गिद्धौर पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। गिद्धौर थाना पुलिस ने गिद्धौर मौरा बाईपास मार्ग के बंधौरा मोड़ के निकट से शराब के नशे में धुत्त होकर हंगामा कर रहे तीन युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।जानकारी के अनुसार गिद्धौर पुलिस के अवरनिरीक्षक रंजीत पासवान को रात्रि गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि उक्त मार्ग पर बंधौरा मोड़ के निकट शराब के नशे में हंगामा कर रहें हैं।उक्त सूचना मिलते ही थाना के अवर निरिक्षक रंजीत कुमार पासवान द्वारा सशस्त्र बल के जवान सीताराम मांझी,बाबू लाल बेरेय एवं सुरज कुमार चौधरी के साथ के साथ उक्त स्थल पर पहुंच देखा गया कि तीन युवकों शराब पीकर बंधौरा मोड़ के समीप हंगामा कर रहे हैं,जैसे ही पुलिस की वाहन युवक के नजदीक पहुंचा तो तीनों युवक भागने लगा,जिसे शशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ा गया,छानबीन के क्रम में पकड़े गए युवक ने अपना नाम राहुल कुमार झा 32 वर्ष पिता मुन्ना झा,पवन कुमार झा 35 वर्ष पिता लक्ष्मण झा,बबुआ झा उम्र 23 वर्ष पिता पम्पम झा तीनों मौरा झा टोला के निवासी बताए जाते हैं,उक्त तीनों युवकों के मुंह से शराब की दुर्गंध आ रही थी,उक्त युवकों को कब्जे में ले गिद्धौर थाना लाया गया,जहां ब्रेथ एनालाइजर मशीन से शराब सेवन की जांच की पुष्टि होने के उपरांत गिरफ्तार युवकों को मद्द निषेध के सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार द्वारा जेल भेज दिया गया।

# स्कूल में वार्षिक खेलकूद उत्सव धूमधाम से हुआ संपन्न

**6 ओवर और 3 गेंद में केवल 2 विकेट खोकर किया लक्ष्य हासिल**

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] झाझा पब्लिक स्कूल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद उत्सव बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस आयोजन में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलकूद उत्सव के पांचवें और अंतिम दिन विशेष कार्यक्रम के तहत बच्चों के लिए क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट मैच में झाझा पब्लिक स्कूल की टीम (ग्रुप अ) और झाझा स्टेशन क्लब की टीम (ग्रुप ब) के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। मैच की शुरूआत में झाझा स्टेशन क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 103 रन बनाए। झाझा पब्लिक स्कूल की ओर से सुजल कुमार, प्रिंस कुमार और साहब कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए झाझा पब्लिक स्कूल की टीम ने 6 ओवर और 3 गेंद में केवल 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। क्लास 9 के छात्र सुजल कुमार ने 32 रन बनाए और अपनी शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी के दम पर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता।इस आयोजन ने छात्रों में खेल के प्रति रुचि और टीम भावना को बढ़ावा दिया। स्कूल के डायरेक्ट ओर प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए इस तरह के आयोजन को बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा थाना का किया गया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा सोमवार को झाझा थाना का निरीक्षण किया गया।एसडीपीओ राजेश कुमार ने मौजूद एसएचओ संजय कुमार को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जो भी कांड लंबित समय से पेंडिंग है उस मामले में अनुसंधान करने वाले पुलिस पदाधिकारी को समय का ध्यान रखकर उस मामले को जल्द से जल्द निष्पादन करने के लिए कहा गया। इसके अलावे नगर क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर भी दिशा निर्देश देते हुए एसडीपीओ ने कहा कि ठंड के समय मे सड़क सुनसान रहता है जिससे राहगीरों को परेशानी होती है इसलिए ऐसे में संध्या, रात्रि गश्ती हमेशा करवाया जाए। निरीक्षण के दौरान सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन करते हुए नियमानुसार अभिलेखों के संधारण, लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, वारंट, कुकी निष्पादन, गंभीर कांडो में गिरफ्तारी, पूर्ण शराबबंदी का अनुपालन, कांड में जब्त वाहन का रख-रखाव, अवैध खनन, परिवहन पर पूर्ण रोक लगाने इत्यादि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# आचार्य किशोर कुणाल धर्म, शिक्षा और समाज सुधार के अद्वितीय संग्राम सेनानी

प्रात: किरण संवाददाता




जमुईः-बिहार के जाने-माने पूर्व आईपीएस अधिकारी, महावीर मंदिर न्यास समिति के संस्थापक सचिव एवं समाज सुधारक आचार्य किशोर कुणाल की महावीर वात्सल्य अस्पताल में गत रविवार को हृदय गति रूकने से 74 वर्ष की उम्र में निधन होने पर केकेएम कॉलेज के अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.गौरी शंकर पासवान ने दुःख प्रकट की और ईश्वर से प्रार्थना की कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवारजनों उनके भक्तों व शुभचिंतकों को दुःख सहन करने की शक्ति दे. डॉ.(प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने कहा कि आचार्य डॉ. किशोर कुणाल धर्म, शिक्षा और समाज सुधार संग्राम के अद्वितीय७७८ सेनानी थे। उन्होंने बिहार के प्रसिद्ध मंदिरों में दलित पुजारियों की नियुक्ति कर इतिहास रजनी का कार्य किया है। उन्होंने जाति की दीवार तोड़कर समता की ज्योति जलाने और कैंसर के अंधेरे में आशा का दीप जलाने का कार्य किया है तो अपने हाथों से करुणा की गंगा बहाने का कार्य भी किया है। पटना में महावीर कैंसर संस्थान की स्थापना उनकी दूरदर्शिता और मानवीय संवेदनाओं का जीवंत उदाहरण है। वे केवल आईपीएस अधिकारी ही नहीं थे, बल्कि एक समाज सुधारक, प्रसिद्ध लेखक, धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर भी थे। मंदिरों में दलित पुजारी की नियुक्ति कर समाज को यह संदेश दिया कि ईश्वर की दृष्टि में सभी मनुष्य समान है। उन्होंने यह साहसिक कार्य करके धार्मिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया था। किशोर कुणाल आधुनिकता और परंपरा के संगम थे उन्होंने परंपरा और आधुनिकीकरण के बीच संतुलन स्थापित कर दिखाया कि समाज की प्रगति के लिए परंपराओं में सकारात्मक बदलाव जरूरी है। प्रो. पासवान ने कहा कि कुणाल बिहार के गौरवशाली इतिहास के संरक्षक थे. उनकी मृत्यु से बिहार में शोक की लहर है. उनके योगदानों को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है. उनके जाने से हमने बिहार का एक सबल स्तंभ और समाज सुधारक को खो दिया है, जिसने अपने कार्यों से अनगिनत लोगों की जिंदगी को छुआ है। उनकी स्मृतियां और उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव हमें और समाज को प्रेरित करते रहेंगे। कुणाल का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची महानता पद और जाति में नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण में निहित है। स्थानीय व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री प्रभात कुमार भगत ने आचार्य किशोर कुमार की मृत्यु पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि कुणाल अपने जमाने के कड़क आईपीएस अधिकारी थे। वे धर्मोपकारी और परोपकारी भी थे। उनका कहना था कि धर्म का सार परोपकार और समाज हित में है, जाति में नहीं भगवान सभी के हैं। उनके द्वारा हर भक्तों के लिए भगवान का द्वार खुला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किशोर कुणाल एक प्रतिष्ठित लेखक थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति इतिहास और समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर कई पुस्तक लिखी हैं ।जैसे दमन दक्षकों का, अयोध्या रिविजिटेड, वैदिक सांस्कृतिक धर्म और समाज, रामायण एक पुनर्विचार आदि। ऐसे महान समाजसेवी की आत्मा को भगवान शांति प्रदान करें। आचार्य कुंडल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता श्री रामचंद्र रविदास ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल समाज सुधारक और व्यक्ति ही नहीं, बल्कि एक संस्कृति थे। वे मानवता की सेवा के प्रतीक और साहसी पुरुष थे। उन्होंने अनेक हिंदू मंदिरों में दलित जाति के संत को नियुक्त कर ऐतिहासिक और साहसिक कार्य किया था।

### भौराटांड़ महादलित टोला में मिलेनियम स्टार फाउंडेशन ने किया वस्त्रदान

गिद्धौर/जमुई। सामाजिक सत्कार्यों में सक्रिय योगदान देने वाली संस्था मिलेनियम स्टार फाउंडेशन द्वारा रविवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत रतनपुर के वार्ड संख्या 12 भौराटांड़ महादलित टोला में जरूरतमंदों में वस्त्रदान किया गया। इसकी अगुवाई वार्ड सदस्य अजीत कुमार यादव एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष सुशांत साई सुंदरम ने की। इस दौरान 20 महिलाओं में साड़ी, 10 पुरूषों में कुर्ता पायजामा, 15 बच्चों में फूल स्वेटर और हाफ स्वेटर एवं 5 जरूरतमंदों में मच्छरदानी का वितरण किया गया।

# नारी शक्ति वंदन सम्मान से सम्मानित हुई करांटे क्वीन जुही

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई / सोनो : जमुई जिला अंतर्गत झाझा प्रखंड के सिमुलतला की 11 वर्षिय बेटी कराटे क्वीन जूही कुमारी को नारी शक्ति वंदन सम्मान से सम्मानित किया गया हे ।वूमेन पावर सोशाईटी फाउंडेशन आफ इंडिया की ओर से गुलाबी नगरी जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कार्यक्रम में सम्मानित किया गया । अंतराष्ट्रीय स्तर पर खेल में योगदान हेतु नारी शक्ति वंदन सम्मान से सम्मानित किया गया ।इस कार्यक्रम का आयोजन 29 दिसंबर रविवार को जयपुर के एक प्रतिष्ठित होटल में किया गया , जहां देस भर की प्रतिभाओं ने अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई। इसमें राजस्थान सरकार मै शामिल मंत्रियों के साथ साथ कई प्रतिष्ठित कलाकार ओर उधोगपति सम्मिलित हुए ।सुप्रिम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एपी सिंह , स्वामी अनादि सरस्वती , जम्मू कश्मीर सहयोग इंडिया के फाउंडर डाक्टर अश्वनी जोजरा , राजस्थान विश्व विधालय के महासचिव सह भाजपा युवा नेता एवं विधायक प्रतिनिधि डाक्टर नरसी किराड़ आदि लोगों के द्वारा जुही को सम्मानित किया गया है ।ग्यारह वर्षिय जुही सिमुलतल्ला थाना क्षेत्र के खुरंडा गाँव निवासी मंटु प्रजापति की पुत्री हैं ।वर्तमान समय में जुही राजस्थान के जयपुर शहर में मजदुरी कर रहे अपने माता पिता के साथ रहकर शिक्षा ग्रहण करते हुए करांटे खेल में भाग लेकर मात्र दो साल में ही दर्जनों सिल्वर ओर गोल्ड मेडल प्राप्त करने मे सफलता हासिल की। साथ ही कई मंत्रियों ओर कई संस्थाओं के अलावा कई राज नेताओं ओर उधोगपतियों द्वारा भी सम्मानित की गई है ।लिहाजा जुही ने इस छोटी उम्र में जमुई जिला सहित पुरे बिहार में अपना नाम रोशन कर डाली ।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के छात्राओं ने जिलाधिकारी की औपचारिक भेंट




प्रात: किरण संवाददाता

जमुई सोमवार 30 दिसम्बर को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जमुई की छात्राओं द्वारा जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा से औपचारिक भेंट किया गया। छात्राओं से बातचीत के क्रम में जिला पदाधिकारी ने छात्राओं से पठन-पाठन, आवासन की स्थिति एवं अन्य जानकारियां भी लीं। साथ हीं छात्राओं को अपनी समस्याओं को भी बताने को कहा। नव वर्ष 2025 के अवसर पर छात्राओं ने हैंड मेड ग्रीटिंग कार्ड एवं बुकें जिलाधिकारी को सप्रेम भेंट किया। जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा से मिलकर छात्राएं मुदित नजर आईं। विदित हो कि जमुई जिला अंतर्गत नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार के अटल टिंकरिंग लैब के तर्ज पर साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एवं मैथमेटिक्स में छात्राओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए टिंकरिंग लैब का अधिष्ठापन किया जा रहा है। नीति आयोग के 09 दिसम्बर 20240के एंपावर्ड कमेटी के बैठक में इसकी स्वीकृति भी मिल चुकी है एवं जल्द ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं को यह सौगात मिलेगी ।

### मंडल स्तर पर शीघ्र शुरू होगा जनता दर्शन अभियान : डॉ गोपाल जी ठाकुर

दरभंगा।भाजपा विश्वास का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक दल है। भाजपा देश की इकलौती ऐसी पार्टी है जिसके बूथ स्तर के कार्यकताओं को राष्ट्रीय स्तर के संगठन में भी काम करने का मौका मिलता है। मंडल अध्यक्ष संगठन की प्रमुख धूरी के रूप में नेतृत्व की नीतियों का क्रियान्वयन करने के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं। इस लिए सभी मंडल अध्यक्षों को अपने पद और दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए।सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने संसदीय क्षेत्र से आए विभिन्न मंडल अध्यक्षों के साथ मुलाकात करते हुए उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा लोकसभा क्षेत्र से बलभद्रपुर स्थित सांसद कार्यालय में पहुंचे।

# पछुआ हवा ने बढाई कनकनी

**दिन भर बढ़ती ठंड के कारण घरों में दुबकने को मजबूर है लोग**

प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। अनुमंडल क्षेत्र के लगभग सभी हिस्सों में पिछले दो दिनों से तेज पछुआ हवा चलने के कारण लोगों का जीवन ठहर गया है। गौरतलब है कि पछुआ हवा चलने के कारण संपूर्ण क्षेत्र ठंड की भीषण चपेट में है। दिनों भर तेज पछुआ हवा एवं कनकनी रहने के कारण मुख्य रूप से क्षेत्र के किसानों मजदूरों को कृषि कार्य को लेकर बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात रात भर गेहूं सिंचाई के लिए ठंड का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि भीषण कनकनी रहने के कारण शाम होते ही एस एच 22 तारापुर सुल्तानगंज, तारापुर संग्रामपुर देवघर, एवं तारापुर खडगपुर , मुख्य सड़कों पर छोटी बड़ी सवारी गाड़ियों का आवाजाही धीरे धीरे कम होने लगते है। बता दें कि ठंड के कारण बाजार पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। दुकानदारों के कारोबार में काफी गिरावट आई है । ठंड के साथ-साथ शाम से ही धुंध छा जाने के कारण यात्रियों को शाम ढलने के बाद एक जगह से दूसरी जगह आने जाने के दौरान घंटों बस अड्डा पर काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता है ।ठंड कपड़े से लैस होकर ही मजदूर, कारोबारी ,व्यापारी, एवं किसान अपने अपने कार्य में सुबह 9:00 बजे के बाद ही अपनी हिम्मत जुटा पा रहे हैं । अंधेरा होते ही सड़कों पर सवारी गाड़ी के हॉरन की आवाज भी कम सुनाई पड़ते हैं। हालांकि अधिक ठंड , कनकनी, एवं धुंध ,को लेकर तारापुर के किसी भी हिस्सों में अनुमंडल प्रशासन ने अलाव की व्यवस्था तक नहीं किया है ।ठंड के कारण मुख्य रूप से रिक्शा चालक, ठेला चालक, टेंपो, एवं सवारी गाड़ी के चालकों सहित छोटे छोटे खुदरा व्यापारियों, एवं दुकानदारों को इन दिनों काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# ड्रोन की खरीदारी पर किसानों को 60 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा

प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर। जिले के किसानों को पहली बार राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत ड्रोन खरीदने का मौका मिल रहा है। कृषि विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ड्रोन खरीदने के लिए सरकार 60 फीसदी यानी अधिकतम 3 लाख 64 हजार रुपए का अनुदान देगी। वहीं बाजार में ड्रोन की कीमत लगभग 6.5 से 7.5 लाख रुपए के हैं। ड्रोन खरीदने के लिए किसान,कृषि क्लीनिक के संचालक,कृषि यंत्र बैंक चलने वाले, एफपीओ,एनजीओ,स्वयं सहायता समूह व लाइसेंसधारी कीटनाशक विक्रेता आदि आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ड्रोन खरीदने के लिए जिला स्तरीय गठित कमेटी की देखरेख में लॉटरी के आधार पर आवेदकों का चयन किया जाएगा। ड्रोन खरीदने वाले किसानों को पूसा भेजकर उन्हें कीटनाशक का छिड़काव करने की सारी तकनीकी जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र मिलेगा। प्रशिक्षित किसान अपनी फसलों पर दवा का छिड़काव करेंगे। ड्रोन तकनीक से किसानों को खेती करना आसान हो जाएगा। ऑफमास पोर्टल पर निबंधित किसान को मिलेगा लाभ इस योजना का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा, जो कृषि विभाग के ऑफमास पोर्टल पर निबंधित है।ड्रोन से दवा का छिड़काव कराने के इच्छुक किसान कृषि विभाग के ऑफमास पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय जमीन का रकवा, फसल के प्रकार,जमीन का रसीद और आधार कार्ड देना होगा।जबकि गैर रैयत किसानों को स्वयं घोषणा पत्र एवं पड़ोस के दो किसानों का गवाह का हस्ताक्षर के साथ आवेदन संलग्न कर जमा करना होगा।

## 2025 में आखिर कैसा रहेगा राजनीतिक मतभेदों का पारा?

वर्ष 2025 चुनावों से परे देखने का एक अवसर प्रदान करता है। 2024 में, भारत, में राजनीति ने आश्चर्यजनक मोड़ लिया। ये घटनाक्रम कुछ जगहों पर अभूतपूर्व थे, दूसरों में तेज या अप्रत्याशित थे। इसने दिखा दिया कि भारतीय राजनीति में अब क्षेत्रीय दलों की ताकत लगातार बढ़ रही है और भविष्य में ये दल राष्ट्रीय राजनीति में अहम भूमिका निभा सकते हैं। 2025 में चुनावों से परे देखने का मौका मिलेगा। यह शायद ऐसा साल होगा जिसमें शासन केंद्र में होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव का एक संदेश यह था कि लोग संयम के साथ निरंतरता को प्राथमिकता देते हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जानबूझकर जनादेश को गलत तरीके से पढ़ने का विकल्प चुना है। उनकी राजनीतिक स्थिति सख्त हो गई है और उन्होंने अपनी कटु प्रतिद्वंद्विता को रोजमर्रा की राजनीति, संसद और उससे परे तक ले गए हैं। संसद में घिनौना हंगामा और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से दुश्मनी और बढ़ेगी। हालात सामान्य होने के लिए दोनों पक्षों को अपने-अपने राजनीतिक और वैचारिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के साथ ही संवाद और बातचीत के लिए कोई बीच का रास्ता निकालना होगा। ऐसा लगता नहीं है कि मंदिर और मस्जिद पर राजनीति 2025 में खत्म हो जाएगी। 10 मस्जिदों/मजारों से जुड़ी कम से कम 18 याचिकाएँ इस समय अदालतों में लंबित हैं। मुस्लिम स्थलों पर हिंदू अधिकारों का दावा करने वाले नए मुकदमों में से अधिकांश उत्तर प्रदेश में दायर किए गए हैं। विधानसभा चुनाव अभी दो साल से ज्यादा दूर हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में राजनीतिक परिदृश्य अभी से गरमाने लगा है। 2025 में होने वाले प्रमुख विधानसभा चुनाव तीन प्रमुख राजनीतिक ब्रांडों-नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल और नरेंद्र मोदी के लिए एक परीक्षा होंगे। अक्टूबर-नवंबर 2025 में होने वाला बिहार विधानसभा चुनाव ब्रांड नीतीश के लिए एक बड़ी परीक्षा होगी, जिनका राजनीतिक निधन एक से ज्यादा बार लिखा जा चुका है। चुनाव में तेजस्वी यादव की राजनीतिक क्षमता का भी परीक्षण होगा, जो लंबे समय से बिहार के मुख्यमंत्री बनने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। 2013 से दिल्ली में सत्ता में काबिज अरविंद केजरीवाल आप को लगातार तीसरी बार सत्ता में ला पाएंगे? आज, केजरीवाल की छवि और उनकी राजनीति का ब्रांड दोनों ही दांव पर हैं। प्रधानमंत्री की ब्रांड वैल्यू भी बिहार और दिल्ली दोनों में परखी जाएगी। 2014 से तीन बार सभी सात लोकसभा सीटें जीतने के बावजूद भाजपा ढाई दशक से अधिक समय से दिल्ली में राजनीतिक रूप से निर्जन है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक-जिसे अब संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया है-भाजपा की इस बात की परीक्षा लेगा कि वह इस मामले में अपनी बात मनवा पाती या नहीं। पिछले 10 वर्षों में, भाजपा विवादास्पद कानून पारित करवाने में सफल रही है, जिसमें जम्मू-कश्मीर को विभाजित करने और (पूर्ववर्ती) राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बदलने का विधेयक भी शामिल है। अब स्थिति अलग है। लगभग पूरा विपक्ष एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव के खिलाफ एकजुट है। जाति, जनगणना, यूसीसी ऐसे वर्ष में जब केंद्र सरकार विलंबित दशकीय जनगणना अभ्यास शुरू करने का इरादा रखती है, जाति पर बयानबाजी और भी तीखी हो जाएगी। बड़ा सवाल यह है कि क्या सरकार जनगणना में जाति को शामिल करेगी। जाति और सामाजिक न्याय का मुद्दा भाजपा के हिंदुत्व के अभियान का मुकाबला कर सकता है और इसी कारण से भाजपा ह्लबटेंगे तो कटेंगेह्व और ह्लएक हैं तो सुरक्षित हैंह्व जैसे राजनीतिक नारे दे रही है। यूसीसी को आगे बढ़ाने के प्रयास राजनीति में नई दरार पैदा कर सकते हैं। बी आर अंबेडकर की विरासत को लेकर संसद में बयानबाजी से संकेत मिलता है कि दस्ताने पूरी तरह से बंद हो चुके हैं। प्रधानमंत्री ने मौजूदा ह्लसांप्रदायिक नागरिक संहिताह्व के बजाय ह्लधर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिताह्व की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## मनमोहन सिंह की विनम्रता का जवाब नहीं!

दुनिया से जाने के बाद इंसान के सद्गुणों को याद करने की परंपरा है। इसलिए आज भारतवासी ही नहीं दुनिया के तमाम देशों के महत्वपूर्ण लोग डॉ मनमोहन सिंह को याद कर रहे हैं। पिछले तीस वर्षों में मेरा उनसे कई बार सामना हुआ। हर बार एक नया अनुभव मिला। मेरा छोटा बेटा और डॉ मनमोहन सिंह का धेवता माधव दिल्ली के सरदार पटेल विद्यालय में पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक साथ पड़े। इसलिए इन दोनों बच्चों के जन्मदिन पर मेरी पत्नी और डॉ सिंह की बेटी अपने सुपुत्र को लेकर जन्मदिन की पार्टी में आती-जाती थीं। जब डॉ. सिंह वित्त मंत्री थे तो मेरी पत्नी ने उनके कृष्ण मेनन मार्ग के निवास से लौट कर बताया कि उनकी यह पार्टी उतनी ही सादगी पूर्ण थी जैसी आम मध्यम वर्गीय परिवारों की होती है। न कोई साज सज्जा, न कोई हाई-फाई केटरिंग, सब सामान घर की रसोई में ही बने थे। कोई सरकारी कर्मचारी इस आयोजन में भाग-दौड़ करते दिखाई नहीं दिये। माधव के माता-पिता और नाना-नानी ही सभी अतिथि बच्चों को खिला-पिला रहे थे। सरदार पटेल विद्यालय के वार्षिक समारोह में डॉ मनमोहन सिंह भारत के वित्त मंत्री के नाते मुख्य अतिथि थे। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती विभा पार्थसार्थी, अन्य अध्यापकगण और हम कुछ अभिभावक उनके स्वागत के लिए विद्यालय के गेट पर खड़े थे। तभी विद्यालय का एक कर्मचारी प्राचार्या महोदया के पास आया और बोला कि एक सरदार जी हॉल में आकर बैठे हैं और आपको पूछ रहे हैं। विभा बहन और हम सब तेजी से हॉल की ओर गये तो देखा कि वो डॉ मनमोहन सिंह ही थे। हुआ ये कि वे आदत के मुताबिक कैबिनेट मंत्री की गाड़ी, सुरक्षा काफि ला साथ न ला कर अपनी सफेद मारुति 800 कार को खुद चला कर विद्यालय के उस छोटे गेट से अंदर आ गये जहां वे अक्सर माधव को स्कूल छोड़ने आते रहे होंगे। 1993-96 में जैन हवाला कांड उजागर करने के दौरान मैं देश भर में प्रायः रोज ही जनसभाएँ संबोधित करने बुलाया जाता था। उन दिनों मीडिया की सुर्खिय़ों में भी मेरे बयान छपते रहते थे, ऐसे में इण्डियन एयरलाइंस का स्टाफ एयरपोर्ट पर चेक-इन करते वक्त मुझे और मेरे सहयोगी रजनीश कपूर को प्राथमिकता देते थे। एक बार मैंने पीछे मुड़ कर देखा तो डॉ मनमोहन सिंह ब्रीफकेस हाथ में लिए लाइन में पीछे खड़े थे। मुझे झिझक लगी तो मैंने उनसे आगे बढ़कर कहा कि, पहले आप चेक-इन कर लीजिए। उन्होंने विनम्रता से मना कर दिया और अपना नंबर आने पर ही चेक-इन किया। हवाला कांड के अभियान के दौरान मैं देश के हर बड़े दल के नेताओं के घर जा कर उनसे तीखे सवाल करता था और पूछता था कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इतने बड़े कांड पर संसद मौन क्यों है? आप लोग सरकार से सवाल क्यों नहीं पूछते कि कश्मीर के आतंकवादियों को हवाला के जरिये अवैध धन पहुँचाने के मामले में सीबीआई जाँच क्यों दबाए बैठी है? इसी दौरान मैं तत्कालीन वित्त मंत्री डॉ मनमोहन सिंह से मिलने उनके आवास भी गया। वे और उनकी पत्नी बड़े सम्मान से मिले। शिष्टाचार की औपचारिकता के बाद मैंने उन से पूछा, आपकी छवि एक ईमानदार नेता की है। ये कैसे संभव हुआ कि बिना यूरिया भारत आए करोड़ों रुपये का भुगतान हो गया?ह्ल फिर मैंने कहा, हर्षद मेहता कांड और अब जैन हवाला कांड आपकी नाक के नीचे हो गये और आपको भनक तक नहीं लगी, ऐसे कैसे हो सकता है कि वित्त मंत्रालय को इसकी जानकारी न हो? यह भी संभव नहीं है कि आपके अफसरों ने आपको अंधेरे में रखा हो। पर अब तो ये मामले सार्वजनिक मंचों पर आ चुके हैं तो आपकी खामोशी का क्या कारण समझा जाए। उन्होंने मेरे इन प्रश्नों के उत्तर देने के बजाए चाय की चुस्की ली और मुझसे बोले, आपने बिस्कुट नहीं लिया। मैं समझ गया कि वे इन प्रश्नों का उत्तर देना नहीं चाहते या उत्तर न देने की बाध्यता है। फिर दोनों पति-पत्नी मुझे मेरी गाड़ी तक छोड़ने आए और जब तक मैं गाड़ी स्टार्ट करके चल नहीं दिया तब तक वहीं खड़े रहे।

# यह वर्ष देगा भारत को विकास की असीम संभावनायें

**2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने के संभावित परिणामों की बात करें तो कृषि उत्पादन में वृद्धि से देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। भारत कृषि उत्पादों का निर्यात करके भारी विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकता है। हालांकि, कुछ चुनौतियां भी हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता होगी जैसे, छोटे किसानों को नई तकनीकों और बाजारों तक पहुंच प्रदान करना महत्वपूर्ण है। भूमि और जल संसाधनों का संरक्षण करना आवश्यक है, ताकि कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाया जा सके। इन चुनौतियों का समाधान करके भारत 2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगा सकता है और एक मजबूत और टिकाऊ कृषि प्रणाली विकसित कर सकता है।**





**डॉ. आर.के. सिन्हा**
लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

भारत के लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफा लेन वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र, हर तरह के खान- पान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पड़े लिखे बढ़िया अंग्रेजी जानने बोलने वाले विद्यमान है, जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं। इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। अब इस बात से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इस लिहाज से भारत सरकार बेहद गंभीर भी है। इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता, और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और आवश्यक संसाधन भी तेजी से विकसित किये जा रहे हैं। 2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी। भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक, भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक, भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है, जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। इसके साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर विकास और निर्यात केंद्रों में एक बड़ा और मजबूत केंद्र बनकर खड़ा हो चुका है। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है, जो विदेशी मुद्रा कमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है। 2025 तक, कई संगठन क्लाउड-आधारित समाधानों को अपनाएंगे, जो लचीलापन और कम लागत पर असीमित दक्षता प्रदान करेंगे। नए साल में, डेटा एनालिटिक्स में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी, जो व्यापारिक निर्णय लेने में मदद करेंगे। आप मानकर चल सकते हैं कि नूतन साल में आईटी पेशेवरों की संख्या बढ़ती ही रहेगी। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को आकर्षित कर सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र दोनों ही कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2025 तक, यह प्रयास युवाओं को नए आईटी कौशल सीखने और रोजगार के लिए तैयार करने में मदद कर सकते हैं। अब मेक इन इंडिया के बारे में तो विश्व भर में सब जानते ही हैं। यह पहल भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने पर केंद्रित है। सरकार विदेशी निवेश को आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बना रही है। 2025 तक, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स, और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। रक्षा विनिर्माण में भी सरकार आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दे रही है। घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। 2025 तक, भारत रक्षा उपकरणों का एक प्रमुख निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। नितिन गड़करी के नेतृत्व में भारत सरकार सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, और हवाई अड्डों जैसे परिवहन बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, देश में बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी होगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, के विकास पर जोर दे रहा है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक ऊर्जा सुरक्षा हासिल करना और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। भारत में शहरीकरण भी तेजी से हो रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, सरकार शहरों को अधिक रहने योग्य और कुशल बनाने के लिए काम कर रही है। 2025 तक, स्मार्ट शहरों में बेहतर बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, स्वच्छता, और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं होंगी। आयुष्मान भारत योजना देश के लाखों लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। सरकार स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और सभी के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, भारत में स्वास्थ्य सेवा में सुधार की उम्मीद है, जिसमें बेहतर अस्पताल, डॉक्टरों और दवाओं की पहुंच शामिल है। भारत में कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है। ड्रोन, सेंसर, और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों से किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिल रही है। 2025 तक, कृषि क्षेत्र में अधिक डिजिटलीकरण होने की उम्मीद है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में तेजी से विकास हो रहा है। यह क्षेत्र किसानों के लिए आय बढ़ाने और खाद्य अपशिष्ट को कम करने में मदद कर सकता है। 2025 तक, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में और अधिक निवेश की उम्मीद है। उम्मीद है कि इस साल सेंसर, ड्रोन और जीपीएस जैसी तकनीकों का उपयोग करके किसान अब मिट्टी, पानी और उर्वरक का अधिक कुशलता से उपयोग करले लगेगे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म किसानों को बाजार, मौसम की जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों से तो जोड़ ही रहे हैं। सरकार कृषि अनुसंधान और विकास में निवेश कर रही है, जिससे नई फसलें, बेहतर कृषि तकनीकें और कीट नियंत्रण के नए तरीके विकसित हो रहे हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम और कम लागत वाली पारंपरिक अन्नों पर जोर देकर मोदी सरकार ने छोटे किसानों के लिए दूरगामी योजना तैयार की है। यह अबतक का दुर्भाग्य ही रहा है कि हमारी सभी पूर्ववर्ती सरकारों का ध्यान सिंचित भूमि की कृषि पर ही रहा है, जो पिछले 75 वर्षों में और लाखों करोड़ रुपये का व्यय करने और बाँधो और परियोजनाओं के निर्माण में लाखों एकड़ भूमि बर्बाद करने के बाद भी हम मुश्किल से।

# आचार्य किशोर कुणाल ने दुनिया को कहा अलविदा

**लेकिन वे साल में दो बार अपने मामा के ससुर के घर-रायधुरवा जाते थे। रायधुरवा जाने का मुख्य कारण यह था कि वहाँ से 8 किलोमीटर की दूरी पर एक लाल किला था जहाँ लाल साहब रहा करते थे। कुणाल को लगता था कि लाल साहब अंग्रेज हैं। लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि वे लाल कोठी के एक नामी जमींदार थे। जब कुणाल रायधुरवा जाते थे, तो लाल साहब अगले दिन सुबह 10 बजे उनके लिए टैक्सी भेज देते थे। वे पूरा दिन लाल साहब के साथ बिताते थे। वे उनसे सामान्य ज्ञान के कई सवाल पूछते थे।**





**संजय गोस्वामी**
लेखक

कुशल प्रशासक, पूर्व कुलपति आध्यात्मिक जगत के वशिष्ठ आचार्य किशोर कुणाल के साकेत गमन 29/12/24 को हुआ जिसका समाचार अत्यंत दुःखद है। उनके जाने से यह स्थान सदा के लिए रिक्त हो गया। भगवान्-उन्हें अपने चरणों में स्थान दे। । किशोर कुणाल (जन्म 1950) भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी हैं जो भारत के बिहार राज्य से हैं। अपने पुलिस करियर के दौरान, उन्हें अयोध्या विवाद पर विश्व हिंदू परिषद और बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के बीच मध्यस्थता करने के लिए प्रधान मंत्री वीपी सिंह द्वारा विशेष कार्य अधिकारी (अयोध्या) के रूप में नियुक्त किया गया था उनके पिता का पैतृक गांव बरुराज है जो दुनिया के पहले स्वतंत्र गणराज्य वैशाली से 35 किलोमीटर दूर स्थित है। यह गांव मुजफ्फरपुर जिले में था, लेकिन अभी वैशाली बिहार का एक स्वतंत्र जिला बन गया है। पहले यह मुजफ्फरपुर जिले का ही एक हिस्सा था। मेरे पिता का जन्म 12 जून 1950 को अपने नाना के घर कोटवा ग्राम में हुआ था। फिर वे कुछ दिनों तक पीपराकोठी में रहने के बाद बरुराज आ गए। कुछ साल पहले वे अपने नाना के घर गए थे। उसके बाद उन्होंने गांव के ही स्कूल में माध्यमिक शिक्षा प्राप्त की। दरअसल, उनके घर से 3 मीटर की दूरी पर प्राथमिक विद्यालय, 5 मीटर पर जगदंबा मंदिर, 7 मीटर पर एक सुंदर तालाब और 10 मीटर की दूरी पर एक शिवालय स्थित है। किशोर कुणाल के अनुसार, बड़े होने के बाद से वे भगवान शिव की पूजा किए बिना भोजन नहीं करते थे। लेकिन उनकी मां कहा करती थीं कि नन्हे कुणाल ने छोटी सी उम्र में ही स्लेट पर लिखना शुरू कर दिया था। दरअसल, वे एक होशियार बालक थे। लेकिन गांव के स्कूल में वह इतना लोकप्रिय नहीं हुआ क्योंकि कुछ छात्रों के बीच अव्वल आना गर्व की बात नहीं थी। उसके गांव के पास ही एक मिडिल स्कूल था, जहां वह पढ़ता था। यहां हमेशा दूसरे गांव के छात्र कपिल देव राय और मास्टर कुणाल के बीच क्लास में प्रथम आने की होड़ लगी रहती थी। एक बार गांव में एक संत आए जो बच्चों के चेहरे पर अपनी पवित्र दृष्टि डालते ही कई अविश्वसनीय बातें बता देते थे। एक बात कुणाल को आज भी याद है कि संत ने मास्टर कुणाल के बारे में भविष्यवाणी की थी कि वह बहुत बुद्धिमान होगा, पुलिस या सेना में अधिकारी बनेगा और सबसे बड़ी बात यह कि वह अपने जीवन में जरूर पानी में डूबेगा। संत ने यह भी कहा कि भगवान उसकी रक्षा करें। नतीजतन कुणाल को उसके घर के पास स्थित सुंदर तालाब में नहाने की इजाजत नहीं दी गई। समझदारी से परिवार के सभी सदस्य और उसके हमउम्र कई दोस्त तैरना जानते थे और तालाब में नहाते थे, लेकिन कुणाल को ऐसा करने की सख्त मनाही थी। नतीजतन वह गांव का अकेला ऐसा आदमी रह गया जिसे पानी में तैरना नहीं आता था। घर में उनकी दादी ही परिवार की मुखिया थीं, क्योंकि उनके दादा का निधन तभी हो गया था, जब वे शिशु अवस्था में ही थे। उनके पिता उत्तरप्रदेश के बलराम शुगर मिल में गन्ना निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनके चाचा एक और अभिभावक थे, जो इतने सख्त थे कि हर कोई उनसे और उनके अनुशासन से डरता था। उनके दादा का नाम ब्रज नंदन प्रसाद शाही और दादी का नाम जय रूपश्री था। वे अपने माता-पिता रामचंद्र प्रसाद शाही और विंध्येश्वरी देवी की दूसरी संतान हैं। आचार्य कुणाल के दो भाई और दो बहन हैं। बड़ी बहन का नाम रामस्नेही देवी, छोटी बहन का गायत्री और छोटे भाई का नाम रामचंद कुमार है। इसके अलावा उनके चाचा-चाची का नाम रमाशंकर प्रसाद शाही और लालसा देवी हैं। उनकी चार संतानें हैं- प्रेमलता देवी, सतीश कुमार, शिवेंद्र कुमार और सुमित कुमार। अपने सभी पूर्वजों में से उन्हें केवल अपने परदादा स्वर्गीय श्री राजेंद्र प्रसाद साही का नाम ही पता है। इसके अलावा तीन शताब्दी पूर्व कमलपुरा गांव से कई परिवार बरूराज में आकर बसे थे। इनमें उनका एक पुश्तैनी परिवार भी था। दरअसल, परिवार सुखी और समृद्ध नहीं था, लेकिन उनके पिता की सेवा और कुछ पुश्तैनी जमीन की वजह से परिवार संतुष्ट और प्रसन्न था। परिवार काफी सुसंस्कृत था और प्रख्यात हिंदी कवि कबीर दास के उल्लेखनीय शब्दों में विश्वास करता था- साईं इतना दीजिए, जहां में कुटुंब समाया, मैं भी भूखा न रहूं साधु न भूखा जाए। उनके पिता कहा करते थे कि प्राचीन परंपराओं के अनुसार, अतिथि को यहां भगवान के रूप में सम्मानित किया जाना चाहिए। गणेश चौधरी और रामशीष चौधरी उनके घर दोपहर का भोजन करते थे। दोनों जन्म से पासी थे। वे अक्सर उनके घर मित्र या शुभचिंतक के रूप में आते थे। उनके साथ कभी भेदभाव नहीं किया गया। उन्हें उसी श्रेणी में भोजन परोसा गया, जैसा उनके परिवार को दिया जाता था। उनके घर में पुरुष मांसाहारी भोजन खाते थे, जबकि महिलाएं शाकाहारी थीं। केवल उनकी चाची अपवाद थीं क्योंकि उन्हें मांस पकाना पड़ता था कुणाल को अक्सर मांस परोसा जाता था और उसे एक या दो बार थोड़ा सा मांस लेना पड़ता था लेकिन वह रो कर विरोध करता था क्योंकि उसे लगता था कि यह पाप है क्योंकि उसे एक जानवर की हत्या करनी थी। एक बार उसने संस्कृत की एक किताब में पढ़ा- अहिंसा पर मो धर्म। बचपन में मास्टर कुणाल अपनी नानी के घर नहीं जाते थे।

# और सरल कर व्यवस्था जरूरी

डॉ. जयंती लाल भंडारी

यद्यपि सरकार सरल कर व्यवस्था के लिए एक के बाद एक लगातार कदम आगे बढ़ा रही है, लेकिन अभी और अधिक सरल कर व्यवस्था जरूरी दिखाई दे रही है। हाल ही में 21 दिसंबर को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) काउंसिल की जैसलमेर में हुई 55वीं बैठक में जीएसटी के सरलीकरण व राहत संबंधी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। खास तौर से छोटे कर्जदारों को राहत देते हुए यह कहा गया है कि ऋण शर्तों का पालन नहीं करने पर ऋणदाताओं द्वारा जो जुमार्ना लगाया जाएगा, उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। खास किस्म के फोर्टिफाइड चावल पर जीएसटी कम किया गया है। कैंसर की जीन थेरेपी को कर मुक्त किया गया है। इस्तेमाल शुदा यानी पुराने वाहनों की बिक्री पर कर दर को 18 फीसदी कर दिया गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष अगस्त 2024 में आयकर अधिनियम सरल बनाने के लिए मुख्य आयकर आयुक्त वीके गुप्ता की अध्यक्षता में गठित समिति कर रियायतों को तर्कसंगत बनाने, कर गणना के तरीके का स्तर बढ़ाकर इसे विश्वस्तरीय बनाने और अपील करने की व्यवस्था में जटिलता कम करने करने संबंधी सुधारों पर तेजी से काम कर रही है। यह समिति कर विशेषज्ञों और विभिन्न निकायों से प्राप्त सिफारिशों की समीक्षा कर रही है। ज्ञातव्य है कि आयकर अधिनियम 1961 की करीब 90 धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। मौजूदा स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस), स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) व्यवस्था को सरल करने के लिए सीमा शुल्क कानून की तरह ही समिति दरों की एक व्यापक अनुसूची बनाने पर आगे बढ़ रही है। इससे कानूनी जटिलताएं और मुकदमेबाजी में काफी कमी आएगी तथा कर कटौती प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगी। उम्मीद है कि वीके गुप्ता समिति की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत होगी और इसके आधार पर विधि मंत्रालय की मदद से नए आयकर विधेयक का मसौदा तैयार किया जाएगा। निश्चित रूप से पिछले एक दशक में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों में तेज सुधारों का सिलसिला लगातार बढ़ा है और इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। इन सुधारों में प्रमुख रूप से 25 सितंबर 2020 से पूरे देशभर में लागू करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था और वर्ष 2019 में लागू करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) जैसे बड़े आयकर सुधार प्रमुख हैं। इसके अलावा नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजैक्शन किया है, पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। पिछले 10 वर्षों में आयकर संग्रह में करीब 182 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2023-24 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह लगभग चार गुना बढकर 10.45 लाख करोड़ रुपए का रहा। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि आयकर वर्ष 2023-24 में 8.09 करोड़ से ज्यादा रिकॉर्ड आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। साथ ही मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में पिछले वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। जिस तरह देश में आयकर संबंधी सुधारों से आयकरदाताओं की संख्या और आयकर राशि में तेजी से इजाफा हुआ है, उसी तरह देश में अप्रत्यक्ष करों में ऐतिहासिक सुधार कहा जाने वाला वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 1 जुलाई 2017 से लागू हुआ है। इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर लगने वाले 17 केंद्रीय और राज्य स्तरीय टैक्स के साथ-साथ करीब 23 अलग-अलग तरह के उपकरों को समाहित किया गया है। जीएसटी विनिमार्ताओं, कारोबारियों, निर्यातकों और आम लोगों के लिए लाभप्रद माना गया है। जीएसटी लागू होने के पूर्व वित्त वर्ष 2016-17 में अप्रत्यक्ष कर संग्रह (केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर और सीमा शुल्क आदि) से करीब 8.63 लाख करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई थी। जीएसटी लागू होने के बाद जीएसटी से टैक्स संग्रहण तेजी से बढ़ रहा है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीएसटी का संग्रहण 20.18 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पूर्ववर्ती साल के मुकाबले 11.7 फीसदी वृद्धि को दिखाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इस अवधि के मुकाबले 9 फीसदी बढकर 14.56 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि दुनिया की तेज बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति की नई ऊंचाइयों के कारण देश में टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि हो रही है। वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### शवों की पहचान के लिए 25 हजार का इनाम घोषितःबेतिया पुलिस

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया । 25 दिसंबर को मझौलिया पुलिस ने गढ़वा ग्राम के पास उत्तर सिकरहना नदी के किनारे एक 25 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बराबर किया है। इसके एक दिन पूर्व 26 दिसंबर को रामगढ़वा थाना क्षेत्र के दुबौलिया ग्राम के पास सड़क के किनारे साड़ी में लिपटा हुआ एक अज्ञात बच्ची का शव भी पुलिस में बरामद किया है। दोनों शवों की पहचान नहीं हो सकती है। महिला और बच्ची के शव की पहचान के संबंध में बेतिया पुलिस ने एक विज्ञप्ति जारी कर 25000 का इनाम घोषित किया है। बेतिया पुलिस ने बरामद शवों के उद्वेदन के मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

### संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर पर दिए बयान पर माले का विरोध प्रदर्शन

बगहा । संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हालिया बयान के बाद माले माले ने देशव्यापी विरोध का आह्वान किया है। इसके तहत बगहा में भी माले कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।माले कार्यकताओं ने डॉ. अंबेडकर का अपमान करने के आरोप में अमित शाह के बयान की कड़ी निंदा की और इसे संविधान और सामाजिक न्याय पर हमला बताया।प्रदर्शनकारियों ने इस बयान को देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए कि अमित शाह अपना इस्तीफा दें। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में माले कार्यकर्ता में महिला शामिल हुईं। माले नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर अमित शाह ने माफी नहीं मांगी, तो विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा।

### थिनर के साथ तीन लोग गिरफ्तार

बगहा। रामनगर के पलीया गांव में पुलिस बड़ी करवाई करते हुए 5280 लिटर थीनर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है ये थीनर पेट्रोल मे मिलाकर बेचने वाला मैटेरियल हो सकता है। इसमें मिनी टैंकर और एक बोलेरो के साथ-साथ दर्जनों बडे बड़े डब्बे जप्त किए गए है। बतादें कीपुरा मामला रामनगर थाना क्षेत्र के पलीया गांव का है। एसडीपीओ नन्द जी प्रसाद के नेतृत्व में पुरी करवाई की गई है। मुख्य तस्कर रामनगर के पलीया के साथ दो गया जिला के तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है।

### तीन नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

परसा।थाना कांड संख्या 92/24 के मामले में तीन नामजद अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।गिरफ्तार अभियुक्तों में डेरनी थाना क्षेत्र के खजौली गांव निवासी जितेंद्र सिंह का पुत्र गुड्डू कुमार,दरोगा साह का पुत्र राजा राम साह उर्फ इंद्र भूषण साह व दरियापुर थाना क्षेत्र के बेला गांव निवासी आदि हैं। चंद्रमुकूट दास का पुत्र पवन कुमार उर्फ इंद्र भूषण दास शामिल है।इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गत 18 मार्च को डेरनी थाना क्षेत्र के खजौली निवासी बिजली मिस्त्री जय लाल सिंह का बिजली करेंट से मौत हो गया था।मौत के बाद शव को दरोगा राय चौक पर रख आगजनी कर जाम किया गया था।उसी दौरान आक्रोशित लोगों द्वारा पुलिस के साथ ईट डंडा से मारपीट किया गया था।जिसमे दो महिला पुलिस बल के साथ टीम पुरुष पुलिस घायल हुए था।उसी क्रम में वरीय पुलिस पदाधिकारी के साथ मारपीट किया गया था।जिसको लेकर थाना में कांड 92/24 दर्ज कराया गया था।जिसमें 29 लोगो को वीडियो फुटेज के आधार पर नामजद 50 अज्ञात पर प्रथमिकी दर्ज कराया गया था।

### असहाय जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल का वितरण

परसा।बढ़ते डंड को देखते हुए सारण डीएम अमन समीर के निर्देश पर नगर पंचायत परसा बाजार कार्यालय पर सोमवार की शाम नगर ईओ रजनीश कुमार, मुख्यपार्षद ऐसा खातुन द्वारा लगभग 150 गरीब असहाय जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया.इस संबंध में मुख्य पार्षद ऐसा खातून ने बताई की बढ़ते ठंड को देखते हुए नगर पंचायत कार्यालय पर लगभग 150 से अधिक असहाय जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया. वही ईओ रजनीश कुमार ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर आज जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया है.और प्रत्येक वार्ड में चिन्हित कर आगे भी वितरण किया जाएगा. स्वच्छता पदाधिकारी नीतू शर्मा,वार्ड पार्षद सुनील कुमार यादव अजीमुल्लाह आदि थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय की बैठक संपन्न

### न्यायालय संबंधी मामलों में पदाधिकारियों को ससमय तथ्य विवरणी दायर करने का दिया गया निर्देश



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समन्वय बैठक आहुत की गई। न्यायालय से संबंधित मामलों में सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय तथ्य विवरणी दायर करने का निदेश दिया गया। आरटीपीएस के तहत कुछ मामले निर्धारित समय सीमा के बाद लंबित पाये गये। पेंशन से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग को कार्रवाई का निदेश दिया गया। आपदा से संबंधित अनुग्रह अनुदान भुगतान के सभी स्वीकृति प्राप्त मामलों में पीड़ितों को भुगतान हेतु आवंटन अंचलों को उपलब्ध कराया गया है। जिलाधिकारी ने 72 घंटे के अंतर्गत सभी संबंधित को भुगतान सुनिश्चित करने का निदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भुगतान में अनावश्यक विलंब करने वाले अंचलाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

चरित्र सत्यापन के अद्यतन प्रक्रियाधीन सभी मामलों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निष्पादित करने का निदेश दिया गया। सामान्य शाखा प्रभारी इसके लिये सभी संबंधित थानों से बात कर इसका निष्पादन सुनिश्चित करेंगे।

सिविल सर्जन को प्रत्येक दिन निष्पादित इंजुरी रिपोर्ट एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मामलों का आंकड़ा प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया। इससे अभियोजन की कार्रवाई में तेजी आ सकेगी। अपर समाहर्त्ता, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता एवं सभी अंचलाधिकारियों को नियमित रूप से रेवेन्यू कोर्ट का संचालन कर राजस्व से संबंधित मामलों की सुनवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

नीलाम पत्र से संबंधित मामलों की सुनवाई प्रत्येक सप्ताह में दो दिन सुनिश्चित करने का निदेश सभी संबंधित नीलाम पत्र पदाधिकारियों को दिया गया। पेट्रोल पंप अधिष्ठापित करने से संबंधित सभी आवेदनों में सम्बंधित स्तर से लंबित अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु त्वरित कार्रवाई का स्पष्ट निदेश दिया गया।

मतदाता सूची में लिंगानुपात बढ़ाने के उद्देश्य से 1 से 10 जनवरी की अवधि में विशेष अभियान चलाया जायेगा। इसमें बीएलओ घर घर जाकर छूटी हुई महिलाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु कार्रवाई करेंगे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी (एईआरओ) एवं आरओ इस अभियान की प्रतिदिन मोनिटरिंग एवं समीक्षा करेंगे। इसी तर्ज पर युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिये भी विशेष अभियान चलाया जायेगा।

मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना के तहत निजी नलकूप अधिष्ठापित करने पर राज्य सरकार द्वारा अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना के तहत 15 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकृत किये जा रहे हैं। इस योजना के तहत 50 हजार रुपये तक अनुदान का प्रावधान किया गया है।

बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्त्ता,बंदोबस्त पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि जुड़े थे।

## रेडियो अब करेगा बुजुर्गों के हित की बात, वरिष्ठजनों के लिए खास कार्यक्रम हमारे बुजुर्ग हमारा अभिमान की हुई शुरूआत

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। स्थानीय रेडियो मयूर 90.8 के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के हितों के लिए एक विशेष कार्यक्रम की शुरूआत की गई है जिसका नाम है हमारे बुजुर्ग, हमारा अभिमान । ये कार्यक्रम सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, कम्युनिटी रेडियो एसोसिएशन नई दिल्ली के सहयोग से प्रसारित किया जा रहा है । स्थानीय जिला प्रशासन और जिलाधिकारी का भी इस कैंपेन में उचित सहयोग प्राप्त हो रहा है ।

इस मुहिम के अंतर्गत मार्च 2025 तक कुल 24 एपिसोड का प्रसारण किया जाएगा और 10 आउटरीच गतिविधि समुदाय के बीच की जाएगी । हर एपिसोड में अलग अलग विषय पर रोचक माध्यम से जानकारी दी जाएगी । स्थानीय पदाधिकारी एक्सपर्ट के रूप में अपनी राय एपिसोड में देंगे ताकि आम जनमानस को सटीक जानकारी मिल सके ।

बुजुर्गों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है , उनके पास उनके जरूरत की चीजें भी नहीं होतीं। जैसे : छड़ी , वॉकर , चश्मा , स्वास्थ्य सलाह , कानूनी सलाह आदि । उन्हें इनसे जुड़ी हर समस्या का समाधान अटल वयो अभ्युदय योजना से प्राप्त किया जा सकता है जिसकी पूरी जानकारी रेडियो मयूर के माध्यम से दी जाएगी ।एक टॉल फ्री नंबर भी है 14567 जिसपर कॉल करके अपनी समस्याएं साझा की जा सकती हैं ।

स्टेशन हेड अभिषेक अरुण ने बताया कि,ऐसे कार्यकमों के वजह से वरिष्ठ नागरिकों को बहुत लाभ मिलेगा, कई बार उनसे बात करने वाला कोई नहीं होता है मदद तो दूर की बात है । इस योजना के वजह से उनमें एक नई आशा का संचार होगा । हम सब मिलकर उनकी मदद करेंगे और उन तक यह योजना पहुंचाने का भरपूर प्रयास करेंगे।

ये एपिसोड का प्रसारण शनिवार को रात 9 बजे से होगा और उसका पुनः प्रसारण रविवार दिन में 2 बजे से होगा ।

इस प्रोजेक्ट को लीड कर रहीं हैं रेडियो मयूर की प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुष्मिता पल्लवी साथ में आउटरीच टीम श्वेता , कविश और रॉकी सिंह शामिल हैं ।

## एनडीए गठबंधन के साझा कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर हुई बैठक, लिए गए कई निर्णय

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा ' आगामी 20 जनवरी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के साथ साझा कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर सोमवार को सर्किट हाउस में बैठक का आयोजन किया गया ' इस बैठक में एनडीए गठबंधन के सहयोगी सभी पांचो दलों के पूर्व मंत्री पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष सहित प्रदेश एवं जिला के संगठन पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए ' बता दें कि एनडीए गठबंधन के सभी प्रदेश अध्यक्ष की आहूत साझा बैठक लिए गए निर्णय के आलोक में जिला स्तर पर साझा कार्यकर्ता सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया था ' एनडीए गठबंधन के प्रदेश के निर्देशानुसार आज की बैठक में जदयू के जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, भाजपा के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह, रालोजपा के जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, हम के जिला अध्यक्ष उज्जवल श्रीवास्तव तथा उपेंद्र कुशवाहा पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ अशोक कुशवाहा ने 20 जनवरी 2025 को आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर अपने-अपने विचार रखे ' साथ ही सभी जिला अध्यक्षों ने कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया ' बैठक को संबोधित करते हुए एनडीए नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर जोरदार ढंग से तैयारी की जा रही है, स्थान चयन को लेकर संभावित रूप से राम जयपाल महाविद्यालय, राजेंद्र स्टेडियम एवं हवाई अड्डा का चयन किया गया है ' कार्यकर्ता सम्मेलन प्रखंड एवं बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता शामिल होंगे '

## इंडो नेपाल सीमा पर एसएसबी ने नव वर्ष के मद्देनजर चौकसी बढ़ाई

■ इंडो नेपाल सीमा के चप्पे चप्पे समेत वांछितों पर विशेष नजर रखी जा रही है:कमांडेंट

प्रात : किरण, संवाददाता



बगहा। नव वर्ष के आगमन को सेलिब्रेट करने के लिए पर्यटकों का वाल्मीकिनगर में जमावड़ा लगना शुरू हो गया हैं।वाल्मीकिनगर के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ अप्रत्याशित रूप से बढ़ चली है।केनोपी पूल,इको पार्क,त्रिवेणी संगम,गंडक बराज आदि पर्यटक डिस्टिनेशनो पर शैलानियों को प्रकृति के दीदार करते देखे जा रहा हैं।वहीं एसएसबी 21 बटालियन के जवानों ने इंडो नेपाल सीमावर्ती इलाकों में अपनी चौकसी बढ़ा दी है। अंतर्राष्ट्रीय गंडक बराज मार्ग स्थित एसएसबी चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी की जा रही है। कमांडेंट अश्वनी कुमार ने बताया कि नव वर्ष के मद्देनजर सीमा पर जवानों के द्वारा वांछितों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इस दौरान नारकोटिक्स,ड्रग्स,वांछितों समेत अन्य देश विरोधी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। विधि व्यवस्था,सुरक्षा,सिक्युरिटी के मद्देनजर एसएसबी के जवान वनकर्मियों के साथ मिलकर वीटीआर के जंगलों में साझा गश्ती कर चप्पे चप्पे पर नजर बनाए हुए है। बतादें की वीटीआर जंगल स्थित संवेदनशील चुलभट्टा,त्रिवेणी संगम तट समेत गंडक बराज पर हर व्यक्ति व वाहनों की जांच की जा रही है।

## एथलेटिक्सः नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर मीट के लिए हुआ सेलेक्शन

प्रातः किरण, संवाददाता



बनियापुर। सारण जिला एथलेटिक्स संघ के सेलेक्शन कमिटी की बैठक सहाजितपुर स्थित संघ के वरीय सदस्य मुकेश कुमार के आवासीय परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित आगामी फरवरी में हैदराबाद में आयोजित नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट के लिए सारण टीम का चयन किया गया। चयन के लिए एएफआई के गाइडलाइन के अनुसार डिस्ट्रिक्ट मीट के प्रदर्शन को आधार माना गया। जिला संघ के तत्वावधान में अमनौर में आयोजित 41 वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एथलीट को निडजैम के लिए सेलेक्शन प्रदान किया गया। सर्वसम्मिति से अंडर 14 बालक वर्ग में एससी अमनौर के कनिष्क कुमार व कर्ण कुमार और उवि कोल्हुआं के अनुभव कुमार को बालिका वर्ग में एससी अमनौर के श्वेता कुमारी व पूजा कुमारी और उवि कोल्हुआं की साक्षी कुमारी को चयनित किया गया। अंडर 16 बालक वर्ग में उवि कोल्हुआं के रितेश कुमार राय व गोलू कुमार और एससी अमनौर के रितिक व आदित्य कुमार को बालिका वर्ग में एससी अमनौर की साक्षी कुमारी, आरती कुमारी और निभा कुमारी का चयन किया गया।

### यूआईडी क्रिएट कर होगी ऑनलाईन इंट्री

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के गाइडलाइन के अनुसार सभी चयनित खिलाड़ियों का आयु वेरिफिकेशन कर यूआईडी बनाया जाएगा। जिसके अनुसार ही निडजैम के लिए ऑनलाइन इंट्री की जाती है। यूआईडी क्रिएट करने की जिम्मेदारी कोच चंदन सिंह और कमलजीत को सौंपी गयी। वहीं ऑनलाइन इंट्री की जिम्मेदारी नदीम अहमद को सौंपी गयी।

### 15 एथलीट को भी दिया गया स्टैंडबाइ सेलेक्शन

सेलेक्शन कमिटी ने बैकअप के तौर पर रिजल्ट रिकार्ड में सेकेंड प्लेस वाले खिलाड़ियों में से अंडर 14 बालक व बालिका के लिए तीन-तीन और अंडर 16 बालक के लिए चार व बालिका के लिए पांच स्टैंडबाइ सेलेक्शन भी किया। स्टैंडबाई में चयनित खिलाड़ी वास्तविक चयनित खिलाड़ियों का एज वेरीफिकेशन नहीं हो पाने की स्थिति या यूआईडी क्रिएट नहीं होने की स्थिति में उन्हें रिप्लेस करेंगे।

### सेलेक्टेड खिलाड़ियों के लिए लगाया जाएगा कैंप

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सेलेक्शन में शामिल खिलाड़ियों का कैंप आयोजित किया जाएगा ताकि खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। कैंप आयोजन के लिए कार्यकारी अध्यक्ष अजय कुमार सिंह को अधिकृत किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री मुकेश ने की जबकि बैठक में सचिव गजेंद्र कुमार सिंह, कार्यकारी सचिव निलाभ गुंजन, वरीय उपाध्यक्ष श्यामदेव सिंह, राजकिशोर तिवारी, संजय कुमार सिंह, अमित सौरभ, मृत्युंजय कुमार आदि उपस्थित थे।।

## पीएचसी हरनाटांड, बगहा-2 में 14 महिलाओं का हुआ सफलतापूर्वक बंध्याकरण

### बढ़ती जनसंख्या पर रोकथाम के लिए लोगों का जागरूक होना जरूरी: डॉ विजय

प्रातः किरण, संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)।जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हरनाटांड बगहा-2 में आशा व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा जागरूक करते हुए बरवाकला व अन्य क्षेत्र की 14 महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या पर रोक के लिए बंध्याकरण आवश्यक है। उन्होंने बताया कि माह दिसंबर में 112 बंध्याकरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अभी तक 143 महिलाओं का बंध्याकरण हो चुका है। बीसीएम अनिल कुमार ने कहा कि बंध्याकरण के बाद महिलाओं को प्रोत्साहन राशि उनके खाते में दी जाती है। पीएचसी की महिला चिकित्सक डॉ सीमा गिरी ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या पर रोक लगाने के लिए महिलाओं को दो से ज्यादा बच्चे पैदा नहीं करनी चाहिए। ज्यादा बच्चे होने से महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी कुप्रभाव होता है। उन्होंने बताया कि बदलते सोच के साथ बंध्याकरण को महिलाओं का आगे आना उनकी अच्छी सोच को दशार्ता है। उन्होंने कहा की महिला बंध्याकरण एक स्थायी साधन है जिसे मात्र 15 मिनट में दक्ष चिकित्सक द्वारा किया जाता है।

### बंध्याकरण पर मिलती है प्रोत्साहन राशिः

बीसीएम अनिल कुमार ने बताया कि पुरुष नसबंदी कराने वाले लाभार्थी को भी प्रोत्साहन राशि दी जाती है, वहीं प्रसव के तुरंत बाद बंध्याकरण कराने पर लाभार्थी महिला को 3000 रुपये और उत्प्रेरक को 400 रुपये देने का प्रावधान है। पीपीआईयूसीडी बंध्याकरण पर लाभार्थी को 2000 रुपये, एएनएम को 150 रुपये और आशा कार्यकर्ता को 150 रुपये दिए जाते हैं। इसी तरह सभी अन्य साधनों को अपनाने पर सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह नीरज, बीसीएम अनिल कुमार, बीएचएम कुमार विशाल,परिवार कल्याण परामर्शी अजय कुमार महतो, धर्मेंद्र कुमार, आशा संध्या देवी व अन्य लाभार्थी मौजूद थे।

## 47 वारंटी को किया गया गिरफ्तार

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों / अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भण्डारण / निर्माण / परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक- 29.12.2024 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 114 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-11, शराब सेवन-17, वारंट में-47, चोरी में-06, हत्या का प्रयास में-02, पॉक्सो में-02, आर्म्स एक्ट में-08, एस०सी०/एस०टी० में-09, पुलिस पर हमला में-06, लूट में-01 एवं अन्य में-05 अभियुक्त शामिल हैं।

## आइसा, आरवाईए के राज्यव्यापी आह्वान के तहत छपरा का हॉस्पिटल रोड रहा जाम

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा सदर। सोमवार को भाकपा माले के छात्र युवा संगठन आइसा और आर वाई ए के द्वारा बिहार राज्य व्यापी आह्वान के तहत छपरा में थाना चौक और दरोगा चौक को घंटो जाम किया। साथ में एस एफ आई के कार्यकर्ता भी शामिल हुए।छपरा के म्युनिसिपल चौक से मार्च निकालकर थाना चौक, दरोगा राय चौक होते हुए म्युनिसिपल चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हुआ। आइसा जिला सचिव दीपांकर, आइसा जिला अध्यक्ष कुणाल, आर वाई ए के जिला संयोजक अनुज दास, एस एफ आई जिला सचिव देवेंद्र कुमार था राज्य उपाध्यक्ष रूपेश कुमार ने सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में नेताओं ने कहा कि बी पी एस सी की 70वीं पीटी परीक्षा पटना समेत बिहार के अनेक केंद्रों पर पेपर लीक व घोर आपत्तिजनक अनियमितताओं के साथ सम्पन्न हुई. परीक्षा रद्द करने की लोकप्रिय मांग उठी. अभ्यर्थी ठंड में धरने पर बैठे. न्याय की मांग कर रहे नौजवानों पर अंग्रेजी शासन की याद दिलाने वाला बर्बर लाठीचार्ज किया.

बिहार इस वक्त शिक्षा और परीक्षा माफियाओं के गिरफ़्त में है. समय पर डिग्री न मिलना, कॉलेज में शिक्षक न होना, परीक्षा में धांधली, पैसे पर बिकती नौकरी और डिग्री बिहार में आम चलन बनता जा रहा है.

## स्वर्णिम भारत नव निर्माण आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया। 29 दिसंबर को प्रात 11:00बजे पूरे मझौलिया में शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सर्व धर्म पीताओं ने परमात्मा को एक माना झांकी प्रदर्शित किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय संत घाट की शाखा के द्वारा मझौलिया में पंचायत भवन के प्रांगण में तीन दिवसीय 27, 28 और 29 दिसंबर को स्वर्णिम भारत नव निर्माण आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी के द्वारा मझौलिया की जनमानस को परमात्मा संदेश से अवगत (परीचय) कराया गया। चित्र प्रदर्शनी में आए हुए भाई बहनों को बताया गया कि हम अपने जीवन में परमात्मा के ज्ञान को इंप्लीमेंट कर व्यसन से मुक्ति, सच्चे मन की शांति , तनाव मुक्त जीवन , डर ,चिंता, क्रोध अनिद्रा से मुक्ति, एकाग्रता की शक्ति में वृद्धि, आपसी संबंधों में मधुरता, संस्कार परिवर्तन इत्यादि इन्हें प्राप्त कर सकते हैं जो वर्तमान समय हर व्यक्ति के जीवन में जरूरी और महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम उपरांत 30 दिसंबर से राजयोग शिविर का भी आयोजन किया गया है जो प्रातः 7:30 से 8:30, 3:30 से 4:30, और संध्या 6 से 7 तीन सत्र चलाए जाएंगे जिसमें आए हुए भाई बहनों को बताया जाएगा कि वर्तमान समय आध्यात्म की भाषा में= मैं कौन हूं, मेरा वास्तविक पिता कौन है, हम सभी मनुष्य आत्माओं का वास्तविक घर कहां है, यह सृष्टि चक्र का वर्ल्ड ड्रामा का राज क्या है, सृष्टि रूपी कल्पवृक्ष के बीच रूप परमात्मा के द्वारा संसार कैसे परिवर्तन होता है और राजयोग मेडिटेशन के द्वारा हमारे जीवन में नकारात्मक संकल्प पर सकारात्मक विजय कैसे प्राप्त करें इसकी बहुत सुंदर विधि सिखाई जाएगी ।

इस कार्यक्रम में विद्यालय से जुड़े बी के गौरव भाई, बी के संजय भाई, बी के अनिरुद्ध भाई, बी के पुष्पा बहन, चांदनी बहन, लाली बहन, बबीता बहन, काजल बहन, पूजा बहन अन्य भी भाई बहनों का सहयोग रहा।

## नेहरू युवा केन्द्र एवं मेरा युवा भारत की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

छपरा सदर। सोमवार को नेहरू युवा केन्द्र, सारण व मेरा युवा भारत,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद युवा मण्डल, सैदपुर, दरियापुर द्वारा दो दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन परसा हाई स्कूल के खेल मैदान के प्रांगण में किया गया। इस दौरान फुटबॉल में विश्वकर्मा युवा मंडल, चेतन परसा की टीम विजेता एवं मसूरिया युवा मंडल,मकेर टीम उपविजेता रही। फुटबॉल के अलावा कब्बडी में माँ शारदा युवती मंडल,परसा विजेता एवं स्वामी विवेकानंद युवती मंडल,दरियापुर उपविजेता विजेता रही। 100 मी० रिले रेस पुरुष वर्ग में हिमांशु,नीरज,शुभम,सूरज एवं रिले रेस महिला वर्ग में मनीषा, प्रीति, प्रिया, छोटी,सृस्टि, ब्यूटी, खुशबू,सोनाक्षी ने जीत हासिल की। वही बैडमिंटन पुरुष में हिमांशु,अमरजीत, सोनू,रवि,विनय एवं बैडमिंटन महिला में रूपा, प्रिया, प्रतिभा, छोटी,खुश्बू ने जीत हाशिल की। अतिथि खेल कूद प्रतियोगिता का उटघाटन स्वामी विवेकानंद युवा मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि चेतन परसा वार्ड पार्षद एवं विश्कर्मा युवा मंडल अध्यक्ष अमित कु ठाकुर द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

## भाजपा डॉ. अंबेडकर लिखित संविधान का सम्मान नहीं करतीः सुनील कुमार राव

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया । राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. अंबेडकर के प्रति अपमानजनक वक्तव्य देने के विरोध में भाकपा माले, भाकपा, माकपा ने संयुक्त रूप से राजदेवडी टांगा स्टैंड से विरोध मार्च निकाल कर समाहरणालय गेट पर पहुँच कर प्रदर्शन किया.

भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सुनील कुमार राव, माकपा जिला सचिव चांदसी यादव, भाकपा जिला नेता राधामोहन यादव ने कहा कि अमित शाह का बयान दिखाता है कि भाजपा डॉ. अंबेडकर लिखित संविधान का सम्मान नहीं करती. भगवा पार्टी और उसका पितृ संगठन आरएसएस संविधान लागू होने के समय भी और आज भी मनुस्मृति को ही संविधान मानते हैं. वक्ताओं ने संवैधानिक पद पर रहते हुए अमित शाह द्वारा अंबेडकर के किये गए अपमान के लिए गृहमंत्री पद से इस्तीफे की मांग की.भाकपा माले नेता संजय यादव, माकपा नेता प्रभु नाथ गुप्ता, भाकपा नेता सुबोध मुखिया ने सभा को संबोधित करते हुए. कहा कि हम संविधान पर हमला बर्दाश्त नहीं करेंगे. लोकतंत्र और संविधान को बचाने का काम करेंगे, भाकपा माले नेता संजय मुखिया, संजय राम, इन्द्र देव कुशवाहा, अच्छे लाल राम ने कहा कि गृह मंत्री द्वारा बार-बार डॉ. अंबेडकर का गए नाम लेकर उपहास करना भाजपा और आरएसएस के अंबेडकर के प्रति विद्वेष को अभिव्यक्त करता है. नेताओं ने मोदी सरकार से देश से माफी मांगने और गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग किया। भाकपा (माले) के सुनील यादव, माकपा नेता शंकर कुमार राव, भाकपा नेता ज्वाला कान्त दूवे ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव या समानांतर चुनाव का प्रस्ताव अलोकतांत्रिक है. भाजपा का यह पसंदीदा विचार संविधान की जीवनधारा माने जाने वाले लोकतंत्र और संघवाद की मूल भावना को कमजोर करता है. आज एक राष्ट्र, एक चुनाव के नाम पर भाजपा राजनीतिक व्यवस्था को पोछे धकेलने और संवैधानिक संशोधनों के माध्यम से राजनीति पर नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश कर रही है.

भाकपा माले नेता फरहान राजा, भाकपा नेता हरेन्द्र दूवे, माकपा नेता नीरज बरनवाल नेता ने एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि इसके पीछे संघ-भाजपा की सत्ता के अत्यधिक केंद्रीकरण और भारत की विविध सांस्कृत्तिक, बहुलतावादी राजनीति और ढांचे को कम करने की योजना है.

## स्वस्थ शिशु से होता है स्वस्थ समाज की रचना, कुपोषण के खिलाफ लड़ाई जारीःसीएस

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। स्वस्थ शिशु स्वस्थ समाज की रचना करता है। शिशुओं की बेहतर सेहत के लिए और बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कुपोषित बच्चों के लिए सदर अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं से लैस पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का संचालन किया जा रहा है। इसको लेकर सदर अस्पताल के एसएनसीयू सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, बीसीएम और बीएमएनई को प्रशिक्षण दिया गया। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने कहा कि पोषण पुर्नवास केंद्र में काफी कम संख्या



में बच्चें आ रहें है, जिसे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होने कहा कि ओपीडी में आने वाले बच्चों की कुपोषण का स्क्रिनिंग करना सुनिश्चित करें और कुपोषित बच्चों को निःशुल्क एंबुलेंस के माध्यम से एनआरसी में भेजें। ताकि बेहतर उपचार कर कुपोषित बच्चों को सुपोषित किया जा सके। पोषण पुनर्वास केंद्र में शिशु के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक सभी प्रकार की सुविधाएँ होती हैं। आगे सीएस ने कहा कि वीएचएसएनडी साइट पर भी कुपोषित बच्चों की पहचान करें। यहाँ शिशु को कुपोषण मुक्त करने के लिए विभिन्न मानकों के आधार पर नियमित रूप से निगरानी में रखा जाता है। आवश्यक आहार, चिकित्सकीय परामर्श, दवाएँ, सप्लीमेंट आदि के साथ नियमित स्वास्थ्य जाँच और अपनेपन से शिशु धीरे-धीरे कुपोषण से मुक्त होकर स्वस्थ होता है। जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी रमेशचंद्र कुमार और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. ब्रजेश कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### सदर अस्पताल में संचालित है 20 बेड का पोषण पुनर्वास केंद्रः

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी सह नोडल पदाधिकारी रमेशचंद्र कुमार ने कहा कि सदर अस्पताल में 20 बेड का पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित है। जहां हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध है। यहां पर भर्ती बच्चों को डॉक्टर की निगरानी में देखभाल किया जाता है। नियमित निगरानी की जाती है। साथ हीं भर्ती बच्चों के खान-पान का भी विशेष ख्याल रखा जाता है। इसके लिए एफडी कार्यरत है। साथ हीं भर्ती बच्चों के माँ के लिए दीदी के रसोई का शुद्ध और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाता है। उन्होने कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों को बेहतर इलाज के साथ मानसिक और बौधिक क्षमता के विकास के लिए अक्षर ज्ञान का बोध भी कराया जाता है। विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती है। प्रतिदिन माँ के साथ जागरूकता बैठक कर पोषण से संबंधित जागरूक किया जाता है।

# जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में डीएम ने दिया विशेष दिशा-निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने सोमवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक किया। जिसमें सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों के ने भाग लिया। साथ हीं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा वीसी के माध्यम से उपस्थिति होकर भाग लिया गया। उक्त बैठक में जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के बीच योजनाओं के क्रियान्वय एवं विकास कार्यों में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु एक विभाग से दूसरे विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए समस्याओं का समाधान करते हुए कार्यों में प्रगति लाये जाने के लिए विभागवार समीक्षा की गयी। समीक्षोरान्त संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी को निर्देश में पूर्व में महिला पर्वेक्षिका नियोजन संबंधी निर्देशित किया गया था परंतु लगभग एक माह बित जाने के बाद भी नियोजन संबंधी कार्य लंबित है। जिसे एक सप्ताह के भीतर महिला पर्वेक्षिका नियोजन का कार्य करना सुनिश्चित करें। बाल संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि अभी योजना के अंतर्गत 65 चच्चों को चिंहित किया जा चूका है। जिस पर निर्देश दिया गया कि दो सप्ताह तक में लगभग इसकी संख्या में 200 तक बढ़ाने की आवश्यकता है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि इस योजना को सफलतापूर्वक निष्पादन करने की आवश्यकता है। बाल संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत अभी तक 800 बच्चों को लाभान्वित किया जा चूका है। उक्त योजना में अधिक से अधिक सख्या बढ़ाने के लिए सभी आंगनवाडी केंद्रों से सम्पर्क स्थापित करते हुए प्रत्येक आंगनवाडी केंद्रों के से कम से कम एक-एक लडको की जोडने की आवश्यकता है। निर्देशित किया गया कि 14-15 वर्ष के बच्चों को राष्ट्रीय परवरिश योजना में जोडे एवं 15 से अधिक वर्ष के बच्चों के लिए बाल आशीवार्दा योजना में जोडने की कोशिश करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी कोचसके द्वारा बताया गया कि इस योजना में कुल 25 आवेदन प्राप्त किया जा चुका है। जो कि लक्ष्य से अधिक है। प्रखंड विकास पदाधिकारी तिलौथू ने कहा कि बाल आशीर्वाद योजना में कुल 12 आवेदन प्राप्त किया जा चुका है। जो कि लक्ष्य से कम है। इस पर उन्ह निदेशित किया गया कि अभी शेष जितने भी आवेदन बचे हैं उसको कल शाम तक भेजना सुनिश्चित करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी नौहट्टा ने कहा कि अभी तक 12 आवेदन प्राप्त किये जा चुके हैं। जो कि लक्ष्य से कम है। इसको भी कल तक पूर्ण रुप से करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी बिक्रमगंज बताया कि 60 आवेदन का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 10 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कल शाम तक शेष सभी आवेदनों को प्राप्त करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया साथ हीं कहा कि यदि ऐसा नहीं करते है तो आप पर प्रपत्र-क गठित करते हुए स्पष्टीकरण किया जाएगा।

प्रखंड विकास पदाधिकारी सूर्यपूरा ने बताया कि 14 आवेदनों का लक्ष्य रखा गया था परंतु अभी तक 3 आवेदन ही प्राप्त हुए हैं। इन्हे भी कल शाम तक शेष सभी आवेदनों को प्राप्त करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग से समन्वय स्थापित करते हुए ऑफलाईन या ऑनलाईन आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर शौचालय बनाने का कार्य करना सुनिश्चित करें। हेल्थ सब सेंटर बनाने हेतु पूर्व में निर्देशित किया गया था। जिस पर जिला चिकित्सा पदाधिकरी के द्वारा बताया गया कि दिनारा में भानपूर में जमीन चिन्हित कर लिया गया है परंतु वहां के अंचलाधिकारी के द्वारा अभी तक जमीन का ब्यौरा नहीं दियाा गया। जिस पर निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र जमीन का व्यौरा देना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार डिहरी में जमीन उपलब्ध हो चुका है परंतु अभी तक प्रतिवेदन अप्राप्त है जिस पर निदेश दिया गया कि संबंधित अंचलाधिकारी अविलंब प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करें।

## बिहार के लाल अरुण सिंह भोजपुरिया काका ने अपने गांव में भव्य मंदिर बनने पर खुशी जाहिर की

प्रातः किरण संवाददाता



भोजपुर। आरा शहर के कुछ हीं दूरी पर स्थित गाँव तेतरिया रामपुर मठिया के रहने वाले और भोजपुरी जगत के महानायक जिसे अरुण सिंह भोजपुरिया काका के नाम से जाना जाता है इन्हें पूरा भोजपुरी इंड्रस्टीज भोजपुरिया काका के नाम से जानती है ये समाज में आरा से लेकर मुंबई तक काम करते है और गरीबी के लिए हमेशा खड़े रहते है लोग इन्हें प्यार से भोजपुरिया काका के नाम से पुकारते है आपको बता दे कि भोजपुर के पावर स्टार पवन सिंह हो या ट्रेडिंग स्टार खेसारी लाल यादव भी इन्हें अपना आदर्श मानते है फिलहाल भोजपुरिया काका अपने परिवार के साथ मुंबई में ही रहते है लेकिन उनका दिल और दिमाग अपने जिले और गांव में ही लगता है। अपने गांव में विशाल शिव मंदिर का निर्माण कार्य से खुशी जाहिर की है। इस मंदिर का निर्माण कार्य 2 जून 2024 से शुरू हुआ है और एक अब यह मंदिर का निर्माण कार्य समाप्ति की ओर है इस मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर तेतरिया रामपुर मठिया गांव में आगामी 19 जनवरी से 25 जनवरी तक भव्य प्राण प्रतिष्ठमक यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमें 19 जनवरी को भव्य जलभरी कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी एवं 24 तारीख को विधिवत रूप से प्रकांड विद्वान ब्राह्मण लोगों के द्वारा भगवान भोलेनाथ का प्राण प्रतिष्ठा कराया जाएगा, वही 25 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है इस संदर्भ में अपने गाँव तेतरिया रामपुर मठियामे भोलेनाथ के मंदिर बनने पर से अरुण सिंह(भोजपुरिया काका) ने जाहीर किया अपनी खुशी और अपनी सहभागी होने पर भोलेनाथ की कृपा मानते है अरुण सिंह(काका) का कहना है कि मैं भोलेनाथ का बहुत बड़ा भक्त हु और हमारे गाँव मे शंकर भगवान का मंदिर नही था और ये कार्य करने या करवाने के लिए भोलेनाथ का असीम कृपा प्रदान हुआ हमारे गाँव का हमारा छोटा भाई भीम सिंह(नीरज) को जो अपनी माँ के मन्नत को पूरा करने जा रहे है, इसमें हमारे पूरे गाँव के लोगो के साथ पूरा जिला जवार के लोगो का साथ और सहयोग मिल रहा है इससे बड़ी खुशी और क्या हो सकती है। अरुण सिंह(काका) ने बताया कि हमारे गाँव मे जो 25/01/25 को जो जागरण का प्रोग्राम रखा गया है उसमें गायक व नायक छोटू छलिया, गायक व नायक गोलू राजा, गायक व नायक चंदन यादव, गायिका ऋतु राय, गायिका काव्या कृष्णमूर्ति व तमाम कलाकार मौजूद होंगे, साफ साफ मैं यही कहना चाहूंगा कि इंसान की औकात नही है कुछ करने और करवाने की सब महादेव भोलेनाथ की कृपा से हो रहा है, चंदा के रूप में जिसने भी अपना जो सहयोग कर रहा है, जैसे भोलेनाथ सबकी मनोकामना पुरो करे।

## बादल हत्याकांड के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने डीएसपी का पुतला फूंका

■ हत्यारोपी यातायात डीएसपी आदिल बिलाल को कड़ी सजा का मांग किया

प्रातः किरण संवाददाता




सासाराम (रोहतास) जिले के बहुचर्चित बादल हत्याकांड को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की रोहतास इकाई के छात्रों द्वारा हत्यारोपी सासाराम के यातायात डीएसपी आदिल बिलाल का पुतला दहन करते हुए जिला प्रशासन के विरुद्ध समाहरणालय परिसर में जमकर नारेबाजी की गयी। विद्यार्थी परिषद के नेताओं का आरोप है कि तीन दिन पूर्व सासाराम के एक बर्थडे पार्टी में आदिल बिलाल द्वारा अपने सर्विस रिवॉल्वर से शिवसागर थानाक्षेत्र के सिलारी गाँव निवासी ओमप्रकाश सिंह उर्फ बादल की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जिसकी उच्चस्तरीय जाँच कर दोषी को फाँसी की सजा दी जाय। परिषद के नेताओं ने जिला पदाधिकारी उदिता सिंह से मिलकर आदिल बिलाल को अविलम्ब गिरफ्तार करने तथा दंडात्मक कार्रवाई करते हुए मृतक के परिजनों को न्याय देने सहित अन्य माँगें रखी। नेताओं ने कहा कि अगर बादल हत्याकांड में त्वरित न्याय नहीं मिला तो विद्यार्थी परिषद अपना आंदोलन और तेज करेगा।

## भगिनी निवेदिता कन्या विद्यालय के प्रांगण में आनंद मेला का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भगिनी निवेदिता कन्या कन्या विद्यालय के प्रांगण में आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपनी कार्यकुशलता एवं पाककला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। मेला में करीब 15 स्टॉल लगे थे। प्रत्येक स्टॉल की सजावट एवं रखरखाव छात्राओं के द्वारा ही की गई थी, जो अत्यंत मनभावन था। गुपचुप, पास्ता, ब्रेड पकोड़ा, कचालू, चाट, पापड़ी चाट, भेलपुरी, इटली, दही बड़ा मिक्स वेज पकोडा, इत्यादि के अनेक स्टॉल लगे थे। सभी व्यंजन अत्यंत स्वादिष्ट थे। अभिभावकों ने भी इस अवसर का भरपूर आनंद लिया। इस तरह के आयोजन से छात्राओं का जहां मनोरंजन होता है वही छात्राएं व्यवसायिक कौशल भी सिखाती है। मेला का उद्घाटन विद्यालय अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रारंभ से ही सभी प्रकार की योग्यता विकसित करना इस विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। जिससे बच्चे आगे चलकर स्वावलंबी बन सकें। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका कुंदन कुमारी कुमारी, कमलेश सर, रत्नावली मिश्रा, कृष्ण गोपाल सिंह, सीता देवी, रिंकू श्रीवास्तव, विजय कुमार सिंह, श्री अरविंद कुमार, गुलशन आरा, डॉ मनोज कुमार, गीतांजलि कुमारी, भरत कुमार श्रीवास्तव, सुजीत श्रीवास्तव, खुशी सिंह एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास का डीएम ने किया निरीक्षण



सासाराम(रोहतास): जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह ने सोमवार को अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास, बिक्रमगंज के छात्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रों का परिचय प्राप्त करते हुए समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। समस्याओं के सामाधान के लिए जिला कल्याण पदाधिकारी, रोहतास (सासाराम) को आवश्यक निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए बताया गया कि छात्रावास में मिल रहे सुविधाओं जैसे पुस्तकालय, ॐ३' उ'२२, मासिक पत्र-पत्रिका, दैनिक सामाचार, पत्र आदि का लाभ उठाते हुए पढ़ाई पर ध्यान दें तथा समय बर्वाद न करें। छात्रों को छात्रावास का माहौल ठीक रखते हुए अनावश्यक गुठबाजी पर ध्यान न देने का सलाह दिया। छात्रावास के पूर्ववर्ती सफल छात्रों की सूची तैयार करते हुए, सफल छात्रों को छात्रावास में सम्मानित करने का निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी, रोहतास (सासाराम) को दिया।

## सरस्वती शिशु मंदिर के भैया शिशु वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का किया नाम रौशन




आरा। भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति के तत्वावधान में आयोजित विभाग स्तरीय बाल संसद संगम सरस्वती विद्या मंदिर बालिका खंड में आयोजित सरस्वती शिशु मंदिर बागर भोजपुर के भैया शिशु वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया।

भोजपुर विभाग के करीब 18 विद्यालय से आए हुए बाल सांसद पदाधिकारियों का संगम कार्यकम सरस्वती विद्या मंदिर बालिका खंड बक्सर में आयोजित किया गया जिसमें शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग, कन्या भारती में लगभग 170 भैया बहने की उपस्थिति रही। शिशु वर्ग में 16 विद्यालयो के टीमों ने भाग लिया। शिशु वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर बागर भोजपुर के भैया आशीष, आदर्श, और सुजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम पूरे विभाग में रौशन किया। विभाग द्वारा सभी भैया एवं संरक्षक आचार्य अमित कुमार को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में पूर्व प्रधानाचार्य कृष्ण बलराम जी के द्वारा सभी स्थान प्राप्त करने वाले भैया को पुरस्कृत किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### स्मार्ट मीटर बाईपास बिजली चोरी में आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास)। प्रखंड-दावथ अंतर्गत बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जाँच को लेकर एक जाँच दल का गठन किया गया। जाँच के क्रम में पाया गया की विकाश कुमार, पिता- शंकर दयाल चौधरी अपने घरेलु परिसर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर से पहले तार में कटिंग कर एक अतिरिक्त तार अवैध रूप से जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। इनके इस कृत्य से साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को 22312 राजस्व की क्षति हुई है। कनीय विद्युत अभियंता दावथ अर्जुन कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे स्मार्ट प्रीपेड मीटर रिचार्ज नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं के परिसर का सघन जांच की जा रही है। जांच में स्मार्ट प्रीपेड मीटर या नॉर्मल मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की स्मार्ट प्रीपेड मीटर रिचार्ज नही कराने वाले उपभोक्ताओं के परिसर का सघन जाँच की जा रही है। जिनके स्मार्ट प्रीपेड मीटर का लाइन बकाया रहने के कारण स्वतः कटा हुआ है वह अपना बकाया राशि जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें। जो उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर या नॉर्मल मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत चालू माह में कुल 49 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### बड़हरा में विदेशी शराब व बाइक बरामद, धंधेबाज फरार, एफआईआर दर्ज

बड़हरा।भोजपुर। थाना क्षेत्र के बबुरा एसीपी सिंगला प्लांट सड़क समीप से पुलिस ने बाइक पर लदे प्लास्टिक का दूध ढोने वाले केन से एक्कासी बोतल बियर बरामद किया है। साथ ही एक ग्लैमर बाइक बरामद किया है। हालाकि पुलिस को दूर से देख शराब धंधेबाज सड़क पर बाइक छोड़ भागने में सफल हो गया। पुलिस ने बाइक व विदेशी शराब बियर बरामद करते हुए उत्पाद अधिनियम के तहत अज्ञात शराब के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा कानूनी कार्यवाही शुरू कर दिया है। बताते चले कि ये धंधेबाज दूध ढोने वाले केन का इस्तेमाल किया करते थे।

## भगवान बिरसा मुंडा ट्रॉफी ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 खेलगांव में भोजपुर के खिलाड़ियों ने परचम लहराया

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। झारखंड के राजधानी रांची में तृतीय भगवान बिरसा मुंडा ट्रॉफी ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप- 2024 खेलगांव, रांची में आयोजित हुई। जिसका उद्घाटन झारखंड के आदरणीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने किया। यह प्रतियोगिता 27 दिसंबर से 30 दिसंबर 2024 तक आयोजित हुआ। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में संस्कृति पब्लिक स्कूल की ओर कुल 10 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें हंसी तिवारी, समनित नयन, नक्ष कुमार एवं क्रीति कुमारी ने स्वर्ण पदक एवं सुशांत सिंह, आदर्श कुमार, आशीष सिंह, आशीष प्रसाद, ऋषभ राज एवं सुमित कुमार ने रजत पदक जीतकर विद्यालय के साथ जिला एवं अपने राज्य का गौरव बढ़ाया है। सभी प्रतिभागियों के आगमन पर पटना रेलवे स्टेशन पर पूर्व एम.एल.सी डॉक्टर अजय कुमार सिंह तथा विद्यालय के निदेशक डॉ आलोक कुमार सिंह पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया एवं सभी प्रतिभागियों को तपेश्वर सिंह स्मृति संस्थान की ओर से छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की एवं उज्जवल भविष्य के लिए विद्यालय परिवार सतत प्रयत्नशील रहेगी।

बच्चों के आरा आगमन पर विद्यालय की प्राचार्य जाकिया यास्मीन, दीपक तिवारी, रौशन सिंह, अमरेश मिश्रा, अनिल सिंह, अभिजीत तिवारी, ममता देवी एवं सभी शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी, आरा शहरवासियों तथा अभिभावकगण सभी बच्चों को पुष्प माला पहनाकर ढोल बाजा के साथ स्वागत किया।

इसके उपलक्ष्य में आज दिनांक 30/12/2024 को संस्कृति पब्लिक स्कूल की ओर से विजय यात्रा निकाला गया। जिसमें आरा शहरवासियों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया तथा विजय यात्रा में सहभागी बनें।

## जनतंत्र आवाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकिशोर शर्मा के नेतृत्व में दिया गया एक दिवसीय धरना

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जनतंत्र आवाज पार्टी द्वारा जिला समहरणलय पर धरना का आयोजन किया गया।

मुख्य मुद्दा बिजली मे भरस्टाचार और जनता का शोषण तथा स्मार्ट मीटर मे सुधार होने तक तत्काल लगाने पर रोक को ले था जिसमे पार्टी के कई गणमान्य नेता उपस्थित रहे इस अवसर पर भारत के पूर्व राष्ट्र पति ज्ञानी जैल सिंह तैल चित्र पर मलार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी तटपश्चात पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किशोर शर्मा ने बताया कि दस वर्षो से बिजली मीटर मे बदलाव कर बिजली उपभोगताओं का शोषण सरकार कर रही है वही बिजली बिभाग मे भरस्टाचार चरम पर है जिसकी भरपाई उपभोक्ता से किया जा रहा है सरकार बिजली कर्मियों गरीब सरकारी बिभाग निगम मे उपयोग का बिजली मुफ्त मे देती है जिसका चार्ज असूल जनता से करती है नये मीटर का रनिंग मानक के अनुसार नहीं है तथा कई तरह के अतिरिक्त चार्ज जोड़ देने से बिजली बिल से जनता परेशान है।

उन्होंने कहा अधिक परेशानी स्मार्ट मीटर आने के बाद हुआ है पूर्व मीटर के अपेक्षा चरगुना बिल आ रहा है जिसे तत्काल लगाने पर रोक का मांग के साथ स्मार्ट मीटर मे सुधार का सुझाव सरकार को दिया है जो निम्न है तैलिक साहू समाज भोजपुर जिला अध्यक्ष शिव कुमार साह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार हो या भारत सरकार यह गरीबों का शोषण कर रही है स्मार्ट बिजली मीटर के नाम पर और आरा शहर के ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है और मैं जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि ट्रैफिक व्यवस्था शहर में सुचारू रूप से चलने की मांग करता हूं जिसमें एंबुलेंस स्कूल के बच्चे जाम में न फंसे जहाँ भी मीटर लगे 24 घंटे 220 वोल्ट बिधुत उपलब्धता कि गरंटी हो

स्मार्ट मीटर से ऑनलाइन नियंत्रण उचित नहीं है इसलिए ३स्त्र्' के ऑनलाइन नियंत्रण से मुक्त कीजिये 100 ६ का बल्ब 24 घंटे मे एक यूनिट उठने का गरंटी सुनिश्चित कीजिये। बार बार प्रतिदिन रुपया काटना बंद कीजिये उपयोग के बाद माह के निश्चित समय मे बिल का डिटेल्स जनरेट कर एक ही बार रुपया लेने का ब्यवस्था कीजिये स्मार्ट मीटर का दाम कितना है स्पस्ट हो स्मार्ट मीटर के रूप मे बिभिन्न कम्पनी का मीटर बजार से खरीद कर लगाने का ब्यवस्था सुनिश्चित हो।

बिधुत उपलब्ध कराने मे प्राइवेट कम्पनी का मनमानी समाप्त के साथ स्थानीय स्तर पर अधिकारी और कार्यालय का ब्यवस्था हो बिजली मीटर मे किसी तरह का खराबी निवारण हेतु बिधुत मिस्त्री का तत्काल ब्यवस्था एक कॉल पर होना चाहिए। जैसे मांग का ज्ञायापन मुख्यमंत्री ऊर्जा मंत्री बिहार प्रधानमंत्री ऊजार्मंत्री भारत सरकार को पहले भेज दिया है और आज धरना का एक ज्ञापन जिला पदाधिकारी भोजपुर को बिधिवत दिया जो मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को भेजना है पार्टी अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा जनतंत्र आवाज पार्टी पुरे प्रदेश मे बिजली स्मार्ट मीटर से शोषण जैसे मुद्दे पर अभीयान चलाएगी मंच संचालन राम नारायण शर्मा धन्यवाद ज्ञापन सुरेश भोजपुरी ने किया अन्य शामिल मे राजेंदर गुप्ता लाल बाबू गुप्ता राम बाबू चौरसिया आदि थे।

## फिरोजपुर मंडल में रेल विकास से जुड़े कार्य के मद्देनजर कुछ ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल अंतर्गत आधारभूत संरचना से जुड़े कार्य के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों से खुलने/पहुंचने वाली निम्न ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है:

**रद्द की गयी ट्रेनें**

1.04652 अमृतसर-जयनगर स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक 01, 03, 05 एवं 08 जनवरी, 2025 को रद्द रहेगा।

2.04651 जयनगर-अमृतसर स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक 03, 05, 07 एवं 10 जनवरी, 2025 को रद्द रहेगा ।3.04654 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक 01 एवं 08 जनवरी, 2025 को रद्द रहेगा ।4.04653 न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक 03 एवं 10 जनवरी, 2025 को रद्द रहेगा ।5.14604 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन दिनांक 01 एवं 08 जनवरी, 2025 को रद्द रहेगा ।6.14603 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन दिनांक 03 एवं 10 जनवरी, 2025 को रद्द रहेगा ।7.12357 कोलकाता-अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन दिनांक 04 एवं 07 जनवरी, 2025 को रद्द रहेगा ।8.12358 अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन दिनांक 06 एवं 09 जनवरी, 2025 को रद्द रहेगा ।9.12407 न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन दिनांक 08 जनवरी, 2025 को रद्द रहेगा।

## योग और ध्यान से बढ़ती है याददाश्त शक्तिः मीनू कुमारी



तिलौथू(रोहतास)। तिलौथू के स्वर्णकार निःशुल्क पाठशाला में वंचित और गरीब परिवार के बच्चों को योग और ध्यान का महत्व सिखाते हुए मीनू कुमारी ने बच्चों की एकाग्रता और मानसिक विकास पर योग के सकारात्मक प्रभाव को उजागर किया। उन्होंने बताया कि रोजाना मात्र 5 मिनट तक आंखें बंद कर ध्यान मुद्रा में बैठने से न केवल एकाग्रता बढ़ती है, बल्कि मस्तिष्क का विकास भी होता है। इससे बच्चे पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करते हैं, और सीखे हुए शब्दों व जानकारियों को लंबे समय तक याद रख सकते हैं। हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय से बीएससी योग की छात्रा मीनू कुमारी, तिलौथू न्यू एरिया बाबूगंज की निवासी हैं। छुट्टियों के दौरान वह अपने गांव लौटकर सामाजिक सेवा में सक्रिय हो जाती हैं। बच्चों और समाज के अन्य वर्गों के लोगों को योग और ध्यान के माध्यम से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सुधारने की प्रेरणा देती हैं। इस बार मीनू ने सामाजिक कार्यकर्ता सत्यानंद के नेतृत्व में संचालित निःशुल्क पाठशाला में एक सप्ताह का विशेष योग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम में 30 बच्चे भाग ले रहे हैं और योग के फायदों का अनुभव कर रहे हैं। मीनू ने बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य को ही नहीं सुधारता, बल्कि मानसिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देता है। इस पहल से बच्चों के अंदर न केवल आत्मविश्वास बढ़ रहा है, बल्कि उनमें नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार हो रहा है। मीनू कुमारी का यह प्रयास न केवल समाज के वंचित वर्गों के बच्चों के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि यह समाज में बदलाव लाने की दिशा में एक सराहनीय कदम भी है। उनके इस कार्य से बच्चों को बेहतर भविष्य की राह दिखाई दे रही है।

## आरा रमना मैदान में प्रवेश पर टैक्स का पुरजोर मुखालफत करेगा आरा का नागरिक समाज :क्यामुद्दीन अंसारी

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। आरा रमना मैदान मे प्रवेश पर टैक्स लगाने के आरा मेयर के फरमान का पुरजोर मुखालफत करेगा आरा का नागरिक समाज. यह बात अपने प्रेस ब्यान मे भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने कही.

ज्ञात हो कि कल शुबह आरा रमना मैदान के मंच पर मेयर द्वारा आरा के प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक बुलाई गयी थी उक्त बैठक मे मै भी सामिल हुआ था जिसमे 40-50 लोग उपस्थित थे. उक्त बैठक मे आरा के नागरिक समाज ने रमना मैदान मे प्रवेश पर टैक्स लगाने के मेयर के प्रस्ताव का तीखा विरोध किया. नागरिक समाज का विरोध के तीखा स्वरूप देख कर मेयर ने उक्त बैठक को स्थगित कर दी.

मेयर ने बैठक के बाद गलत ब्यानी कर रही है कि 90% आरा के लोग टैक्स लगाने के पक्ष मे है जो गलत है और बे बुनियाद है.

भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने आरा के प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक मे रमना मैदान मे प्रवेश पर टैक्स लगाने का पुरजोर विरोध किया. इसके बाद कयी अधिवक्ता, शिक्षक व नागरिकों ने मैदान मे प्रवेश टैक्स का कड़ा विरोध किया. क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि रमना मैदान मे आवारा पशुओं के प्रवेश को रोकने का प्रबंध करते हुए आम आदमी के लिए बगैर टैक्स के आने जाने के लिए खुला रखने की वकालत की.

क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि रमना मैदान के बेहतर साफ-सफाई की जवाबदेही आरा निगम को लेना चाहिए. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी का कहना है कि 20-25 लोग आरा के 90 प्रतिशत नहीं हो सकते आरा नगर मे 250000 ढाई लाख वोटर है. भाकपा माले नेता ने कहा कि आरा निगम लुट व भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है और मेयर ईन्दू देवी को हर चीज मे कमायी दिख रहा है.

भाकपा माले नेता ने कहा कि जल्द ही रमना मैदान मे प्रवेश टैक्स लगाने के मेयर के प्रस्ताव के विरोध मे आरा के नागरिक समाज की बैठक बुलाई जायेगी जिसमे रमना प्रवेश टैक्स के विरोध की रुप रेखा तैयार की जायेगी. कल के मेयर ईन्दू देवी द्वारा बुलाई बैठक मे सामिल प्रमुख लोगों मे भाकपा माले पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी, अधिवक्ता सुबास यादव, वार्ड पार्षद मो.फैज उर्फ राजन, शिक्षक हरेराम सिंह, व्यवसायी लाल बाबु सोनर, पप्पु कुमार सोनार, हिम्मत यादव, गणेश यादव भी थे।

## सहरसा-आनंद विहार स्पेशल एवं धनबाद-नासिक रोड स्पेशल के परिचालन अवधि में हुआ विस्तार

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सहरसा और आनंद विहार तथा धनबाद और नासिक रोड के मध्य चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है ।1.गाड़ी सं. 05577 सहरसा-आनंद विहार स्पेशल के कुल 42 फेरे की वृद्धि की गयी है । अब यह स्पेशल 01.01.2025 से 28.02.2025 तक गुरूवार एवं शनिवार को छोड़कर सप्ताह के शेष पांच दिन परिचालित की जाएगी ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातः किरण
पटना, मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024



# जनहित में किये जा रहे कार्यो की वर्तमान स्थिति से अवगत हुए :डीएम

प्रातः किरण संवाददाता



गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने समाहरणालय सभागार में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एव सभी प्रोग्राम पदाधिकारी मनरेगा एवं जीविका के सभी प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी के बैठक करते हुए जनहित में किये जा रहे कार्यो की वर्तमान स्थिति से अवगत हुए हैं।जीविका के कार्यों की समीक्षा में डीपीएम जीविका द्वारा बताया गया कि जिले के सभी प्रखंडों में जीविका के समूह संचालित है। गया जिले में कुल 46361 जीविका समूह संचालित है इसके अलावा 557344 जीविका की दिदिया जीविका समूह में जुड़े हुए हैं। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र एवं सभी नगर निकाय के क्षेत्र में और प्रभावी रूप से जीविका समूह को जोड़ने में तेजी लावे साथ ही जीविका दीदी को दिए जाने वाले रिवाल्विंग फंड दीदियों को उपलब्ध कराने में कोई देरी नहीं करें। बताया गया कि इस वर्ष 1874729 लीटर नीरा को बेचा गया है, जो जिले के लिये काफी अच्छी प्रगति है।

डीपीएम जीविका ने बताया कि इस वर्ष मोडल के रूप में गया जिले में 700 हाउस होल्ड को मुर्गी पालन अंतर्गत अंडा उत्पादन से जोड़ने का कार्य किया गया है। इसके तहत अब जिले से ही उत्पादित अंडों को डिमांड बेसिस पर यथा अनुग्रह नारायण अस्पताल, सरकारी अस्पताल, सभी आंगनवाड़ी केंद्रों एव शिक्षा विभाग के एमडीएम से जोड़ा जाएगा। डीएम ने कहा कि यह काफी अच्छी इनिसिएटिव है, इसमें पूरी रुचि लेकर अंडा उत्पादन का कार्य करवाये ताकि जिले के ही जीविका दीदियों को भरपूर फायदा हो सके। सतत जीविकोपार्जन योजना की समीक्षा के दौरान डीएम ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना काफी अच्छी योजना है इस योजना के तहत 200000 तक का राशि जीविकोपार्जन के लिए दिया जाता है, वैसे गरीब तबके के परिवार या पूर्व में मादक पदार्थ बेचने में संलिप्त परिवार जिनके वर्तमान में कोई जीविकोपार्जन का सहारा नहीं है, वैसे परिवार या समूह को इस योजना का लाभ हर हाल में उपलब्ध करवाये। इस योजना का और अधिक विस्तार करने पर जोर दिए हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सके।जल जीवन हरियाली योजना के समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि गया जिला लगभग पहाड़ियों से घिरा हुआ क्षेत्र है गया जिले में ज्यादातर सुखाड़ की स्थिति बनी रहती है। गया जिले में सिंचाई आहार पोखर पर ही निर्भर है इसे ध्यान में रखते हुए आहार पोखर कि अतिक्रमण को हर हाल में हटवाना जरूरी है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक जल संरचनाओं का यदि कहीं अतिक्रमण है तो उसे तुरंत अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाए। सार्वजनिक चापाकलों के किनारे सोख्ता का निर्माण करवाने में तेजी लाएं। नए जल स्त्रोतों कर सृजन में तेजी लावे ताकि ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र सिंचित हो सके।

जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को कहा कि अपने क्षेत्र में सौर ऊर्जा अधिष्ठापन करने हेतु लोगों को प्रोत्साहित करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक बने और सौर ऊर्जा का प्रयोग कर सके सौर ऊर्जा के लिए राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार योजना बनाकर अनुदान भी दी जा रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले के वैसे पत्र लाखों जो पात्रता रखते हैं उन्हें आवास योजना का लाभ देने में कोई देरी नहीं करें साथ ही यदि लाभार्थी का नाम सूची में आ चुका है और बिना कोई विशेष कारण के प्रथम किस्त की राशि देने में विलंब हो रहा है तो वैसे आवास सहायक के विरुद्ध प्रतिवेदन भेजें, कठोर कार्रवाई की जाएगी।इस बैठक में उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, निदेशक डीआरडीए सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

# औरंगाबाद के पूर्व डीएम कंवल तनुज को छात्र छात्राओं एवं प्रतियोगी परीक्षार्थियों ने भेजा ग्रीटिंग्स कार्ड

प्रातः किरण संवाददाता




औरंगाबाद। औरंगाबाद में जिलाधिकारी का पद संभालकर लोगों के दिलों पर राज करने वाले, बेहद ही व्यवहारिक, अपने कार्य के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के धनी बिहार वन एवं पर्यावरण विभाग के अपर सचिव कंवल तनुज आज भी यहां के लोगों की यादों में समाहित है।यही कारण है कि यहां के लोग प्रत्येक पर्व त्योहार में उन्हे याद करते हैं और शुभकामनाएं भेजते है।नववर्ष पर भी छात्र छात्राओं एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों ने कंवल तनुज को ग्रीटिंग्स कार्ड भेजा है।इसकी जानकारी मिलते ही पूर्व डीएम ने सभी को अपनी शुभकामनाएं भेजी है और सबों के उज्वल भविष्य की कामना की है।उन्होंने सभी छात्र छात्राओं के कैरियर निर्माण में सहयोग करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की है।गौरतलब है कि पूर्व जिलाधिकारी ने औरंगाबाद में डिस्कस विद डीएम का संचालन कर पूर्व डीएम ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा का राह दिखाया। कार्यक्रम में शामिल 45 प्रतिभागियों ने डीएम से लक्ष्य पाने से संबंधित सीधी बात की।इस कार्यक्रम में मेंटर की भूमिका में रहे डीएम ने छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा में लक्ष्य प्राप्ति के को टिप्स बताएं।

उन्होंने बच्चों को न सिर्फ सफलता के कई टिप्स बताए बल्कि तनावमुक्त जीवन जीने के गुर भी सिखाए।पूर्व जिलाधिकारी ने अपने भेजे गए संदेश में बताया कि किसी भी परीक्षा के समय तनाव नहीं लेना चाहिए। छात्रों को जीवन में कभी भी हार नहीं मानने को कहा।उन्होंने बताया कि जो हार गया वह आगे नहीं बढ़ सकता है। पूर्व डीएम ने छात्र-छात्राओं से ईमानदारी से पढ़ाई करने की अपील की। कहा कि शिक्षा से ही समाज को बदला जा सकता है। उन्होंने छात्रों को रुचि के अनुसार पढ़ाई करने की बात कही। कहा कि परेशानी सभी को है जो परेशानियों से पार कर सफलता हासिल कर ले वहीं विजेता बनता है।पूर्व डीएम के द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन से लाभान्वित रिया कुमारी, अमन कुमार, सोनाली कुमारी, चंचला कुमारी, मो कैफ खान, मो सैफ अली खान, नेहा कुमारी, रितेश कुमार, सिकन्दर कुमार, मो फिरोज, खुशबू कुमारी, रोशन कुमारी, पिंटू कुमार, भोलू सिन्हा, कुंदन कुमार, अमित कुमार, अनुज कुमार, जमजम खानम आदि ने ग्रीटिंग्स कार्ड भेजकर उन्हे नववर्ष की शुभकामनाएं दी है।

# क्राफ्ट मेला शिल्पकारों एवं कारीगरों को प्रदान करता है एक मंच :डॉ मनीष

प्रातः किरण संवाददाता



गया।राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा गया के गांधी मैदान में आयोजित क्राफ्ट मेला 2024 के इस शुभ अवसर पर हृदय से स्वागत करता हूं। यह मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है कि मुझे इस अद्भुत मेले का उद्घाटन करने का अवसर मिला है। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा भारत अपनी सांस्कृतिक विविधता और शिल्प कला की समृद्ध परंपरा के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यह मेला न केवल हमारे देश के विभिन्न हिस्सों की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित करता है, बल्कि हमारे शिल्पकारों और कारीगरों को एक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपनी अद्वितीय प्रतिभा को सामने ला सकते हैं। हस्तशिल्प न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा है, बल्कि यह लाखों लोगों के लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत भी है। ऐसे आयोजनों से हमारे कारीगरों को आर्थिक और सामाजिक प्रोत्साहन मिलता है, और यह उनके कौशल को पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में, मैं यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हम सभी कारीगरों और कलाकारों के अधिकारों और उनकी गरिमा को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह मेला इस बात का प्रतीक है कि हम अपनी संस्कृति और शिल्प को संरक्षित करने के लिए एकजुट हैं।, मैं सभी आयोजकों को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिनकी मेहनत और समर्पण से यह मेला संभव हुआ है। इसके साथ ही, मैं सभी दर्शकों से आग्रह करता हूं कि वे मेले में भाग लें, हमारे शिल्पकारों को प्रोत्साहित करें और इस सांस्कृतिक उत्सव का आनंद लें। आज के उद्घाटन समारोह में भारतीय जनता पार्टी के युवा अध्यक्ष जिला 20सूत्री के सदस्य आकाश जयदेव गिरी,आयोजक मुकेश गिरी,छोटू चार्ली,अमरजीत गिरी,कृष्णदेव पांडेय,सुनील बंबइया,अनिल यादव,वेद प्रकाश,संतोष ठाकुर,मंटू कुमार आदि थे।

# थाने के सभी लम्बित मामलों को करें शीघ्र निष्पादन : पुलिस निरीक्षक

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) थाने के सभी लंबित मामलों को यथाशीघ्र करें निष्पादन फरार अपराधियों व वारंटी के गिरफ्तारी में लाएं तेजी उक्त बातें सोमवार को कुर्था पुलिस निरीक्षक कार्यालय में क्राइम मीटिंग के दौरान जिले के विभिन्न थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कुर्था पुलिस निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने कहीं साथ ही उन्होंने कहा कि थाने के सभी फरार वारंटी अपराधी क्षेत्र में शराब कारोबारी के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाएं साथ ही थाने के सभी लंबित केसों को यथाशीघ्र निष्पादन करें वहीं उन्होंने विभिन्न थानाध्यक्षों के द्वारा क्राइम मीटिंग के दौरान लाए गए अधतन रिपोर्ट को गहनता पूर्वक अवलोकन किया। इस मौके पर कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, मानिकपुर थानाध्यक्ष पीयूष जायसवाल, करपी थानाध्यक्ष सचिन कुमार, किंजर थानाध्यक्ष दरबारी चौधरी, शहरतेलपा अपर थानाध्यक्ष राजेश कुमार समेत कई थानों के थानाध्यक्ष शामिल थे।

## आचार्य किशोर कुणाल के आकस्मिक निधन से अपूरणीय क्षति:सत्येन्द्र रंजन

अरवल। पूर्व आईपीएस अधिकारी , बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के पूर्व अध्यक्ष और महावीर मंदिर न्यास समिति के संस्थापक सचिव आचार्य किशोर कुणाल के आकस्मिक निधन पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आचार्य किशोर कुणाल के आकस्मिक निधन से प्रशासनिक , सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति हुई है , जिसकी निकट भविष्य में भारपाई करना संभव नहीं है । वे एक कुशल प्रशासक एवं संवेदनशील अधिकारी थे । उन्होंने समाज सेवा और धार्मिक उत्थान के लिए महावीर मंदिर न्यास समिति के माध्यम से जन कल्याण हेतु अनेकों संस्थाओं का निर्माण करवाया था

# आचार्य कुणाल किशोर की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। अधिवक्ता संघ भवन में जनेश्वर विकास केंद्र एवं जन विकास परिषद की ओर से आचार्य कुणाल किशोर की मृत्यु आत्मा के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई । श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता रामजी सिंह ने किए। सचिन सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि आचार्य किशोर कुणाल व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे और सरकारी अधिकारी होते हुए भी सामाजिक न्याय लिए समर्पित रहने वाले व्यक्ति थे। सभी जाति समुदाय की लोगों को एक सूत्र में बांधकर रखने वाले व्यक्ति थे। ऐसे सामाजिक व्यक्तित्व को चला जाना पूरे समाज के लिए एक क्षति है। उनकी कृतियों को समाज हमेशा याद करता रहेगा।

समाजसेवी आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि बहुत ही दुखद समाचार धार्मिक न्यास बोर्ड के सचिव आचार्य किशोर कुणाल जी का निधन का खबर सुनकर मन बहुत ही व्यथित हो गया,उनका चला जाना बिहार ही नहीं ,पूरा भारत को रुला गया,वो हनुमान जी के परम -प्रिय भक्त थे ,वो देश के धार्मिकता के मुख्य केंद्र थे,श्रीराम जन्मभूमि के पास अयोध्याजी में भी इनके द्वारा श्रीराम रसोई चल रहा है। उनका स्थान को कभी भरा नहीं जा सकता,उनके द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में किया गया कार्य अतुलनीय है । अधिकता सतीश सनेही ने कहा कि कुणाल किशोर जी हम सब के लिए सदैव अमर रहेंगे समाजवादी का किया गया योगदान सदैव अतुलनीय नहीं रहेगा। अपने श्रद्धा सुमन प्राप्त करता हूं। इस मौके पर रामजी सिंह ,लालदेव प्रसाद, संजय सिंह लोकेश प्रसाद , रविंद्र प्रसाद सिंह,, आदित्य श्रीवास्तव, इंद्रदेव यादव, प्रमोद कुमार सिंह सभी ने देवगत आत्मा के प्रति अपनी शोक संवेदना प्रकट की।

## झारखंड प्रभारी ने खिजरसराय प्रखंड में मृतक के पत्नी को आर्थिक मदद किया: अरविंद

गया ।लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के अतरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राष्ट्रीय सचिव सह झारखण्ड प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह अतरी विधानसभा के खिजरसाराय प्रखंड के काजीचक ग्राम मे मुकेश चौधरी के पुत्र सूरज कुमार उम्र- 6 बर्ष जो एक्सीडेंट में मृत्यु हो गया है ।उनके सब परिवार से मिलकर शोक संतावना देते हुए एवं मोहड़ा प्रखंड के सत्यनारायणपुर ग्राम के चानशूर मांझी को एक्सीडेंट में मृत्यु हो गया और उनके सब परिवार से मिलकर शोक संतावना देते हुए और मृतक के पत्नी सावित्री देवी को आर्थिक मदद किये और जनता का जनसमस्या भी सुने एवं अरई ग्राम में भाजपा के सीनियर लीडर रमेश दा के घर पर चुनाब पर चर्चा करते हुए अरविन्द कुमार सिंह के साथ मे लोजपा के जिलाअध्यक्ष दिलीप सिंह, जिला मीडिआ प्रभारी निर्भय कुमार, पंचायत अध्यक्ष दिलीप सिंह, राजीव सिंह जिला उपाध्यक्ष, अतरी प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ चौधरी, आदि थे।

## केन्द्रित होकर राजनीति करते थे स्व.रामनरेश सिंह:सांसद

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद के पूर्व सांसद स्व.रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू की 26वीं पुण्यतिथि रामनरेश सिंह फाउंडेशन के द्वारा पूर्व सांसद आवास सिंह कोठी में मनाया गया। इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में राजनीतिक,सामाजिक बुद्धिजीवी, गणमान्य नागरिकों एवं शिक्षाविद से जुड़े सभी वक्ताओं ने पूर्व सांसद के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके विराट ब्यक्तित्व के बारे में लोगो को बताया।इस कार्यक्रम का संचालन वार्ड पार्षद सह भाजपा नेता अशोक सिंह ने किया। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे पिताजी केन्द्रित होकर राजनीत करते थे। मेरे पिताजी का पूरा जीवन संघर्ष और जुझारूपन का मिसाल रहा। इनके बारे में लोगो के द्वारा चर्चा किया जाता है कि इनसे जो मदद माँगने गया कभी खाली हाँथ नही लौटा और अपनी शर्तों पर हमेशा जीवन जिया।इनका सभी चुनाव संघर्ष भरा रहा। औरंगाबाद विधानसभा से 1980 में निर्दलीय प्रत्यासी के रूप में चुनाव लड़े और चुनाव जीते जो अभी तक का एकमात्र निर्दलीय विधायक बनने का रिकॉर्ड इनके नाम दर्ज है।औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र से दो बार सांसद और दो बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए।मैं आज जो कुछ भी हुँ पिताजी के कृपा से हुँ।मैं आज भी हमेशा जब जिला मुख्यालय में रहता हुँ तो अपने आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर जनता दरबार लगाकर आए हुए सभी लोगो का बारी-बारी से समस्या सुनता हुँ और उसका निराकरण करता हुँ।मुझे जो आपलोग के द्वारा दायित्व मिला है मैं उसे शत प्रतिशत निर्वहन करूँगा समाज के अंतिम ब्यक्ति से जुड़कर राजनीत करना यह मेरे पिताजी का स्वभाव था और मैं उसी सिद्धान्त पर कार्य करता हुँ।

फाउंडेशन के चैयरमैन सुनील सिंह ने कहा कि मेरे पिताजी जब जन प्रतिनिधि हुए उसके बाद जनप्रतिनिधि होने के बाद विकास की नींव डाली थी यँहा की जनता को जनप्रतिनिधि के कर्तव्यों क्या होता है यह पहली बार पता चला ।

## हम सेकुलर के दुबारा युवा अध्यक्ष बने आयुष पासवान



प्रातः किरण संवाददाता

गया ।हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से० पार्टी के जिला कार्यालय में आयुष पासवान को पुनः दूसरी बार युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर पार्टी की सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने बधाई दी एवं शीर्ष नेतृत्व जीतन राम मांझी डॉ संतोष कुमार सुमन एवं युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शुभम के प्रति आभार व्यक्त किया। आयुष पासवान ऊर्जावान कर्मठ साथी हैं। इन्हें युवा प्रकोष्ठ की जिम्मेवारी दूसरी बार पुनः मिलने पर मिलने पर निश्चित तौर पर संगठन को और ज्यादा मजबूती मिलेगी अपने व्यवहार और पार्टी की नीति सिद्धांत और विचारधारा के बल पर जिले में नए ऊर्जावान युवाओं को संगठन से जोड़कर दल को मजबूती प्रदान करेंगे।

मौके पर बधाई देने वालों में जिला उपाध्यक्ष सुधीर यादव, जिला सचिव राकेश कुमार ,महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रूबी देवी, महानगर अध्यक्ष मुकेश चौधरी, धर्मेंद्र मांझी रामसनेही मांझी ,संतोष सागर ,चंदन कुमार ,विनय माझी ,उमेश दास आदि है।

## जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

गया। बोधगया में आज आदर्श जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, चेरकी, बोधगया द्वारा जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता निधि के अंतर्गत आयोजित किया गया है।इसकार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विजय कुमार, मुख्य प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक, आचार्य मम्मट, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका गया, ब्रजेश कुमार, प्रबंधक सूक्ष्म वित्त गया, स्वाति कश्यप, प्रबंधक मानव संसाधन, सुनील कुमार, निदेशक आरसेटी, और जीविका बोधगया के प्रखंड परियोजना प्रबंधक भास्कर कुमार ने संयुक्त रूप से किया है।

## आचार्य किशोर कुणाल ने शिक्षा, स्वास्थ और धर्म के क्षेत्र में क्रांति लाने का किया काम



गया ।बिहार के धर्मात्मा हनुमान भक्त आचार्य किशोर कुणाल एक कुशल प्रशासक तो थे हीं वह एक ऐसे समाजसेवी भी थे जिन्होंने शिक्षा, स्वास्थ और धर्म के क्षेत्र में क्रांति लाने का किया और बिहार को गौरवान्वित किया ऐसे धरोहर का जाना एक अपूर्णीय क्षति है। महाकाल न दो बार कंठ धरता है ।सय्या न कभी दो बार सजता है ।मरता है महान मानव, जो एक बार मरता है। व्यक्ति को कोई कहाँ याद करता उनके व्यक्तिव को हीं सदा याद करता है और इनका व्यक्तित्व सदैव प्रेरणा योग्य रहेगा। पूर्व आईपीएस अधिकारी, महावीर मंदिर पटना के सचिव ,महावीर कैंसर अस्पताल पटना, और महावीर वात्सल्य अस्पताल पटना, सीता रसोई के संस्थापक, परम श्रद्धेय आचार्य किशोर कुणाल के निधन के उपरांत पटना स्थित उनके आवास पर पहुंचकर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। श्री हरि आपकों अपने चरणों में स्थान दे यही श्री हरि से प्रार्थना है तथा परिवार और इष्ट-मित्रों को संबलता प्रदान करें।

# अनंत यात्रा पर निकले आचार्य किशोर कुणाल

## निवास स्थान से महावीर मन्दिर होते कौनहारा घाट गयी अंतिम यात्रा

प्रातः किरण संवाददाता



धर्म को परोपकार से जोड़ अमर हो चुके आचार्य किशोर कुणाल सोमवार को अनंत यात्रा पर निकल पड़े। एकदम निश्चिंत भाव में लेटे हुए। जैसे अपने हिस्से का काम कर गये। सोमवार सुबह नौ बजे पटना के गोसाईं टोला स्थित सायण निलय से आचार्य किशोर कुणाल की अनंत यात्रा शुरू हुई। एकलौते पुत्र सायण कुणाल समेत सभी परिजन साथ थे। लेकिन आचार्य किशोर कुणाल ने तो जीते जी बहुत बड़ा परिवार बना लिया था। महावीर मन्दिर, महावीर कैंसर संस्थान, महावीर आरोग्य संस्थान, महावीर वात्सल्य अस्पताल, अमावा राम मन्दिर और ऐसे दर्जनभर से ज्यादा संस्थानों से जुड़े लोग, कर्मचारी और उन कर्मचारियों के परिजन भी साथ थे। धर्म के पुरोधा के तौर पर पहचान बना चुके आचार्य किशोर कुणाल को जाननेवाले हजारों। कारवां लंबा था। रास्ते भर कुणाल साहब अमर रहें के आसमान तक पहुंचते नारे। साहब इसलिए कि एक कड़कमिजाज और ईमानदार आईपीएस अधिकारी के तौर पर भी दुनिया उन्हें जानती-पहचानती रही। इसी पटना के एसएसपी रहे। बड़े-बड़े साहसिक काम किये। सुबह दस बजे आचार्य किशोर कुणाल का पार्थिव शरीर महावीर मन्दिर पहुंचा। पटना जंक्शन स्थित वह महावीर मन्दिर जिसे पटना के सीनियर एसपी रहते उन्होंने सुव्यवस्थित कर भव्य स्वरूप प्रदान किया। इसी महावीर मन्दिर न्यास के सचिव रहकर नौ चैरिटेबल अस्पताल खोले। ऐसे और दसियों बड़े काम किये। महावीर मन्दिर प्रांगण में उनका पार्थिव शरीर संत रविदास की प्रतिमा के सामने रखा गया। संत रविदास की तरह आचार्य किशोर कुणाल ने भी जात-पात का भेद मिटाया। महावीर मन्दिर समेत कई मन्दिरों में दलित पुजारी नियुक्त किए। महावीर मन्दिर प्रांगण में पुरोहितों ने गीता, कठोपनिषद आदि का पाठ किया। आचार्य किशोर कुणाल के पुत्र सायण कुणाल, जीवनसंगिनी अनीता कुणाल, पुत्रवधु शाम्भवी, समधी अशोक चौधरी समेत करीबी परिजन वहां मौजूद रहे। इस दौरान हजारों भक्तों और चाहनेवालों ने आचार्य किशोर कुणाल के अंतिम दर्शन कर पुष्प अर्पित किये। इस कड़ी में पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री रामकृपाल यादव, बिहार सरकार के मंत्री नितीन नवीन, सुमित कुमार सिंह समेत कई नेताओं एवं गणमान्य लोगों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये। 11 बजे हनुमान जी की आरती की घड़ी थी। आचार्य किशोर कुणाल वर्षों तक सुबह-शाम की आरती में आते रहे। इधर कुछ वर्षों से स्वास्थ्य कारणों से शाम की आरती में जरूर आते। सोमवार को आचार्य किशोर कुणाल के लिए अंतिम आरती थी। मुख्य गर्भगृह में हनुमानजी के दोनों विग्रहों और राम दरबार की आरती के बाद पुजारी सीधे आचार्य किशोर कुणाल के पार्थिव शरीर के पास गये। उन्हें उनके आराध्य की आरती दिलायी। भोग और चरणोदक प्रसाद भी दिया।किशोर कुणाल ने अपने आराध्य के अंतिम दर्शन किए। महावीर मन्दिर प्रांगण में ही आचार्य किशोर कुणाल के पार्थिव शरीर की परिक्रमा करायी गयी। वहां से वे सीधे हाजीपुर स्थित कौनहारा घाट के लिए अनंत यात्रा पर निकल पड़े। उसी कौनहारा घाट पर जहां उनके पिता स्वर्गीय रामचंद्र शाही का अंतिम संस्कार हुआ था। गंडक नदी जिसे नारायणी नदी भी कहते हैं, उसके तट पर। वहीं ठीक सामने आचार्य किशोर कुणाल ने भगवान शंकर के विशालनाथ मन्दिर का पुनर्निर्माण कराया था। वहीं सटे विशालनाथ अस्पताल भी खुलवाया। यहाँ मात्र तीस रुपये में मरीजों का इलाज होता है। कौनहारा घाट पर सरकार की ओर से प्रशासनिक इंतजाम थे। दर्शनाभिलाषियों के लिए टेट-कुर्सियां लगी थीं। वैशाली एसपी हरिकिशोर राय तो घंटों वहां रहे और अंतिम संस्कार के बाद ही निकले। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और महावीर मन्दिर न्यास के अध्यक्ष जस्टिस बी एन अग्रवाल, बिहार-झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव और महावीर मन्दिर न्यास के सदस्य विजयशंकर दूबे, पूर्व जस्टिस पी के सिन्हा, महाधिवक्ता पी के शाही, मंत्री जमा खां, सुमित सिंह, मदन सहनी, पूर्व मंत्री राणा रंधीर, रामकृपाल यादव, विधायक मुन्ना तिवारी, मुकेश रौशन, प्रदीप जैन, डॉ एल बी सिंह, डॉ एस एस झा, डॉ डी के रमण और अनेक गणमान्य लोग आचार्य किशोर कुणाल के अंतिम संस्कार के साक्षी बने। अयोध्या, वाराणसी समेत देश के कोने-कोने से साधु-संत भी पहुंचे थे। अयोध्या हनुमान गढ़ी के महंथ राजू दास, रामसुन्दर दास, रामदास, फतुहा के महंथ शिवानंद, बड़ी पटन देवी के महंथ विजयशंकर गिरि समेत कई साधु-संत थे। आचार्य किशोर कुणाल का अंतिम संस्कार उनकी जन्मभूमि की पारंपरिक विधि से किया गया। दोपहर दो बजे पुत्र सायण कुणाल ने मुखाग्नि दी। इसी के साथ आचार्य किशोर कुणाल अनंत यात्रा पर निकल पड़े। नश्वर शरीर को त्याग पवित्र आत्मा के साथ।


पावरग्रिड POWERGRID

**सूचना**

सीईआरसी (व्यवसाय का संचालन) विनियम'1999 और सीईआरसी (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम'2019 के विनियमन –86 के तहत अनुमोदन i) 2019–24 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ का सत्यापन और ii) 2024–29 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ **याचिका संख्या–1** के लिए निर्धारण: 400 केवी एस/सी सिंगरौली–विंध्याचल ट्रांसमिशन लाइन सहित विंध्याचल में एनआर और डब्ल्यूआर के बीच (2x250 मेगावाट) एचवीडीसी बैक टू बैक

1. उपर्युक्त ट्रांसमिशन प्रणाली के लाभार्थी हैं: (1) एमपीपीएमसीएल, जबलपुर (2) एमएसईडीसीएल, मुंबई (3) जीयूवीएनएल, वडोदरा (4) विद्युत विभाग, गोवा सरकार, पणजी, (5) डीएनएचडीपीसीएल, सिलवासा (6) ) सीएसपीडीसीएल, रायपुर, (7) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (8) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (9) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (10) पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (11) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (12) जम्मू एंड कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (13) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (14) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (15) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (16) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (17) चंडीगढ़ विद्युत विभाग (18) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (19) उत्तर मध्य रेलवे (20) नई दिल्ली नगर परिषद। (21) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड
2. टैरिफ विवरण:

ए) 2019–24 ब्लॉक — रु. लाख में

| याचिका संख्या | परिसंपत्ति विवरण | डीओसीओ/ईसीओडी/नेशनल | 31.03.2024 तक पूर्णता लागत | सत्यापन के आधार पर संशोधित एएफसी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| याचिका–1 | संयुक्त संपत्ति | 06.06.1989 | 12165.59 | 2765.92 | 4388.88 | 6647.05 | 7452.53 | 7487.97 |

बी) 2024–29 ब्लॉक — रु. लाख में

| याचिका संख्या | परिसंपत्ति विवरण | 31.03.2024 तक पूर्णता लागत | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| याचिका–1 | संयुक्त संपत्ति | 49205.59 | 7520.00 | 7587.64 | 7548.72 | 7410.56 | 7288.53 |

4. इस नोटिस और टैरिफ के निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट **www.powergrid.in** पर पोस्ट कर दी गई है।
5. उपरोक्त आवेदन में उल्लिखित टैरिफ के निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव एवं आपत्तियां, यदि कोई हों, लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029 (या अन्य पता जहां आयोग का कार्यालय स्थित है), इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर आवेदक को उसके कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर एक प्रति भेजें।

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के लिए
हस्ता./–
उप महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 30/12/2024

PG/CC/Notice-181/Advt-229/2024-25

naa

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
केन्द्रीय कार्यालय: "सौदामिनी", प्लॉट सं. 2, सेक्टर–29, गुड़गाँव, हरियाणा-122001
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
वेबसाइट: **www.powergrid.in**, CIN : L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

# प्रदर्शनकारियों ने आरा रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर प्लेटफार्म एक पर बक्सर पटना पैसेंजर किया जाम

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। बीपीएससी की 70 वीं उउए परीक्षा रद्द करने,अभ्यर्थियों पर बर्बर लाठीचार्ज,पेपर लीक करने वाले माफियों की गिरफ्तारी एवं मृतक इढरउ अभ्यर्थी सोनू कुमार के परिजनों को मुआवजा की मांग को लेकर अक्रअ और फअ का चक्का जाम । बिहार बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों ने आरा रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर प्लेटफार्म एक पर 03376 बक्सरझपटना पैसेंजर को रोककर बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने ट्रेन के इंजन और ट्रैक पर खड़ा होकर जमकर प्रदर्शन किया ।

फअ के राज्य सचिव सह अगिआंव विधायक शिव प्रकाश रंजन ने कहा कि बीपीएससी की 70वीं पीटी पटना समेत बिहार के अनेक केंद्रों पर पेपर लीक व घोर आपत्तिजनक अनियमितताओं के साथ सम्पन्न हुई. परीक्षा रद्द करने की लोकप्रिय मांग उठी. अभ्यर्थी ठंड में धरने पर बैठ। लेकिन नीतीशझभाजपा सरकार न सिर्फ जिद्द में बहरी बनी रही बल्कि उल्टे न्याय की मांग कर रहे नौजवानों पर अंग्रेजी शासन की याद दिलाने वाला बर्बर लाठीचार्ज किया।

नीतीश-मोदी सरकार बिहार में सुशासन के बड़े बड़े दावे करती है पर एक परीक्षा सुचारु रूप से करा पाने में सफल नहीं है. लोकतांत्रिक मांगे उठाने पर जेल, फर्जी मुकदमे और बर्बर पुलिसिया दमन नियम बनते जा रहा हैं. याद करें कि इसी परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन का विरोध कर रहे छात्रझछात्राओं पर भी लाठीचार्ज किया गया था।

आइसाझआरवाइए ने कहा है कि बिहार इस वक्त शिक्षा और परीक्षा माफियाओं के गिरफ़्त में है. समय पर डिग्री न मिलना, कॉलेज में शिक्षक न होना, परीक्षा में धांधली, पैसे पर बिकती नौकरी और डिग्री बिहार में आम चलन बनता जा रहा है. पर सरकार इन माफियाओं पर लगाम लगाने की बजाय युवाओं पर लाठियां चला रही है।विदित है कि मुजफ्फरपुर केंद्र पर इढरउझढळ परीक्षा देने वाले पटना जिले के पालीगंज के सोनू कुमार नाम के छात्र ने इस तनाव में अपनी जान ले ली. यह आत्महत्या नहीं सांस्थानिक हत्या है जिसका जवाब मोदीझनीतीश की जोड़ी को देना होगा। 30 दिसंबर के चक्का जाम की पूर्व संध्या 29 दिसंबर को पूरे बिहार में नौजवानों के बीच मोमबत्ती जलाकर सोनू कुमार को श्रद्धांजलि दी गई थी और सोनू के परिवार वालों को 5 करोड़ का मुआवजा सरकार दे।

# गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए हुई बैठक

प्रातः किरण संवाददाता




मधेपुरा । तरनजोत सिंह, जिला पदाधिकारी, मधेपुरा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबू सभागार, मधेपुरा में 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) समारोह, 2025 के सफल आयोजनार्थ बैठक आहुत की गई। बैठक में अपर समाहर्त्ता, मधेपुरा श्री अरूण कुमार सिंह, अपर समाहर्त्ता, आ0, श्री मुकेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, मधेपुरा श्री शंकर शरण, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा, सिविल सर्जन, मधेपुरा, भू-अर्जन पदाधिकारी, मधेपुरा, अनुमंडल पदाधिकारी, मधेपुरा श्री संतोष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, उदाकिशुनगंज एस जेड हसन के साथ साथ अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिलास्तरीय सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि जिलान्तर्गत सभी सरकारी कार्यालय/निजी स्थल पर होने वाले झंडोतोलन कार्यक्रम को विधि-सम्मत संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे तथा जिला मुख्यालय के सभी कार्यालय की साफ-सफाई/रंग-रोगन करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि मधेपुरा शहर सुशोभित लगे। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा को निदेश दिया गया कि 26 जनवरी, 2025 के प्रातः प्रभात फेरी कार्यक्रम हेतु स्कूल को चयनित करते हुए स्कूली बच्चे को प्रभात फेरी में भाग लेने हेतु उत्साहित किया जाय तथा प्रदर्शन के आलोक में पुरस्कृत किया जाय।

# विद्युत विभाग की टीम ने विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध कराई प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा)। पुरैनी प्रखंड अंतर्गत औराय पंचायत के रसूल टोला वार्ड संख्या 12 में विद्युत विभाग की टीम ने विशेष छापेमारी अभियान के दौरान एक लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी का केस दर्ज कराया है। वहीं शनिवार को सुबह करीबन 6 बजे औराय पंचायत के रसूल टोला में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया था । जिसमें मोहम्मद इदरिश आलम के पुत्र मोहम्मद सरवर आलम के ईट भट्ठा परिसर के जांच में पाया गया कि यहां अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा था। मोहम्मद सरवर के इस कृति से नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को तिरेसठ हजार सात सौ उन्नतीस रुपए की क्षति हुई है। मोहम्मद सरवर के द्वारा उक्त परिसर में नया विद्युत सम्बन्ध हेतु दिनांक 17.12.24 को ऑनलाइन आवेदन किया था जिसका रिक्वेस्ट नंबर 521315059246 है। उक्त परिसर में पूर्व से उपभोक्ता संख्या 107205262845 मो मुस्ताक के नाम से विधुत बकाया राशी (चौसठ हजार दो सौ छह रुपया) रहने के कारण नया विद्युत सम्बन्ध हेतु आवेदन को निरस्त कर दिया गया था। फिर भी विद्युत विभाग के टीम की आंखों में धूल झोंक कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा था। वहीं विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल आलमनगर के सहायक विद्युत अभियंता विजय कुमार के साथ गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी टीम का गठन किया गया था जिसमें उक्त मौके पर राजीव रंजन (विद्युत कार्यपालक अभियंता उदाकिशुनगंज), मुकेश कुमार(कनीय विद्युत अभियंता पुरैनी), निलेश कुमार (कनीय विद्युत अभियंता ग्वालपाड़ा), हरिश्चंद्र कुमार मुखिया (कनीय विद्युत अभियंता उदाकिशुनगंज पूर्वी), राजीव रंजन (कनीय विद्युत अभियंता चौसा), संतोष कुमार एवं मनोज कुमार गुप्ता छापेमारी दल में शामिल थे।

# युवा कलाकार और रंगकर्मियों ने 2024 को कला संस्कृति के क्षेत्र में बेहतर और बेमिसाल साल बताया

प्रातः किरण संवाददाता



मधेपुरा। मधेपुरा जिले के सक्रिय युवा कलाकार और रंगकर्मियों ने जातें हुए साल 2024 को बेहतर और बेमिसाल साल बताया है कलाकारों ने कहा 2024 हम सबों के लिए सुखद और सुन्दर वर्ष रहा है। खासकर कला संस्कृति के क्षेत्र में जिले में कई नामी गिरामी और कई छोटी छोटी संस्थाओं ने अपने गीत संगीत ओर नृत्य नाटक के बेहतरीन मंचन करके जिले में सांस्कृतिक गतिविधियां बनायें रखीं। जहां इस साल दर्जनों से अधिक संस्कृति कार्यक्रम सरकारी और गैर-सरकारी में जिले कलाकारों ने अपनी शानदार उपस्थिति दी। लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय संस्थान संगीतालय और नृत्यालय संस्थान ने समय-समय पर गीत नृत्य और नाटक के लिए कार्यशाला आयोजित कर कला के प्रति नए प्रतिभा को प्रशिक्षित किया। इस वर्ष नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा द्वारा प्रायोजित रंग महोत्सव में सृजन दर्पण संस्था के रंगकर्मियों ने गीत नृत्य और नाटक के जरिए बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया। जबकि इसी संस्था के रंगकर्मियों ने जिला स्तरीय युवा उत्सव में भी समूह लोकनृत्य और नाटक -विधा में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्यस्तरीय युवा उत्सव में बेहतरीन प्रस्तुति से अपने उपस्थिति दी। बताते चलें रंगकर्मी विकास एवं टीम सृजन दर्पण के रंगकर्मियों ने कई राज्यकीय एवं राष्ट्रीय महोत्सव और सेमिनार में अपने कला का संदेश मूलक प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध किया और सम्मान पाया। जिले के कलाकारों की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि पहली बार प्रसार भारती एवं दूरदर्शन केन्द्र पटना से लोकनृत्य के क्षेत्र में मधेपुरा जिले के रंगकर्मी विकास कुमार ने बी ग्रेड प्राप्त किया है। ग्रेड प्राप्त कर बिकास ने लोकनृत्य के क्षेत्र में प्रदेशभर में मधेपुरा जिला का माना बढ़ाया।2024 में संस्था सृजन दर्पण के रंगकर्मी निखिल यदुवंशी, सौरभ सुमन,हिमांशु कुमार, सोनू कुमार,शशि कुमार, रंजीत कुमार, भावेश कुमार,कमल किशोर यादव, आनंद कुमार,आरती आनंद, स्नेहा कुमारी, संध्या यादव, सोहानी कुमारी, मनिषा कुमारी, मौसम कुमारी, दिव्या कुमारी अनु कुमारी और नायशी कुमारी आदि ने गीत संगीत नृत्य और नाटक के माध्यम से पूरे साल सांस्कृतिक गतिविधियों की वजह से मधेपुरा सहित अन्य जगहों के कलाप्रेमियों के दिलों में अपनी जगह और मजबूत कर ली।

इसी के साथ 2024 अलविदा 2025 का स्वागत है।

# आयुक्त कार्यालय एवं जिला जनता दरबार से प्राप्त परिवाद के निष्पादन हेतु हुई समन्वय-सह-समीक्षात्मक बैठक

प्रातः किरण संवाददात



मधेपुरा । जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबू सभागार, मधेपुरा में समन्वय-सह-समीक्षात्मक बैठक आहुत की गई। बैठक में विधि शाखा के समीक्षा के क्रम में जिलान्तर्गत टखउ के विभिन्न विभागों से कुल-08 (आठ) मामलें, छढअ के 05 मामलें, विभिन्न विभागों के उहखउ के 42 मामलें, अंचल के 28 मामले एवं प्रखंड के 09 मामलें लंबित है, जिसके यथाशीघ्र नियमानुसार निष्पादन हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा निदेश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। इसके अतिरिक्त ह्वजनता के दरबार में मुख्यमंत्रीह्न कार्यक्रम से प्राप्त परिवाद कुल-09, सीपी ग्राम के कुल-20, आयुक्त कार्यालय से प्राप्त परिवाद एवं जिला जनता दरबार से प्राप्त परिवाद के निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। दिनांक 19.10.2024 को आयोजित 20 सूत्री बैठक में प्राप्त परिवाद पत्रों एवं बैठक के कार्यवाही पर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु संबंधित विभागों को निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता, मधेपुरा श्री अरूण कुमार सिंह, अपर समाहर्त्ता, आ0, श्री मुकेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, मधेपुरा श्री शंकर शरण, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा, सिविल सर्जन, मधेपुरा, भू-अर्जन पदाधिकारी, मधेपुरा, अनुमंडल पदाधिकारी, मधेपुरा श्री संतोष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, उदाकिशुनगंज एस जेड हसन के साथ साथ अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# उदाकिशुनगंज में सीएनजी बाईक का हुआ शुभारंभ

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। उदाकिशुनगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित सुलचना बजाज ने फ्रीडम बाईक को बाजार में उतारा। यह बाईक सीएनजी से चलित है। हालांकि बाइक में पेट्रोल भराने की भी सुविधा है। बजाज आटो लिमिटेड के एरिया मैनेजर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उदाकिशुनगंज के बाजार में पहली बार सीएनजी बाइक को उतारा गया है। यह काफी लाभदायक है। बाईक 125 सीसी का है। जिसमें दो लीटर सीएनजी और दो लीटर पेट्रोल डलाने की सुविधा उपलब्ध है। बताया गया कि सीएनजी से चलाने पर यह 110 किलोमीटर का और पेट्रोल पर चलाने पर 65 किलोमीटर का माइलेज देता है। इस दौरान ग्वालपाड़ा के अमौना गांव के मनीष चौधरी पहला खरीदार बने उसने बताया कि सीएनजी बाईक के कई फायदे हैं। फायदे सोच कर उसने बाईक की खरीदारी की है मौके पर मैन डीलर एसपीएस आटो संदीप रंजन, कमांड एरिया मैनेजर जीपीएस स्पेयर्स मो. जावेद, श्रवण कुमार, उदाकिशुनगंज सुलोचना बजाय के प्रोपराइटर गोपाल कुमार मिश्र, फ्यूल सेंटर के किरण कुमारी आदि थे।

## मगध प्रमंडल आयुक्त नियमित निरीक्षण के साथ दिए निर्देश

शेरघाटी।अनुमंडल कार्यालय शेरघाटी का सोमवार को नियमित निरीक्षण करने पहुंचे मगध आयुक्त प्रेम सिंह मीना ने कार्यालय स्थित विभागों के कार्यों की समीक्षा किया। उन्होंने बारी बारी से आरटीपीएस, लोक शिकायत, निर्वाचन शाखा के कार्यों की समीक्षा करते हुए आने वाले विधान सभा चुनाव के मद्दे नजर मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा मृत का नाम हटाने में गति लाने का निर्देश दिया। जनता से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन तेजी से करने के साथ अंतिम तिमाही में सभी विभाग को अपने अपने लक्ष्य पर काम करने का निर्देश दिया। भूमि सुधार उप समाहर्ता रणजीत रंजन ने बताया कि राजस्व के कार्यों में वृद्धि करने एवं लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। एसडीएम ने पूछने पर कहा कि नियमित निरीक्षण किया गया है।

## पुलिस ने एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पुरैनी (मधेपुरा)। पुरैनी पुलिस एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा भेज दिया है। थाना अध्यक्ष राघव शरण बताया कि पुरैनी छोटी हाट बजार पर नशे में धुत होकर हुरदंग मचा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उक्त जगह पहुंचकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। मेडिकल पुष्टि करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं गिरफ्तारी युवक की पहचान पुरैनी मुख्यालय वार्ड 11 निवासी कैलाश पंडित के पुत्र गुड्डू कुमार रूप में पहचान हुई है।

## प्रोन्नत एसडीपीओ के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। उदाकिशुनगंज में सर्किल इंस्पेक्टर रहे बासुदेव राय की पदोन्नति एसडीपीओ के रूप में हुई है। पदोन्नति बाद उनकी पदस्थापना बीएमपी वीरपुर में पुलिस उपाधीक्षक के रूप में हुआ है। उनके पदोन्नति पर आदर्श थाना उदाकिशुनगंज परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिस अधिकारियों के अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व लोगों ने भाग लिए। मौके पर उदाकिशुनगंज के एसडीपीओ अविनाश कुमार ने पदोन्नत बासुदेव राय को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उदाकिशुनगंज में सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में बासुदेव राय ने बेहतर काम किया। अब एसडीपीओ के रूप में अपने पदस्थापना वाले स्थल पर बेहतर काम करेंगे। वैसे भी पुलिस आमजनों के लिए है। अपराध पर लगाम लगाना और लोगों को त्वरित न्याय दिलाना पुलिस का कर्तव्य है। हम सभी उसी उद्देश्य से काम करते हैं। मौके पर पदोन्नत एसडीपीओ बासुदेव राय ने कहा कि सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में मैंने बेहतर काम करने का प्रयास किया। लोगों का अपेक्षित सहयोग मिला। लोगों को त्वरित न्याय कैसे मिले, उसके लिए प्रयासरत रहे। एक पुलिस पदाधिकारी के रूप में मैंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की भरसक कोशिश की। बावजूद कि उनके विचार से किन्हीं को ठेस पहुंचा तो वह क्षमा चाहते हैं। वैसे इस इलाके के लोग बहुत अच्छे हैं। अनुमंडल क्षेत्र के सभी पुलिस पदाधिकारी कर्तव्य के प्रति जबाव देह है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने सर्किल इंस्पेक्टर के कामों की तारीफ की। मौके पर बिहारीगंज थानाध्यक्ष अमित रंजन, आलमनगर थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार, पुरैनी थानाध्यक्ष राघव शरण, ग्वालपाड़ा थानाध्यक्ष विजय पासवान सहित अन्य थाने के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## राजद कार्यकर्ताओं ने गांव में चलाया सदस्यता अभियान, बढ़ चढ़कर लोगों ने लिया हिस्सा

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महादलित आयोग के पूर्व सदस्य कंतलाल शर्मा समेत दर्जनों राजद कार्यकताओं ने प्रखंड क्षेत्र के बाराही आनंदपुरा पंचायत के विभिन्न गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया. वही राजद प्रखंड अध्यक्ष गजेंद्र कुमार राम समेत काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों ने दर्जनों लोगों को राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता दिलायी। मौके पर कंतलाल शर्मा ने लोगों से अपील किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में अगर बिहार में राजद की सरकार बनी तो माई बहिनमान योजना के तहत सभी महिलाओं को पच्चीस सौ रुपए प्रतिमाह दिया जायेगा। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर होकर जीवन -यापन कर सकेगी। उन्होंने ने लोगों से कहा कि महिलाओं का आशीर्वाद जिसे प्राप्त हो गया, उनका कल्याण निश्चित है। इसी मूलमंत्र को लेकर हम आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ उतरेंगे। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि आज बिहार के लोग मंहगाई से त्रस्त हैं। दिनभर मेहनत - मजदूरी करने के बाद भी रात में भरपेट भोजन नसीब नहीं हो पाता है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी बिहार भ्रमण के लिए निकल कर माई - बहिन मान योजना के तहत महिलाओं के सुख-समृद्धि के सपना को साकार करने के लिए जगा रहे हैं. तेजस्वी यादव का अधूरा सपना डबल इंजन की सरकार कभी पूरा नहीं कर सकती है. महिलाओं को जब प्रत्येक माह पच्चीस सौ रुपए हस्तांतरित होगा तो वे परिवार की भलाई के लिए अधिक से अधिक रुपये का निवेश करे।

# बीपीएससी के परीक्षार्थियों के संबंध में सरकार को स्वयं संज्ञान लेना चाहिए : डॉ प्रभात चंद्रा

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। आप सबकी आवाज (आसा) पार्टी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सह अध्यक्ष (कलमजीवी प्रकोष्ठ) डॉ प्रभात चंद्रा ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष आर सी पी सिंह ने गिरिजा धाम, नालंदा स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में दक्षिण बिहार के पार्टी पदाधिकारियों के साथ रविवार को बैठक की। उन्होंने बताया कि पार्टी अध्यक्ष आर सी पी सिंह ने कहा है कि बीपीएससी के परीक्षार्थियों (बच्चों) के संबंध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बैठक कर परीक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। जब बीपीएससी पर बच्चों द्वारा प्रश्न उठाया जा रहा है तो इस संबंध में उन्हें स्वयं संज्ञान लेना चाहिए।

डॉ प्रभात चंद्रा ने बताया कि बैठक में दक्षिण बिहार के पार्टी जिला अध्यक्ष, प्रखण्ड अध्यक्ष एवं अन्य केन्द्रीय राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष आरसीपी सिंह ने कहा है कि आप सबकी आवाज (आसा) पार्टी तनावमुक्त और खुशहाल सरकार का निर्माण करेगी। राज्य सरकार में चल रही एफ० आई० आर० का खेल को खत्म करेगी। आसा पार्टी मुख्य स्रोत के रूप में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देगी।

प्रवक्ता डॉ प्रभात चंद्रा ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष ने बैठक में कहा कि बिहार में स्पष्ट संभावना दिखती है कि हाइड्रोजन का निर्माण कर पूरे विश्व को सुविधा प्रदान कर सकती है, इस दिशा में पार्टी कारगर कार्रवाई करेगी। रोजगार सृजन के लिए भी पार्टी खाद्य संस्करण वाले उद्योग शुरू करेगी, ताकि राज्य के बेरोजगारों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिल सके। उन्होने कहा कि जब तक खाद्य संस्करण वाले उद्योग शुरू नहीं होता है और युवाओं को रोजगार नहीं मिलता है, तब तक बेरोजगार युवाओं को एक मुश्त राशि देने की व्यवस्था करेगी।

उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता डॉ चंद्रा ने कहा कि आप सबकी आवाज (आसा) पार्टी नारी शक्ति के लिए भी, अन्य राजनीतिक पार्टियों की तरह, जो राजनीतिक पार्टियां राशि देने का वादा कर रही है, उससे कही ज्यादा राशि डीबीटी से देगी। उन्होंने कहा कि आसा पार्टी किसानों के लिए भी योजना बनाई है।

## विश्वविद्यालय इकाई एवं कॉलेज अध्यक्ष की घोषणा कर किया गया पार्टी का विस्तार

मधेपुरा। छात्र जनता दल यूनाइटेड के भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा विश्वविद्यालय ईकाई एवं कॉलेज ईकाई की सूची आदर्श नगर मधेपुरा वार्ड नंबर 7 जनता दल यूनाइटेड पार्टी कार्यालय में सूची जारी कि गई। छात्र जदयू के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम जी के निदेर्शानुसार छात्र जदयू के भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अध्यक्ष निखिल सिंह यादव ने विश्वविद्यालय इकाई एवं कॉलेज अध्यक्ष की सूची तैयार कर, पूर्व मंत्री बिहार सरकार सह वर्तमान जिला अध्यक्ष जदयू, डॉ. प्रो. श्री रमेश ऋषिदेव जी कि अध्यक्षता में विश्वविद्यालय इकाई एवं कॉलेज अध्यक्ष की घोषणा कर पार्टी विस्तार किया गया । विश्वविद्यालय इकाई और कॉलेज अध्यक्ष मिलाकर कुल 64 पदाधिकारी का सूची तैयार कर जिसमें 01 विश्वविद्यालय प्रधान महासचिव, 06 विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष, 17 विश्वविद्यालय, महासचिव, 23 विश्वविद्यालय सचिव एवं 01 विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी ओर 02 विश्वविद्यालय प्रवक्ता, 01 विश्वविद्यालय कोषाध्यक्ष कि सूची डॉ. प्रो. श्री रमेश ऋषिदेव जी के द्वारा जारी किया गया और साथ ही सभी मनोनित पदाधिकारियों को बधाई एवम शुभकामनाए दिए ।मौके पर उपस्थित रहे छात्र जदयू मधेपुरा निवर्तमान जिलाअध्यक्ष अभिमन्यु पटेल छात्र जदयू विश्वविद्यालय अध्यक्ष निखिल सिंह यादव ने कहा कि छात्र जनता दल यूनाइटेड विश्वविद्यालय इकाई एवं कॉलेज इकाई संगठन में छात्र संघ चुनाव को लेकर छात्र जदयू मजबूती से छात्र संघ चुनाव में अपना योगदान दे।

# 10 दिवसीय गैर आवासीय मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता




चौसा (मधेपुरा) । चौसा प्रखंड अंतर्गत जीविका और भारतीय स्टेट बैंक आरसेटी के द्वारा आयोजित 10 दिवसीय गैर आवासीय मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण रविवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रशिक्षु को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस बाबत प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका चंद्र मोहन पासवान ने बताया कि आरसेटी के द्वारा निशुल्क विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है जो की चौसा प्रखंड में तकरीबन 35 जीविका दीदियों को मशरूम उत्पादन का गैर आवासीय प्रशिक्षण दिलाया गया है इस प्रशिक्षण के बाद दीदी मशरूम का उत्पादन कर अपना अच्छा खासा रोजगार कर सकती है जिससे अच्छा खासा आमदनी का एक स्रोत जीविका दीदियों को हो जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान फिजिकल और थ्योरी तरीके से मशरूम उत्पादन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है। इस दौरान सीसी विकास कुमार, एसजेवाई एमआरपी कुमार साजन,आशीष कुमार,प्रशिक्षक पूनम कुमारी रोजगार साधन सेवी अजय कुमार,प्रशिक्षु जूही कुमारी,विभा देवी,चांदनी कुमारी,क्रांति देवी,शोभा गुप्ता,गुड्डी देवी कंचन देवी,सुमन कुमारी पुतुल देवी सहित अन्य प्रशिक्षु जीविका दीदी मौजूद थे।

# आईडीए का वार्षिक अधिवेशन संपन्न, अगले सत्र के लिये डॉ मनोज सिंह अध्यक्ष चुने गये

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। इंडियन डेंटल एसोसिएशन दरभंगा शाखा का वार्षिक अधिवेशन सोमवार को संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में दरभंगा के सभी जाने-माने दंत चिकित्सकों ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। बैठक के आरंभ से पहले डॉ अनु प्रकाश भिंडवार ने डेंटिस्ट्री में माइक्रोस्कोप के रोल पर प्रकाश डाला तथा सभी चिकित्सकों ने संगठन के संस्थापक डॉ बीबी वर्मा को पुष्प गुच्छ छ देकर आभार प्रकट किया। साथ ही डॉ बी बी वर्मा ने अन्नु प्रकाश भिंडवार को मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया। अधिवेशन में अगले सत्र के लिए सर्वसम्मति से अधिकारियों का चुनाव हुआ और इस सत्र के अधिकारियों ने अपना प्रभार लिया। इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट डॉ कुमार अभिषेक ने अपना प्रभार डॉ जीवेश रंजन को दिया। अगले सत्र के लिए डॉ मनोज सिंह को प्रेसिडेंट इलेक्ट चुना गया। निर्विरोध रूप से सचिव डॉ मेजर पुलिन बी वर्मा, डॉ सारिक हुसैन 2 साल से कुशलता पूर्वक सचिव पद का निर्वहन करने के उपरांत डॉ मेजर पुलिन बी वर्मा को प्रभार दिया। जानकारी के अनुसार उपाध्यक्ष पद के लिए डॉ अंजु अग्रवाल, डॉ करण सिंह, डॉ गौतम मिश्रा, सहसचिव डॉ कामिल शाहनवाज, सहायक सचिव, डॉ हिना तबस्सुम कोषाध्यक्ष, डॉ महेंद्र नारायण चौधरी चुने गए। कार्यक्रम संयोजक डॉ अनु प्रकाश भिंडवार, एडिटर डॉ अभिषेक रंजन, कॉन्वेंनर डॉ प्रभाकरण,स्टेट एग्जीक्यूटिव रिप्रेजेंटेटिव के लिए डॉ बीबी वर्मा, डॉ पंकज प्रकाश भिंडवार, डॉ अलका कुमारी, डॉ रियाज अहमद, सारिक हुसैन, डॉ साजिद अनवर ,डॉ अनवर अशरफ मनोनीत हुए। स्थाई कार्यकारी सदस्यों में डॉ के एन झा, डॉ के पी महासेठ को बनाया गया। लोकल एग्जीक्यूटिव मेंबर में डॉ सुनील थापर, डॉ राजीव रंजन, डॉ सुमंत कोले, डॉ मीना थियाम कोले, डॉ संजय यादव, डॉ आलोक कुमार, डॉ पंकज प्रकाश, डॉ सविता मिश्रा, डॉ स्वाति सागर, डॉ प्रीति ,डॉ तान्या सिंह, डॉ अमिताभ रमन, डॉ सुनील कुमार सुमन, डॉ राकेश कुमार, डॉ राजकुमार, अध्यक्ष डॉ कुमार अभिषेक के उद्बोधन के उपरांत बैठक की समाप्ति हुई। मंच संचालन डॉ अंजू अग्रवाल ने की।

## ज्वेलर्स की दुकान का सटर काटकर चोरों ने उड़ाए करीब 5 लाख की कीमती सोने और चांदी के जेवरात

मधेपुरा । मधेपुरा के मुरलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भतखोरा बाजार मे देर रात अज्ञात चोरों ने माही जवेलर्स दुकान की सटर काटकर करीब 5 लाख कीमती जेवरात को लेकर रफूचककर हो गए, जब सुबह व्यवसाई ने अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान का सटर कटा हुआ है और दुकान के सेफ से सभी कीमती जेवरत गायब है इसके बाद व्यवसाई ने मुरलीगंज पुलिस को सुचना दी जिसके बाद मौके वारदात पर पहुंची पुलिस मामले कि तफ्तीश मे जुट गयी। बताया जा रहा है कि बाजार मे इससे पूर्व भी कई चोरी कि घटना घटित हुई है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाया है वहीं स्थानीय दुकानदारों ने बताया इस बाजार मे पहले भी कई चोरी कि घटना घटित हुई है चोरी कि समान भी पुलिस ने बरामद किया

# पंचायत समिति की बैठक का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



चौसा (मधेपुरा) । सोमवार को चौसा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख रानी भारती की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विभाग से संबंधित विकास का मुद्दा छाया रहा।बैठक के दौरान घोषई पसंस शशि दास ने कहा कि घोषई स्वास्थ्य उपकेंद्र में दवाई और स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की किया जाए ।उन्होंने कहा पहले भी मुद्दा उठाया गया था लेकिन बात तक ही सिमट कर रह गई। वही चौसा पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि मदन मंडल ने कहा कि एस एच 58 से टपुआ टोला तक जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है जिसका रिपेयरिंग अनिवार्य है और हाई स्कूल लक्ष्मीनियाँ टोला में बन रहे शौचालय निर्माण कार्य में अनियमितता लापरवाही बढ़ाने का आरोप लगाते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्यक्रम का मांग किया।जबकि पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुदेश्वरी यादव द्वारा बीरबल टोला में सड़क पर पानी जमा हो जाने की स्थाई समाधान की बातों को उठाया। वहीं मुखिया संघ के अध्यक्ष सह घोषई मुखिया पप्पू शर्मा ने कहा कि घोषई पंचायत अंतर्गत भोलावासा में एक आंगनवाड़ी मिनी केंद्र का निर्माण कराया जाए। वही विकास कार्य से संबंधित जानकारी देते हुए मनरेगा पीओ बिंदु कुमारी ने बताया कि 14 से 15 कट्ठा जमीन प्रत्येक पंचायत में उपलब्ध कराया जाए ताकि हर पंचायत में खेल मैदान का निर्माण कराया जा सके या खेल मैदान प्रत्येक पंचायत में होना अनिवार्य है जबकि सतत जीवीकोपार्जन योजना के तहत जीविका के द्वारा 340 परिवार का पशु शेड बनाने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है जिस पर कार्य की जा रही है। जबकि मुखिया प्रतिनिधि इमदाद आलम के द्वारा बताया गया कि पैना पंचायत में राशन कार्ड ऑनलाइन एवं नाम जोड़ने का कार्य विगत छह माह से लंबित है। वहीं अन्य पंचायत से अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने पंचायत से विभिन्न मुद्दों को उठाया और विकास की मुद्दों को लेकर विचार विमर्श किया।बैठक में उप प्रमुख शीला दीक्षित, बीडीओ बृजेश कुमार दीपक, सीओ शशिकांत यादव, मनरेगा पीओ बिंदु कुमारी, आपूर्ति पदाधिकारी संजीव कुमार, पशु चिकित्सा पदाधिकारी गुलाबचंद शाह, तकनीकी सहायक केशव कुमार, प्रधान लिपिक विश्वजीत कुमार,मुखिया पप्पू शर्मा ,शेखर पासवान, प्रेमचंद कुमार,पंचायत समिति सदस्य बबलू हुसैन, शशि दास, संजय शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, मदन मंडल,इमदाद आलम सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे

## यशस्वी जायसवाल को टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए नहीं किया गया नॉमिनेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी ने मेन्स टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 के लिए नॉमिनेट किए गए 4 खिलाड़ियों को नाम का ऐलान कर दिया। आईसीसी ने इस बार इस टाइटल के लिए चार खिलाड़ियों का चयन किया जिसमें जसप्रीत बुमराह, जो रूट, हैरी ब्रुक और कामिंदु मेंडिस शामिल हैं, लेकिन इस लिस्ट में यशस्वी जायसवाल का नाम नहीं है जिनका प्रदर्शन इस साल यानी 2024 में टेस्ट प्रारूप में कमाल का रहा है। आईसीसी ने बुमराह को इसलिए चुना क्योंकि उन्होंने साल 2024 में टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लिए तो वहीं जो रूट ने सबसे ज्यादा रन बनाए, लेकिन अगर हम हैरी ब्रुक और कामिंदु मेंडिस के आंकड़े को देखें तो वो यशस्वी जायसवाल से पीछे ही नजर आते हैं। यशस्वी जायसवाल इस साल टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर रहे साथ ही दो दोहरा शतक भी उन्होंने लगाया। उनका औसत भी इस साल शानदार रहा, लेकिन इस सबके बावजूद उन्हें इग्नोर कर दिया गया।



यशस्वी के इस साल टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 15 मैचों की 29 पारियों में 1478 रन बनाए जबकि उनका औसत इस दौरान 54.74 का रहा। यशस्वी का स्ट्राइक रेट भी 69.35 का रहा और इस दौरान उन्होंने 3 शतक लगाए जिसमें दो दोहरा शतक भी शामिल था। यशस्वी ने इस साल 9 अर्धशतक भी लगाए और बेस्ट स्कोर उनका नाबाद 214 रन रहा। हैरी ब्रुक के इस साल के प्रदर्शन पर निगाह डालें तो उन्होंने इस साल 12 टेस्ट मैचों में 55.00 की औसत के साथ 1100 रन बनाए जिसमें 4 शतक और 3 अर्धशतक शामिल है। ब्रुक का टेस्ट में इस साल बेस्ट स्कोर 317 रन रहा। वहीं कामिंदु मेंडिस ने इस साल 9 टेस्ट मैचों में 74.92 की औसत के साथ 1049 रन बनाए जिसमें 5 शतक और 3 अर्धशतक शामिल थे। उनका बेस्ट इनिंग इस साल टेस्ट में नाबाद 182 रन रहा। यहां यशस्वी कहीं से भी प्रदर्शन के मामले में इन दोनों से पीछे नहीं रहे।

# यह हार मानसिक रूप से परेशान करने वाली

### ● रोहित शर्मा का चौथा टेस्ट हारने पर पहला बयान



**मेलबर्न, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के हाथों यहां चौथे टेस्ट में 184 रन की हार को 'मानसिक रूप से परेशान करने वाली करार देते हुए सोमवार को स्वीकार किया कि उनकी टीम इस मैच में संघर्ष करने का जज्बा दिखाने में विफल रही। भारत पांच मैचों की इस श्रृंखला में 1-2 से पीछे हो गया है। श्रृंखला का पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच तीन जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। खुद रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे रोहित ने मैच के बाद कहा, 'यह मानसिक रूप से परेशान करने वाला होता है जब आप वह नहीं कर पाते जो करने आए हैं। उन्होंने इससे पहले पुरस्कार समारोह में कहा, 'यह काफी निराशाजनक है। मैच जीतने के तरीके होते हैं और हम यहां मैच जीतने के तरीके ढूंढने में चूक गए। हम अंत तक टक्कर देना चाहते थे लेकिन दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं कर सकें।

ऑस्ट्रेलिया अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 90 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था और रविवार को उस समय उसकी कुल बढ़त अभी 200 तक नहीं पहुंची थी। टीम हालांकि पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष से भारत को 340 रन का लक्ष्य देने में सफल रही। रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अनुकूल स्थिति का फायदा नहीं उठा सकी। भारतीय कप्तान ने कहा, 'हमने 90 रन तक ऑस्ट्रेलिया के छह विकेट चटका लिए थे। हमें पता था कि हमारे लिए चीजें आसान नहीं होंगी लेकिन हम मुश्किल परिस्थितियों में भी जज्बा दिखाना चाहते थे। हम हालांकि ऐसा करने में नाकाम रहे। मैं अपने रूम में जाने के बाद सोच रहा था कि हम टीम के तौर पर और क्या कर सकते थे। उन्होंने कहा, 'हमने जो भी मौके बनाये उसे गंवा दिये। उन्होंने कड़ा संघर्ष किया। खासकर आखिरी विकेट की उनकी साझेदारी ने, शायद उस साझेदारी ने मैच को हमसे दूर कर दिया। रोहित ने कहा कि टीम मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद लक्ष्य हासिल करना चाहती थी। उन्होंने कहा, 'हम जानते थे कि 340 रन बनाना आसान नहीं होगा। हमने एक मंच तैयार करने और आखिरी दो सत्रों के लिए विकेट बचाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी की। हम लक्ष्य तक जाना चाहते थे, लेकिन हम इसके लिए कोई मंच तैयार नहीं कर सके।



मुंबई के इस खिलाड़ी ने पहली पारी के दौरान शानदार शतक बनाने के लिए नीतीश कुमार रेड्डी की सराहना की और उम्मीद जताई कि युवा खिलाड़ी अपने करियर में ऐसे ही आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा, 'वह पहली बार यहां आया है। ये परिस्थितियां वास्तव में कठिन हो सकती हैं लेकिन उसने शानदार जज्बा और ठोस तकनीक दिखाई है। उसके पास इस स्तर पर सफल होने के लिए सब कुछ है, मुझे उम्मीद है कि वह और मजबूत होगा और उसे टीम से भी पूरा समर्थन मिलेगा। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने लगभग अकेले दम पर भारतीय गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करने के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी सराहना की। रोहित ने कहा, 'बिल्कुल शानदार, हम उसे कई वर्षों से देख रहे हैं। वह मैदान में उतरते हैं और अपना काम पूरा करते हैं। वह आंकड़ों पर ध्यान नहीं देना चाहते हैं। वह सिर्फ देश के लिए खेलना और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से उसे दूसरे छोर से ज्यादा समर्थन नहीं मिल रहा है।



## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रन से हराया: सीरीज में 2-1 से आगे, जायसवाल ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाए

**मेलबर्न, एजेंसी।** भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट 184 रन से हार गई है। इस हार के बाद टीम 5 मैचों की सीरीज में 1-2 से पिछड़ रही है। आखिरी मुकाबला सिडनी में 3 जनवरी से खेला जाएगा।

मेलबर्न में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए 340 रन का टारगेट दिया था, लेकिन भारतीय टीम आखिरी पारी में 155 रन ही बना सकी। टीम ने एक समय 3 विकेट खोकर 120 रन बना लिए थे और एक सेशन बाकी था। ऐसे में मुकाबला ड्रॉ की ओर जाता दिख रहा था।

**लेकिन, 2 वजह से हार गया भारत**

पहला- ऋषभ पंत (30 रन) आउट हुए। यहां भारत ने 34 रन बनाने में आखिरी 7 विकेट गंवा दिए। ये सभी विकेट 5वें दिन के आखिरी सेशन में आए।

दूसरा- 71वें ओवर में यशस्वी जायसवाल (84 रन) थर्ड अंपायर के विवादित फैसले पर आउट हुए। उन्हें फील्ड अंपायर ने नॉटआउट दिया था। जब जायसवाल का विकेट गिरा, तब भारत को मैच ड्रॉ कराने के लिए 22 ओवर खेलने थे और 3 विकेट बाकी थे। ऐसे में यहां भारत मैच ड्रॉ करा सकता था, लेकिन यशस्वी के विकेट के बाद भारत का लोअर ऑर्डर (आखिरी 3 बैटर्स) बिखर गया।

**डब्ल्यूटीसी लेटेस्ट टेबलः**

## मेलबर्न में हार के बाद मुश्किल हुआ फाइनल का गणित, अब श्रीलंका के सहारे टीम इंडिया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 26-30 दिसंबर के दौरान मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में बॉक्सिंग-डे टेस्ट खेला गया. इस मुकाबले में भारतीय टीम को 184 रनों से करारी हार झेलनी पड़ी. मुकाबले में भारतीय टीम को जीत के लिए 340 रनों का टारगेट मिला था, मगर वह इस गेम को ड्रॉ भी नहीं करा सकी. अब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का आखिरी मुकाबला 3 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा.

मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचा है. अब भारतीय टीम सिडनी टेस्ट जीतकर भी अपने दम पर फाइनल में नहीं पहुंच सकती है. सिडनी टेस्ट जीतने पर भारत को श्रीलंका की मदद चाहिए होगी. श्रीलंकाई टीम अगले साल जनवरी-फरवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है.

अब भारतीय टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में जीत दर्ज करनी होगी. साथ ही ये उम्मीद करनी होगी कि श्रीलंकाई टीम ऑस्ट्रेलिया का दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से सूपड़ा साफ कर दे. यदि सिडनी टेस्ट ड्रॉ होता है तो भारत फाइनल की रेस से बाहर हो जाएगा. ङ्ख्ञ्ष्ट के मौजूदा चक्र का फाइनल अगले साल 11-15 जून तक क्रिकेट के मक्का लॉर्ड्स में खेला जाना है.

### भारत के लिए ये फाइनल का समीकरण

- यदि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज 2-2 से ड्रॉ होती है, तो भारत 55.26 प्रतिशत अंकों पर समाप्त होगा. ऐसे में भारतीय टीम तभी फाइनल में पहुंचेगी जब श्रीलंका अपने घर पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से जीत हासिल करे.
- यदि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज 1-2 से हार जाती है तो वो 51.75 प्रतिशत अंकों के साथ फाइनल की रेस बाहर हो जाएगी.

बता दें कि साउथ अफ्रीकी टीम पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी है. साउथ अफ्रीका के 11 मैचों में 7 जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 88 अंक हैं. साउथ अफ्रीका का अंक प्रतिशत 66.67 है. ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे स्थान पर है. ऑस्ट्रेलिया के 16 मैचों में 10 जीत, चार हार और 2 ड्रॉ से 118 अंक हैं. उसका अंक प्रतिशत 61.46 है. तीसरे नंबर पर मौजूदा भारत के 18 मैचों में 9 जीत, 7 हार और 2 ड्रॉ से 114 अंक हैं. भारत के अंकों का प्रतिशत 52.78 है. 48.21 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे नंबर पर न्यूजीलैंड की टीम है, जो रेस से बाहर हो चुकी है. उधर श्रीलंकाई टीम पांचवें नंबर पर है, लेकिन उसकी फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं खत्म हो चुकी हैं. श्रीलंकाई टीम के 45.45 प्रतिशत अंक हैं और वह अधिकतम 53.85 प्रतिशत अंकों तक पहुंच सकती है ।

## रूस के 18 वर्षीय मुरजिन वोलोदर बने विश्व रैपिड चैम्पियन

**भारत के अर्जुन रहे पांचवें स्थान पर**




**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** रूस के 18 वर्षीय युवा खिलाड़ी अंतिम समय तक हार ना मानने के अपने बेहतरीन प्रयास के चलते शतरंज इतिहास के दूसरे सबसे युवा विश्व रैपिड चैम्पियन बन गए है । 13 राउंड के इस मुक़ाबले मे 12वें राउंड में मुरजिन भारत के प्रज्ञानन्दा के खिलाफ हार के बेहद करीब थे पर अंतिम समय में प्रज्ञानन्दा न्ने एक भारी भूल कर दी और मुरजिन हारी हुई बाजी जीत गए और इसके साथ ही वह 9.5 अंको के साथ के साथ खिताब के करीब पहुँच गए और अंतिम राउंड में उन्होने अर्मेनिया के केरेन गिरगोरयन के साथ ड्रॉ खेलते हुए अपना पहला विश्व खिताब और स्वर्ण पदक हासिल कर लिया । विश्व रैपिड के पुरुष वर्ग के तीनों मेडल रूस नें अपने नाम किए , अलेक्ज़ेंडर ग्रीसचुक नें यूएसए के दोमिंगेज पेरेज से ड्रॉ खेलते हुए 9.5 अंको के साथ रजत पदक तो यान नेपोमनिशि नें यूएसए के सविएन सेमुएल को पराजित करते हुए 9.5 अंको के साथ कांस्य पदक हासिल किया । भारत के अर्जुन एरिगैसी को अंतिम राउंड में दूसरा स्थान हासिल करने के लिए फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को मात देनी थी पर उनकी बाजी ड्रॉ रही और अर्जुन 9 अंक ही बना सके और दोमिंगेज पेरेज के बाद पांचवें स्थान पर रहे अर्जुन को 36000 डॉलर पुरूस्कार के तौर पर मिले ।

## रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट में लौटना अब नामुमकिन !

**इन 3 वजहों के चलते ले सकते हैं संन्यास**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेस्ट की एक और पारी, रोहित शर्मा पर भारी. अगर आप ये सोचकर बैठे थे कि मेलबर्न टेस्ट की दूसरी पारी में नजारा कुछ बदलेगा. 30 दिसंबर की सुबह जब आप सोकर उठेंगे तो रोहित की बल्लेबाजी में कुछ बदला-बदला सा दिखेगा, तो माफ कीजिएगा ऐसा कुछ भी नहीं हुआ. रोहित ने बेशक गेंदों के हिसाब से बीते 2 महीनों में अपनी सबसे लंबी टेस्ट इनिंग खेली, मगर रनों के मामले में वो एक बार फिर से फिसड्डी ही रहे. टेस्ट क्रिकेट में लगातार नाकामियों ने रोहित की नाक में दम तो कर ही रखा था, मेलबर्न वाली इनिंग के बाद अब उनके सफेद जर्सी में मैदान पर वापसी में भी सवालिया निशान लग रहे हैं.



**क्या रोहित शर्मा टेस्ट से लेंगे संन्यास** - सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि क्या मेलबर्न टेस्ट, रोहित शर्मा का आखिरी होने वाला है? क्या रोहित शर्मा सिडनी में होने वाला अगला टेस्ट नहीं खेलेंगे? ये वो सवाल हैं जिनके जवाब मेलबर्न टेस्ट के नतीजे में छिपे हैं. भारत अगर मेलबर्न टेस्ट जीतता है तो हो सकता है कि रोहित, सिडनी में भी कप्तानी करते दिखें. लेकिन, अगर हारा तो खबरें ऐसी चल रही हैं कि सिडनी टेस्ट में कप्तानी की बागडोर बुमराह को सौंपी जा सकती है. बीते दिनों एक रिपोर्ट भी थी कि चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ऑस्ट्रेलिया में मौजूद ही इसी वजह से हैं कि वो रोहित शर्मा के टेस्ट करियर पर फैसला ले सकें.

**क्यों तनी है रोहित पर उंगली** - बहरहाल, अब ये जानना जरूरी है कि रोहित शर्मा पर उंगलियां क्यों तनी हैं? इस अहम सवाल के तार सिर्फ मेलबर्न टेस्ट की पारी से नहीं जुड़ी है. बल्कि, ये तो रोहित के पिछले कई टेस्ट मैचों में एक जैसे प्रदर्शन का असर है. वो प्रदर्शन जिससे कोई भी पीछा छुड़ाना चाहेगा. अब रोहित का तो अपने खराब फॉर्म से पीछा छूट नहीं रहा तो भारतीय टीम मैनेजमेंट ही चाहेगा कि रोहित से अलग हो लिया जाए.

टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी में रोहित शर्मा की विफलता का खेल इसी से समझा जा सकता है कि उन्होंने जितने रन नहीं मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में बनाए हैं. करीब-करीब उतने विकेट जसप्रीत बुमराह ने अपने नाम कर लिए हैं. रोहित शर्मा ने 3 टेस्ट की 5 पारियों में 6.20 की औसत से सिर्फ 31 रन बनाए हैं. जबकि. बुमराह ने 30 विकेट लिए हैं. साफ है कि बुमराह के लिए विकेटों से सिर्फ एक ज्यादा है रोहित के रनों की संख्या. खैर, ये तो हुई पहली वजह, जिसके चलते रोहित शर्मा के टेस्ट करियर पर तलवार लटकी है.

**एक या दो नहीं, पिछली 15 पारियों की रामकहानी एक जैसी** - दूसरी वजह, रोहित को संन्यास की ओर धकेलने की ये है कि सवाल सिर्फ मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ही रोहित की असफलता का नहीं है. बल्कि उन्होंने पहले भी ऐसे ही नाकामियों का दौर देखा है. रोहित शर्मा की अगर पिछली 15 टेस्ट पारियों की बात करें तो उन्होंने वहां भी कुछ खास परफॉर्म नहीं किया. रोहित ने पिछली 15 टेस्ट पारियों में 10.93 की औसत से केवल 164 रन बनाए हैं, जिसमें उनका बेस्ट स्कोर 23 रन का रहा है. मतलब शतक तो दूर की बात है अर्धशतक भी भारतीय कप्तान से नहीं लग रहा ।

**बल्लेबाजी फेल, कप्तानी भी डिरेल** - रोहित शर्मा की बल्लेबाजी तो फेल है ही. कप्तानी में भी हाथ उतने ही तंग है. पर्थ में भारत ने पहला टेस्ट जीता क्योंकि कमान जसप्रीत बुमराह के हाथ में थी. लेकिन, जैसे ही एडिलेड में रोहित में कप्तानी की बागडोर संभाली, टीम को हार का सामना करना पड़ा. ब्रिसबेन में खेला तीसरा टेस्ट ड्रॉ हुआ, जिसमें बारिश की बड़ी मेहरबानी रही ।

## डिफेंडर्स के दम पर हरियाणा स्टीलर्स पहली बार बने पीकेएल चैंपियन

**पुणे, एजेंसी।** अपने डिफेंडर्स के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा स्टीलर्स ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में रविवार रात को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के फाइनल मुकाबले में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को 32-23 के अंतर से हराते हुए पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। हरियाणा ने बीते साल भी फाइनल खेला था लेकिन वह पुनेरी पल्टन से हार गई थी।

इसे हरियाणा के डिफेंडर्स बनाम पटना के रेडर्स का मुकाबला कहा जा रहा था और हरियाणा के डिफेंडर्स ने 11 के मुकाबले 16 अंकों के साथ लट्ठ गाड़ते हुए अपना वर्चस्व साबित किया और इस दौरान उन्होंने पटना के दोनों स्टार रेडर्स- देवांक (5) और अयान (3) को पूरी तरह रोके रखा।



पटना के लिए डिफेंडर गुरदीप ने सबसे अधिक 6 अंक लिए।

दूसरी ओर, हरियाणा के लिए शिवम पटारे (9) और मोहम्मदरेजा शादलू (7) ने दोनों विभागों में अपना कमाल दिखाया और राहुल सेतपाल (3) तथा जयदीप (2) के साथ मिलकर पटना के रेडरों की नकेल कसते हुए बतौर कोच मनप्रीत सिंह को चौथे प्रयास में पहला खिताब दिलाया।

बहरहाल, पहले खिताब की आस में हरियाणा ने मनमाफिक आगाज के साथ शुरुआती 10 मिनट में 7-5 की बढ़त बना ली थी। इस दौरान दोनों टीमें डिफेंस में 3-3 से बराबरी पर रहीं लेकिन अयान और देवांक की नाकामी के कारण पटना रेडिंग में 4 के मुकाबले सिर्फ दो अंक ले सके। साथ ही शिवम पटारे पर लगाम नहीं लगा पाना भी उसे भारी पड़ता दिख रहा था। ब्रेक के बाद हालांकि देवांक ने शादलू की छुट्टी कर वापसी के संकेत दिए। इसके बाद अयान ने भी अपने हाथ खोले और मल्टीप्वाइंटर के साथ स्कोर बराबर कर हरियाणा को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया।

## जींस पहनकर खेलने की अनुमति मिलने के बाद विश्व ब्लिट्ज़ चैंपियनशिप में लौटे कार्लसन, जानें मामला

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना था। उन्होंने तुरंत कपड़े बदलकर आने का अनुरोध मानने से इनकार कर दिया तो उन्हें अयोग्य करार दिया गया। टूर्नामेंट में रैपिड चैंपियनशिप के नौवें दौर में उन्हें किसी के खिलाफ उतारा नहीं गया। फिडे से खिलाड़ियों को जींस पहनकर खेलने की अनुमति मिलने के बाद दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप में लौटे जिन्हें ड्रेस कोड के उल्लंघन के कारण रैपिड वर्ग से बाहर कर दिया गया था। पांच बार के विश्व चैम्पियन कार्लसन पर शनिवार को फिडे के ड्रेस कोड का उल्लंघन करके जींस पहनकर आने के बाद 200 डॉलर का जुर्माना लगाया गया था। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना था। उन्होंने तुरंत कपड़े बदलकर आने का अनुरोध मानने से इनकार कर दिया तो उन्हें अयोग्य करार दिया गया। टूर्नामेंट में रैपिड चैंपियनशिप के नौवें दौर में उन्हें किसी के खिलाफ उतारा नहीं गया।

नीति में बदलाव की घोषणा करते हुए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के अध्यक्ष अर्काडी वोरवोविच ने कहा, मैंने पोशाक की उपयुक्तता के संबंध में निर्णय लेने में फिडे अधिकारियों को अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए इस नजरिये का प्रयोग करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, नियम सरल है कि आधिकारिक ड्रेस कोड का अभी भी पालन करना होगा लेकिन थोड़े से बदलाव (जैकेट के साथ जींस) की अनुमति दी गई है। बयान में कहा गया, फिडे को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि मैग्नस कार्लसन फिडे विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

कार्लसन ने रविवार को टूर्नामेंट के दौरान फिडे उपाध्यक्ष और भारत के महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद से मुलाकात की। बयान में कहा गया, फिडे कार्लसन और विश्व शतरंज समुदाय के साथ मिलकर फिडे प्रतिस्पर्धाओं में खिलाड़ियों और प्रशंसकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव देने की दिशा में काम करता रहेगा। कार्लसन ने अपनी भागीदारी की पुष्टि करते हुए कहा, मैं न्यूयॉर्क में कम से कम एक दिन और खेल रहा हूं । अच्छा खेला तो अगले दिन भी । हमने कल इस बारे में बात की और फिडे अध्यक्ष से हमारे अच्छे संबंध हैं।



राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम में 2000 पुलिस वाले तैनात, होगा तुरंत ऐक्शन; कई जगहों पर विशेष चौकसी



**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम पुलिस ने नए साल के जश्न शांति बनाए रखने के लिए 2000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। एक अधिकारी ने कहा कि एमजी रोड, साइबर हब और सेक्टर 29 मार्केट को प्रमुख संवेदनशील प्वाइंट के रूप में पहचाना गया है। यहां पार्टी करने वाले लोगों की संख्या ज्यादा होती है। चीजों को नियंत्रण में रखने के लिए यहां ज्यादा संख्या में पुलिस तैनात की जाएगी। पुलिस ने इन आयोजन स्थलों के आसपास 10 पार्किंग स्थल आवंटित किए हैं। गुरुग्राम पुलिस के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, नए साल के जश्न के लिए मुख्य रूप से गुरुग्राम में 22 जगहों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन सभी जगहों पर भारी पुलिस तैनात करने के अलावा, पुलिस के काउंटर असॉल्ट, पुलिस राइडर्स, पुलिस पीसीआर, क्रेन, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस टीमों को भी सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ तैनात किया गया है। एमजी रोड, साइबर हब, गोल्फ कोर्स रोड, डीएलएफ फेज-1 और सेक्टर 29 की मार्केट में सुरक्षा के बड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने कहा कि उन 22 स्थानों, 10 पार्किंग स्थलों और पुलिस चौकियों पर लगभग 1,044 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। गुरुग्राम पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी शहर में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने और शांति बनाए रखने के लिए मिलकर काम करेंगे। हमने प्रमुख पार्टी बिंदुओं की पहचान की है और वहां लोगों की मुक्त आवाजाही और यातायात सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा, हमने सभी संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात किया है। एक दिन पहले से वाहनों की नियमित जांच शुरू कर दी जाएगी। कहा कि एसीपी और डीसीपी रैंक के अधिकारियों की देखरेख में पुलिस टीमें क्षेत्रों की जांच करेंगी। इसके अलावा शहर भर में 68 चौकियां भी स्थापित की जाएंगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और खासकर शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि नए साल के जश्न के दौरान अशांति फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखते हुए उनके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी तरह की गुंडागर्दी नहीं होने दी जाएगी। कई जगहों पर सिविल ड्रेस में भी पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

### कब्रिस्तान के चौकीदार की गला रेतकर हत्या, सित्जोफ्रेनिया से पीड़ित व्यक्ति गिरफ्तार

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में सित्जोफ्रेनिया से पीड़ित एक व्यक्ति ने कब्रिस्तान के 67 वर्षीय चौकीदार की कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार दोपहर जरीपटका पुलिस थाना क्षेत्र के मेकोसाबाग इलाके में हुई जिसके बाद 39 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने बताया कि हत्या के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि मृतक आरोपी के पिता का करीबी दोस्त था। जरीपटका पुलिस थाने के एक अधिकारी ने एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से बताया कि आरोपी की पहचान अनोन मिथिला प्यारेजी के रूप में हुई है, जो मोटरसाइकिल से कब्रिस्तान पहुंचा था। उसने रमेश लक्ष्मणराव शिंदे से बात की और फिर कुछ ही मिनटों में धारदार हथियार से उसका तौर पर उसका गला रेत दिया, जिसके बाद वह जमीन पर गिर गया। अधिकारी ने बताया कि कुछ स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया तथा उसकी पिटाई की और बाद में उसे जरीपटका पुलिस के हवाले कर दिया गया। उन्होंने बताया कि रमेश लक्ष्मणराव शिंदे का बुरी तरह से खून बह रहा था जिसके बाद उसे मेयो अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि जरीपटका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

# दो गज जमीन तक नहीं दी, कांग्रेस पर बरसे पीवी नरसिम्हा राव के भाई; सोनिया गांधी को भी घेरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद अंत्येष्टि और स्मारक को लेकर राजनीति शुरू हो गई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बीजेपी पूर्व प्रधानमंत्री का अपमान कर रही है। जिस तरह अटल बिहारी वाजपेयी का अंतिम संस्कार हुआ था उसी तरह मनमोहन सिंह का भी जहां अंतिम संस्कार हो, वहीं स्मारक बनना चाहिए। इसपर लोगों को पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की याद आ गई कि किस तरह से उन्हें दिल्ली में अंतिम संस्कार नहीं करने दिया गया। यहां तक कि उनके पार्थिव शरीर के लिए कांग्रेस मुख्यालय के दरवाजे भी बंद कर दिए गए। इसी को लेकर पीवी नरसिम्हा राव के भाई मनोहर राव ने कांग्रेस और सोनिया गांधी दोनों को घेरा है।



मनोहर राव ने कहा, पीवी नरसिम्हा के लिए सोनिया गांधी भी नहीं पहुंची। कांग्रेस के प्रधानमंत्री का निधन हो गया और वे हैदराबाद भी नहीं आ सके। उन्हें सोचना चाहिए कि पहले खुद को सुधार लें। निगम बोध घाट में किसी का भी अंतिम संस्कार हो सकता है। आप लोगों ने पीवी नरसिम्हा राव की एक प्रतिमा तक नहीं लगाई। इतने साल सत्ता मेंरहकर भी भारत रत्न नहीं दे पाए। आपने पूर्व प्रधानंत्री को क्या सम्मान दिया क्या सम्मान किया। आप बोल रहे हैं कि मनमोहन सिंह का यह नहीं हुआ, वह नहीं हुआ। जो हुआ अच्छा हुआ। उनकी कुछ प्रक्रिया है। वे ट्रस्ट वगैरह बनाकर देंगे।

उन्होंने कहा, इतने प्रधानमंत्री मरे लेकिन उन लोगों का नाम ही दिल्ली में नहीं है। मोदी ने प्रधानमंत्रियों को सम्मान दिया और एक ही जगह संग्रहालय बना दिया। इतनी जमीन दी। वहीं मनमोहन सिंह को भी जगह मिलेगी। आप प्रक्रिया तो पूरी करें। कांग्रेस वालों को यह अच्छा है या यह बुरा है। लेकिन हम तो सब देख रहे हैं। मोदी इसपर कुछ नहीं बोल रहे हैं और वह भारत के विकास के लिए काम कर रहे हैं। हमारे भाई कांग्रेस में थे और हम भी कांग्रेस में हैं। मोदी जी ने उन्हें भारत रत्न दिया। मनोहर राव ने कहा, दिल्ली में मनमोहन सिंह को हमने एक कार्यक्रम में बुलाया था। हमने उन्हें पीवी नरसिम्हा राव सम्मान दिया। इन्हें गोल्ड मेडल दिया गया। मनमोहन सिंह के साथ हमारा बहुत नजदीक का रिश्ता था। हमारी बातचीत भी होती थी। हमको उनसे कोई दिक्कत नहीं है। 10 साल उन्होंने काम किया लेकिन उनके हाथ में कुछ नहीं था। वह स्वतंत्र होकर काम नहीं कर पाए। मनमोहन सिंह बहुत पढ़े लिखे शख्स थे। कांग्रेस वालों ने तो मुख्यालय का दरवाजा तक नहीं खोला था। इससे ज्यादा अपमान क्या हो सकता है। जो कुछ हुआ था उसपर मैंने दुख प्रकट किया है।

मनोहर राव ने कहा, मनमोहन सिंह के निधन पर मुझे गहरा दुख है। वह 10 साल प्रधानमंत्री थे। उससे पहले पीवी नरसिम्हा राव की कैबिनेट में वित्त मंत्री थे। उस वक्त उन्हें फ्री हैंड देकर वित्त मंत्री बनाया गया था। मनमोहन सिंह जी उस जमाने में उस जमाने में बहुत परिवर्तन लाए थे। उन्होंने हिम्मत से काम किया। प्रधानमंत्री और मनमोहन सिंह जी ने गुरु शिष्य की तरह काम किया। उस जमाने में और आज में जमीन आसमान का फर्क है।

## न्यू ईयर पार्टी करने को बने लुटेरे, नोएडा में कारोबारी के घर लूटपाट करने वाले 4 बदमाशों का एनकाउंटर

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-30 स्थित कारोबारी के घर में परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले चारों बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में गोली लगने से चारों बदमाश घायल हो गए। आरोपियों के कब्जे से दो लाख पांच हजार रुपये नकद, चार तमंचा, एक फूड डिलीवरी कंपनी का ई-रिक्शा, स्कूटी और बाइक समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। आरोपियों ने नए साल पर पार्टी करने के लिए इस लूटकांड को अंजाम दिया था। डीसीपी नोएडा ने इस मामले का पर्दाफाश करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया है। डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात बदमाशों की सूचा पर पुलिस ने डीएलएफ तिराहे पर चेकिंग शुरू की। जैसे ही बदमाशों ने पुलिस को देखा, वे नाले की तरफ अंधेरे में भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने घिरने पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस की ओर से जवाबी कार्रवाई में चारों बदमाश घायल हो गए। घायल बदमाशों की पहचान अनस, एजाज और समीर और शाहनवाज के रूप में हुई है। पूछताछ में घायल बदमाशों ने बताया कि नए साल के जश्न पर पार्टी करने के लिए उन्हें पैसों की जरूरत थी। अनस ने इसके लिए बड़ी वारदात करने की ठानी और योजना के बारे में अपने अन्य साथियों को बताया। चारों ने रेकी के बाद सेक्टर-30 स्थित उद्योगपति अमरदीप के घर को चुना। चारों ने 23 दिसंबर को फूड डिलीवरी कंपनी का ई-रिक्शा चोरी कर लिया और उसी से तीनों कारोबारी के घर के पास गए। एजाज और सलीम ई-रिक्शे के बॉक्स के अंदर थे। बदमाशों ने बताया कि उनकी योजना कारोबारी के घर चोरी करने की थी और घर में घुसने के लिए उन्हें परिवार के एक सदस्य के बाहर जाने के दौरान लॉक पर स्टॉपर लगाने के कारण गेट भी खुला मिल गया। जब वारदात के लिए एजाज, अनस और शाहनवाज अंदर गए तो एक युवती जगी हुई मिली। तीनों बदमाशों को भाई का दोस्त समझा। बाद में बदमाश उसे गन पॉइंट पर लेकर पहली मंजिल पर चले गए। जहां परिवार के अन्य लोगों को हथियार दिखाकर बंधक बना लिया गया।

## गाजियाबाद में 61 सोसाइटियों और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स को नोटिस, भूजल दोहन पर होगा ऐक्शन

**गाजियाबाद एजेंसी।**
भूगर्भ जल विभाग ने जल दोहन करने पर गाजियाबाद की 61 सोसाइटियों और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स को नोटिस जारी किया है। एक महीने के अंदर जवाब नहीं देने पर विभाग बोरवेल को सील कर जुर्माने लगाएगा। शहर के आधे से भी कम इलाकों में गंगाजल या भूजल की आपूर्ति की जाती है। बाकी इलाकों में रहने वाले लोग बोरवेल लगाकर भूजल निकालते हैं, जोकि गैरकानूनी है। गाजियाबाद डार्क जोन में है और यहां भूजल निकालने के लिए भूगर्भ जल विभाग से एनओसी लेना जरूरी है। एनओसी लेने वाली फर्म को जमीन से निकाले गए पानी की मात्रा के बराबर ही भूजल रिचार्ज करना होता है। जटिल प्रक्रियाओं के कारण काफी संख्या में लोग विभाग से बिना एनओसी लिए ही बड़े बोरवेल से जल का दोहन कर उसका उपयोग करते हैं।

अधिकारियों के अनुसार, 76 स्थानों पर भूजल दोहन करने की शिकायत मिली थी। जांच करने पर 61 जगह भूजल दोहन की पुष्टि हुई। इस मामले में सभी को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के बाद अगर सोसाइटी और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के मालिक एनओसी के लिए आवेदन नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

राजनगर एक्सटेंशन और क्रॉसिंग रिपब्लिक में 100 से ज्यादा सोसाइटी हैं, जिसमें लाखों लोग रहते हैं। इन क्षेत्रों की बसावट को एक दशक से अधिक समय हो गया, लेकिन आज तक इन सोसाइटियों में गंगाजल की सप्लाई नहीं पहुंची है। लोग पानी की जरूरत पूरी करने के लिए जमीन से निकले पानी का प्रयोग करते हैं। सोसाइटी के लोग कई बार गंगाजल की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक इसकी सुविधा नहीं मिली। सचिन त्यागी, अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन सोसाइटीज ने कहा, दस साल से हम जीडीए से गंगाजल की मांग कर रहे हैं। राजनगर एक्सटेंशन में लगभग 65 सोसाइटी हैं। मजबूरी में लोगों को भूजल का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। इससे जलस्तर भी नीचे तक जा चुका है। उज्ज्वल मिश्रा, अध्यक्ष, क्रॉसिंग रिपब्लिक फेडरेशन ने कहा, 2010 से क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में लोग रह रहे हैं। यहां 29 सोसाइटी हैं और हर सोसाइटी में भूजल का ही इस्तेमाल हो रहा है।

## पुणे में भाजपा सांसद ने हरे रंग की दीवार को बनाया 'भगवा'; जमकर हो रहा बवाल

**पुणे, एजेंसी।**
बीजेपी सांसद मेधा कुलकर्णी ने महाराष्ट्र में नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। मेधा कुलकर्णी ने बीते शनिवार पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर शहर में एक हरे रंग की दीवार को भगवा रंग से पेंट कर दिया। इसके बाद राजनीतिक गलियारों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। भाजपा सांसद के इस कदम पर विपक्षी दल हमलावर हो गए हैं। वहीं भाजपा की राज्यसभा सांसद मेधा कुलकर्णी ने दीवार को रंगने के पीछे यह तर्क दिया है कि दीवार को जान-बूझ कर हरा कर दिया गया था जो एक साजिश का हिस्सा है।



ममता कुलकर्णी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर इस बात की जानकारी साझा की थी। उन्होंने इस पोस्ट के साथ दीवार को रंगने की कुछ तस्वीरें भी शेयर की। उन्होंने पोस्ट में लिखा, कल एक व्हाट्सएप मैसेज वायरल हुआ कि सदाशिव पेठ में ज्ञानप्रबोधिनी स्कूल के बगल वाली गली को हरे रंग से रंगा गया है और वहां माला, फूल और अगरबत्ती जलाई गई है। मैं आज इसकी जांच करने गई थी। मैंने संग्राम ढोले पाटिल, संकेत मेहंदले, यशपाल जाधव की के साथ मिलकर दीवार को भगवा बनाया। हरे रंग पर भगवा रंग लगाना मजेदार था।

भाजपा सांसद ने इसे एक साजिश का हिस्सा बताते हुए कहा, सिर्फ पुणे में ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र सहित कई अन्य जगहों पर भी हाल ही में इस प्रकार की गतिविधियां बढ़ी हैं। ये स्थान पहले आकार में छोटे थे, बाद में अचानक इन पर कब्जा कर लिया गया। आइए हम सतर्क रहें। उन्होंने आगे कहा, मेरा सभी से एक ही अनुरोध है एक जागरूक हिंदू के रूप में आइए हम अपने आस-पास जो हो रहा है उस पर ध्यान दें और एक्शन लें। इसके साथ उन्होंने अपना फोन नंबर भी साझा किया।

मेधा कुलकर्णी के इस ट्वीट के सामने आने के बाद काफी हंगामा हुआ। उद्धव सेना ने इस कदम पर कई सवाल उठाए और इसे बचकाना बताया। शिवसेना (यूबीटी) की सुषमा अंधारे ने भाजपा की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाए हैं। अंधारे ने पूछा, क्या पुणे में भाजपा कार्यकर्ताओं या मेधा कुलकर्णी ने महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों के लिए वैसी ही चिंता दिखाई, जैसी उन्होंने दीवार पर पेंटिंग करने के लिए दिखाई? सुषमा अंधारे ने कहा, अगर जनप्रतिनिधि ऐसी बचकानी हरकतें करना चाहते हैं तो उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए और धार्मिक कार्यों पर ध्यान देना चाहिए।

## चीन ने दुनिया की सबसे तेज ट्रेन चलाई, रफ्तार 450 किमी प्रतिघंटा

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने रविवार को दुनिया की सबसे तेज हाई स्पीड बुलेट ट्रेन का नए मॉडल पेश किया. इस ट्रेन को लेकर ट्रेन के निर्माता ने दावा किया कि ट्रायल के दौरान इस ट्रेन की स्पीड 450 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक गई. इसके साथ ही यह ट्रेन दुनिया की सबसे तेज हाई स्पीड ट्रेन बन गई है. इस संबंध में चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप कंपनी (चाइना रेलवे) के मुताबिक सीआर450 प्रोटोटाइप के रूप में इस नए मॉडल से लोगों को यात्रा में कम समय लगेगा साथ ही कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा. फलस्वरूप यात्रियों के सफर और अधिक सुविधाजनक हो जाएगा.




साथ ही सरकारी मीडिया ने बताया कि ट्रायल के दौरान सीआर450 प्रोटोटाइप की स्पीड 450 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई है. वहीं सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के समाचार में बताया गया है कि यह वर्तमान में सेवा में मौजूद सीआर450 फक्सिंग हाई स्पीड रेल से काफी अधिक है, जो 350 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलती है. नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चीन के परिचालन फक्सिंग हाई स्पीड रेल ट्रैक लगभग 47,000 किलोमीटर तक पहुंच चुके हैं, जो देश के प्रमुख शहरों को जोड़ते हैं. चीन का कहना है कि हाई स्पीड रेल नेटवर्क विस्तार ने देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे यात्रा का समय कम हुआ है और रेलवे मार्गों पर औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिला है. आंतरिक सर्वेक्षणों के अनुसार, बीजिंग-शंघाई ट्रेन सेवा सबसे अधिक लाभदायक थी, जबकि अन्य शहरों में नेटवर्क अभी तक आकर्षक नहीं बन पाए हैं. हाल के वर्षों में, चीन के हाई स्पीड रेल ने थाईलैंड और इंडोनेशिया में अपने नेटवर्क का निर्यात किया और सर्बिया में बेलग्रेड-नोवी सैड हाई स्पीड रेल का निर्माण किया.

## एलन मस्क ने अमेरिका में एच-1बी वीजा कार्यक्रम पर फिर उठाए सवाल; बोले- इसमें बड़े सुधार की जरूरत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** एच-1 बी वीजा कार्यक्रम पर अरबपति टेक दिग्गज एलन मस्क ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली अव्यवस्थित है। इसमें बड़े सुधार की जरूरत है। एलन मस्क और भारतीय मूल के राजनेता विवेक रामास्वामी लगातार एच-1बी वीजा का समर्थन कर रहे हैं। इसे लेकर दोनों नेता नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों से भी भिड़ चुके हैं।

एक्स पर पोस्ट में एलन मस्क ने कहा कि एच-1 बी वीजा प्रणाली अव्यवस्थित है और इसमें बड़े सुधार की जरूरत है। एक एक्स यूजर ने लिखा था कि अमेरिका को विश्व की सर्वाधिक विशिष्ट प्रतिभाओं के लिए गंतव्य बनना चाहिए, मगर एच-1 बी वीजा कार्यक्रम इसका सही तरीका नहीं है। इसके जवाब में मस्क ने लिखा कि न्यूनतम वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि करके और वार्षिक जरूरी लागत जोड़कर एच-1 बी वीजा को ठीक किया जा सकता है। जिससे घरेलू स्तर की तुलना में विदेशों से भर्ती करना अधिक महंगा हो जाएगा। पिछले सप्ताह मस्क ने कहा था कि



अमेरिका में काफी कम उच्च प्रशिक्षित कर्मचारी होते हैं और अगर अमेरिका को आगे भी तरक्की करते रहना है तो विदेशों से कुशल कर्मचारियों को लाना बेहद जरूरी है। मस्क के समर्थन में भारतीय मूल के राजनेता विवेक रामास्वामी ने कहा था कि अमेरिका की संस्कृति लंबे समय से उत्कृष्टता को छोड़कर सिर्फ औसत दर्जे को महत्व देती है। उन्होंने कहा था कि टेक कंपनियां अधिकतर विदेश में जन्मे इंजीनियरों को भर्ती करती हैं, इसलिए नहीं क्यों अमेरिका में बुद्धिमता की कोई कमी है, बल्कि ऐसी संस्कृति की वजह से जिसमें मैथ्स ओलंपियाड चैंपियन के ऊपर प्रॉम क्वीन ज्यादा सेलिब्रेट किया जाता है।

## अल्पसंख्यकों की रक्षा में मदद करें डोनाल्ड ट्रंप, बांग्लादेशी अमेरिकी हिंदुओ ने ट्रंप से किया आग्रह



**वाशिंगटन, एजेंसी।**
बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के साथ शुरू हुई हिंसा ने बांग्लादेश की राजनीति पूरी तरह से बदल दी। इसी बीच बांग्लादेश में बढ़ते धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार की खबरों को देखते हुए बांग्लादेशी अमेरिकी हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों के एक गठबंधन ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ज्ञापन भेजा है। इसमें समूह ने ट्रंप से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों की रक्षा में मदद करने का आग्रह किया है। समूह ने ट्रम्प से संत चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया, जिन्हें देशद्रोह के आरोप में गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि इस्कॉन नेता चिन्मय दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने बांग्लादेश के झंडे का अपमान किया था। चटगांव की अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी और उन्हें जेल भेज दिया। इस मामले की सुनवाई 2 जनवरी, 2025 को होगी।

गठबंधन ने ट्रम्प को एक ज्ञापन भेजकर बांग्लादेश की संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भागीदारी को उस देश में जातीय और धार्मिक उत्पीड़न की समाप्ति से जोड़ने का सुझाव दिया। ज्ञापन में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा के लिए एक व्यापक अल्पसंख्यक संरक्षण अधिनियम बनाने की भी सिफारिश की गई है।

## तालिबान ने घरों में खिड़कियां बनाने पर रोक लगाई

### कहा- जहां से महिलाएं दिखें वहां खिड़कियां न बनाएं, मौजूदा को ईंटों से बंद करें

**काबुल, एजेंसी।**
अफगानिस्तान में तालिबान सरकार आने के बाद से महिलाओं पर लगातार कई तरह के प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। शनिवार को भी तालिबान ने आदेश जारी कर घरेलू इमारतों में उन जगहों पर खिड़कियां बनाने पर बैन लगा दिया, जहां से महिलाओं के नजर आने की संभावना हो। उन्होंने इसके पीछे अश्लीलता रोकने के हवाला दिया गया।



तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने शनिवार को जारी बयान में कहा- नई इमारतों में ऐसी खिड़कियां नहीं होनी चाहिए जिनसे आंगन, रसोई, पड़ोसी का कुआं और आमतौर पर महिलाओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अन्य जगहों को देखा जा सके। तालिबानी प्रवक्ता के अनुसार महिलाओं को रसोई में, आंगन में या कुओं से पानी भरते हुए देखना अश्लीलता को जन्म दे सकता है।

अफगानिस्तान में नगर निगम अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वो नई बन रही इमारतों पर नजर रखें। इससे यह तय किया जाएगा कि इन इमारतों में ऐसी खिड़कियां न बनाई जा सकें जिनसे पड़ोसी के घर में झांक सकें। आदेश में कहा गया है कि अगर ऐसी खिड़कियां पहले से मौजूद हैं, तो मकान मलिकों को इनके सामने ईंटों की दीवार बनाने के लिए कहा जाएगा।

महिलाओं के खिलाफ लगातार जारी कर रहे तुगलकी फरमान तालिबान अफगानिस्तान की हुकूमत में वापसी के बाद से लगातार महिलाओं के खिलाफ तुगलकी फरमान जारी कर रहा है। इससे पहले इसी महीने तालिबान ने अफगानिस्तान में महिलाओं की नर्सिंग की ट्रेनिंग पर बैन लगा दिया था। इसके पीछे की वजह भी नहीं बताई गई थी। वही इसी साल अगस्त में अफगान महिलाओं के सार्वजनिक रूप से बोलने और चेहरा दिखाने पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही कहा गया था कि महिलाएं बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। इसके अलावा तालिबान ने महिलाओं के खेलों में भाग लेने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

अफगानिस्तान में लागू है शरिया कानून तालिबान ने 2021 में तख्तापलट करने के बाद हुकूमत पर कंट्रोल कर लिया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129